राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 325
लखनऊ, सोमवार 27 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाइक चोरी करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा 10

सरकार शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए संवेदनशील : ब्रजेश 03

परीक्षा सुधार की पहल

# मोदी ने बनाई हाई पावर्ड टास्क फोर्स

## नंदन नीलेकणि को सौंपी गई कमान, तकनीक आधारित पारदर्शी परीक्षा प्रणाली पर होगा काम

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों को लेकर रविवार को बड़ा एलान करते हुए नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में हाई पावर्ड टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पेपर लीक के आरोपियों को जेल भेजा गया है, फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए गए हैं और सरकार कड़े कानूनी प्रावधानों वाला नया कानून भी ला रही है।

- पेपर लीक पर कड़ी कार्रवाई जारी
- पीएम ने कहा, कड़े प्रवधान ला रही है सरकार

उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की यह समिति परीक्षा प्रणाली की खामियों की समीक्षा कर सुधारों का रोडमैप तैयार करेगी। इसकी सिफारिशों के आधार पर एनटीए सहित परीक्षा तंत्र में तकनीकी और संस्थागत बदलाव किए जाएंगे।

टास्क फोर्स में नंदन नीलेकणि के साथ इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ, आईबी के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामाकोटी, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा शामिल हैं।

### कौन हैं नंदन नीलेकणि, जिन्हें मिली परीक्षा सुधारों की जिम्मेदारी



केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए गठित हाई पावर्ड टास्क फोर्स की कमान इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि को सौंपी है। सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। नीलेकणि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पहले अध्यक्ष रहे हैं और आधार परियोजना का नेतृत्व कर चुके हैं। डिजिटल इंडिया और तकनीक आधारित सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार का मानना है कि उनके नेतृत्व में टास्क फोर्स परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने का रोडमैप तैयार करेगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर एनटीए सहित देश की परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार लागू किए जाएंगे।

### कमेटी का क्या है लक्ष्य?

- परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना।
- पेपर लीक और परीक्षा में धांधली रोकने के लिए तकनीकी समाधान सुझाना। पादर्शिता के लिए तकनीकि पर फोकस रहेगा।
- एनटीए सहित सभी प्रमुख परीक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना।
- परीक्षा संचालन, प्रश्नपत्र सुरक्षा और मूल्यांकन प्रणाली में संरचनात्मक सुधार की सिफारिश करना।
- डिजिटल और एआई आधारित निगरानी तंत्र विकसित करने का रोडमैप तैयार करना।
- परीक्षा प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के उपाय सुझाना। अपनी रिपोर्ट के आधार पर सरकार को व्यावहारिक और दीर्घकालिक
- सुधारों की सिफारिश देना, जिन्हें लागू कर परीक्षा व्यवस्था में छात्रों का भरोसा मजबूत किया जा सके।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

भारतीय मनीषा एवं सनातन संस्कृति में गुरु को साक्षात् परम ब्रह्म माना गया है। विक्रम संवत् 2083 की आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा (29 जुलाई, 2026) को **गुरु पूर्णिमा** का पावन पर्व हम सबके लिए गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर है।

सनातन परंपरा में यह पर्व महर्षि वेदव्यास की स्मृति में **'व्यास पूर्णिमा'** के रूप में मनाया जाता है। बौद्ध परंपरा में यह भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश और धर्मचक्र प्रवर्तन का स्मृति-दिवस है। जैन परंपरा में इसका संबंध गौतम स्वामी के ज्ञान-दीक्षा प्रसंग से है। सिख परंपरा में भी गुरु-वाणी सर्वोपरि है। इसीलिए **गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा एवं आध्यात्मिक चेतना का सार्वकालिक उत्सव है।**


प्रभु श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ से ज्ञान और संस्कार प्राप्त कर आदर्श जीवन की मर्यादाओं को आत्मसात किया। भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में रहकर ज्ञान प्राप्त किया। कठोपनिषद् में नचिकेता ने यमराज के समक्ष क्षणिक सुख और वैभव का नहीं, अपितु 'श्रेय' अर्थात् सत्य एवं आत्मज्ञान का मार्ग चुना।

जहां गुरु का सम्मान होता है, वही समाज उन्नति करता है। इसी भावना के अनुरूप **हमारी सरकार ने विगत नौ वर्षों में शिक्षक सम्मान एवं उनके सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।** पारदर्शी भर्ती, समयबद्ध सेवा-सुविधाएं, आधुनिक डिजिटल संसाधन तथा निरंतर क्षमता संवर्धन सुनिश्चित कर हमने अपने गुरुजनों को ऐसा समर्थ परिवेश देने का प्रयास किया है, जहां वे ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की अपनी भूमिका का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

शिक्षकों का सम्मान और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसी उद्देश्य से **'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना'** आरंभ की गई है। इसका लाभ बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े प्रदेश के **60 लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं उनके आश्रित परिजन** प्राप्त कर रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग के राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के **7.50 लाख से अधिक शिक्षकों तथा उनके आश्रित परिजनों** को भी इसकी परिधि में लाया गया है तथा शीघ्र ही **2.50 लाख से अधिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं उनके आश्रित परिजन** भी इस योजना से लाभान्वित होंगे। साथ ही, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को **सामाजिक सुरक्षा बीमा कवर** भी प्रदान किया जा रहा है।

वास्तव में, गुरु शिक्षा ही नहीं देते, जीवन को दिशा भी देते हैं। गुरु स्वयं ज्ञान का आलोक हैं, जो शिष्य को अज्ञानरूपी तम से निकालकर सत्य, संस्कार और प्रकाश के पथ पर अग्रसर करते हैं। **मेरा आप सबसे विशेष आग्रह है कि अपने गुरुजनों का सदैव स्मरण रखें। उनके दिए आदर्शों को जीवन में उतारें। इससे आपका विकास सुनिश्चित होगा तथा विकसित प्रदेश का मार्ग भी तभी प्रशस्त होगा।**

आपका
योगी आदित्यनाथ



स्वस्थ शिक्षक सशक्त प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# योगी ने शुरू की शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना

## प्रदेश के उच्च शिक्षा के 1.28 लाख शिक्षकों सहित 10 लाख को मिलेगी सुविधा

- आगरा में मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का किया शुभारंभ

आगरा, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आगरा प्रवास के दूसरे दिन रविवार को आगरा विश्वविद्यालय के खंदारी परिषद स्थित शिवाजी मंडपम ऑडिटोरियम में पहुंचकर विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना के साथ साथ वृहद बीमा सुरक्षा योजना को लांच किया इससे पहले खंदारी परिसर पहुंचने के उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उन्नति और विकास तथा सामाजिक योगदान विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति आशु कुमारी से भी कुछ विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में जिलों में सजीव प्रसारण देखा गया।

इस कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस योजना से विश्वविद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट कॉलेज के करीब 1.28 लाख शिक्षकों को और उनके पारिवारिक जनों को लाभ मिलेगा जिसमें करीब 10 लाख लोगों के कवर होने का अनुमान है। इस योजना के तहत हर पात्र परिवार को हर साल 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी, इस कार्ड के माध्यम से सभी गंभीर बीमारियों सहित 1900 से भी ज्यादा बीमारियों का इलाज पैकेज में मिलेगा इस योजना में भी आयुष्मान भारत जैसी दरें ही लागू है।

### कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा : योगी

**मैनपुरी।** सीएम योगी ने रविवार को मैनपुरी में 682 करोड़ रुपये से अधिक की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला।
उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में कांवड़ यात्रा और जन्माष्टमी जैसे धार्मिक आयोजनों पर रोक लगाने की कोशिश होती थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश उत्सव प्रदेश बन चुका है।
मुख्यमंत्री ने कहा, अब कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की केसरिया और भगवा कपड़ों से जन्मजात दुश्मनी रही है।

### मुलायम सिंह का सपना भाजपा ने किया पूरा : सीएम

**इटावा।** सीएम योगी ने रविवार को सैफई मेडिकल संस्थान का जिक्र करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सैफई ग्रामीण आयुर्विज्ञान संस्थान बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन पांच वर्ष तक सीएम रहने के बावजूद अखिलेश यादव उसे आगे नहीं बढ़ा सके। भाजपा सरकार ने 490 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक पूरा कराया, जबकि 232 करोड़ रुपये की लागत से 300 बेड का गायनी ब्लॉक भी बनवाया, जिससे संस्थान तेजी से विकसित हो रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इटावा, जसवंतनगर एवं भरथना विधानसभा क्षेत्र में 604 करोड रुपए की 128 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

### पदभार संभालते ही एक्शन में आए केंद्रीय शिक्षा मंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद प्रह्लाद जोशी ने मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं, लंबित मामलों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन और छात्र आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में प्रह्लाद जोशी को नया केंद्रीय शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया। शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पहले ही दिन वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर यह संकेत दिया है कि मंत्रालय की प्राथमिक योजनाओं और नीतिगत कार्यों को गति देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# अमेरिका ने रोके ईरान पर हमले, जवाबी हमले भी थमे

एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच कूटनीतिक समाधान की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित वार्ता के लिए सैन्य कार्रवाई पर फिलहाल विराम लगाया है, ताकि बातचीत को आगे बढ़ाने का अवसर मिले। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप बातचीत के लिए कुछ समय और अवसर देना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि संभावित वार्ता किस स्तर या किन मुद्दों पर हो रही है। इस बीच ईरान की तरफ से भी जवाबी कार्रवाई थम गई है। पूरी दुनिया की नजर घटनाक्रम पर है।

### ब्लैक सी में भारतीयों की मौत के बाद अलर्ट



**नई दिल्ली।** ब्लैक सी (काला सागर) क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत के बाद केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए अहम एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे संघर्ष प्रभावित समुद्री क्षेत्रों, विशेषकर ब्लैक सी और उसके आसपास के इलाकों में नौकरी स्वीकार करने से पहले सुरक्षा स्थिति का गंभीरता से आकलन करें। विदेश मंत्रालय ने जारी परामर्श में कहा कि काला सागर और उससे जुड़े समुद्री क्षेत्रों में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षा हालात बेहद अस्थिर बने हुए हैं।

# सन्नाटे में भी गूंज रहे नारे... जंतर-मंतर फिर सामान्य

एजेंसी, नई दिल्ली।



एक महीने तक छात्र आंदोलन का केंद्र रहे जंतर-मंतर पर रविवार को फिर शांति लौट आई। जहां कल तक हजारों युवा परीक्षा में धांधली, पेपर लीक और रोजगार के मुद्दों पर आवाज बुलंद कर रहे थे, वहां अब सिर्फ सफाईकर्मी, चौकस सुरक्षाकर्मी और आंदोलन के बचे निशान दिखाई दे रहे हैं।

आंदोलन समाप्त होने के बाद प्रशासन ने बैरिकेड हटाने और रास्तों को सामान्य करने का काम तेज कर दिया है। टूटे डिवाइडर, उखड़ी टाइलें, क्षतिग्रस्त पौधे और दीवारों पर लिखे नारे मिटाने का काम जारी है। सफाईकर्मी पूरे इलाके को पहले जैसा स्वरूप देने में जुटे हैं। आसपास की दुकानें खुल चुकी हैं, लेकिन भीड़ अब छंट गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और आंदोलन वापस लेने की घोषणा के बाद प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट चुके हैं। फिर भी कुछ युवा जंतर-मंतर पहुंचकर उस जगह को देख रहे हैं, जहां उन्होंने अपनी पीढ़ी की आवाज बुलंद की थी। एक छात्र ने कहा, जगह खाली है, लेकिन लगता है कि हम अपनी बात देश तक पहुंचाकर गए हैं। जंतर-मंतर अब फिर सामान्य दिख रहा है, लेकिन यह आंदोलन नई पीढ़ी की उस लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के रूप में याद रखा जाएगा, जिसने बिना किसी बड़े राजनीतिक नेतृत्व के अपनी मांगों को राष्ट्रीय बहस का विषय बना दिया। यहां पसरा सन्नाटा भी उन नारों की गूंज का एहसास कराता है, जो लंबे समय तक याद किए जाएंगे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड में प्रदेश सरकार

- अतिरिक्त बसों से लेकर 24 घंटे निगरानी तक पूरी तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाली श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कांवड़ यात्रियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। साथ ही इस दौरान निगरानी के लिए 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम की बसों के सुरक्षित संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने रविवार को कहा कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय पर 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम कांवड़ यात्रा शुरू होने से लेकर उसके समापन तक लगातार कार्य करेगा व सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे प्रमुख मार्गों पर भी आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी।

क्षेत्रीय प्रबंधकों को मंडलायुक्त और जिलाधिकारी की बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर रूट डायवर्जन और अन्य व्यवस्थाओं का पालन कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी रूट डायवर्जन प्लान की जानकारी सभी संबंधित क्षेत्रों तक तत्काल पहुंचाई जाएगी। इसके लिए व्हॉट्सएप ग्रुप, दूरभाष और अन्य संचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा ताकि बस संचालन प्रभावित न हो।

परिवहन मंत्री ने अधिकारियों व कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने, हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निगम की बसों के कारण कांवड़ यात्रा किसी भी स्थिति में बाधित न हो।

# पाकिस्तान से बातचीत केवल पीओके पर होगी : राजनाथ

एजेंसी, द्रास।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखाया है कि आतंकवाद के जरिए भारत को धमकाने की कोशिश करने वालों का क्या हश्र होगा। सिंह ने यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का ऐसे तरीके से जवाब देने में सक्षम है जो उसकी कल्पना से भी परे है।

सिंह ने यहां कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर कारगिल युद्ध स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान की आलोचना की और कहा कि उसने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति का हिस्सा बना लिया है। पाकिस्तान के साथ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं होगी, जो कि भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। रक्षा मंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत को भारत माता के मुकुट में जड़ा हीरा बताया।

मिशन 2027

## संसद में हो रही सियासत पर सबकी नजर 2027 पर अटकी

# भाजपा-विपक्ष ने बदली चुनावी बिसात, हर मुद्दे के पीछे छिपा सियासी दांव

नई दिल्ली/लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

सदन से सड़क तक तेज हुई राजनीतिक जंग

संसद के मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ता टकराव केवल मौजूदा मुद्दों तक सीमित नहीं दिख रहा। राजनीतिक गलियारों में इसे 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षा, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, सामाजिक न्याय और विकास जैसे मुद्दों पर जिस तरह भाजपा और विपक्ष आमने-सामने हैं, उससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि दोनों पक्षों ने चुनावी नैरेटिव गढ़ना शुरू कर दिया है।

भाजपा संसद के भीतर विपक्ष को बहस से भागने वाला बताकर खुद को जवाबदेह सरकार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सरकार को युवाओं, किसानों और रोजगार जैसे मुद्दों पर घेरकर जनाक्रोश को राजनीतिक समर्थन में बदलने की रणनीति पर काम कर रही हैं। हाल के छात्र आंदोलनों और विपक्षी प्रदर्शनों को भी इसी व्यापक राजनीतिक अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटें राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि संसद में उठने वाले कई मुद्दों का राजनीतिक केंद्र भी उत्तर प्रदेश बनता दिखाई दे रहा है। भाजपा का जोर अपने विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं पर है, जबकि विपक्ष जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 का चुनाव केवल सरकार बनाने की लड़ाई नहीं होगा, बल्कि यह नैरेटिव की भी लड़ाई होगी। इसलिए संसद में होने वाली बहस, सड़क पर होने वाले आंदोलन और सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान– तीनों को चुनावी रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

फिलहाल भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सरकारी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में जुटी है। वहीं समाजवादी पार्टी अपने पारंपरिक सामाजिक समीकरण को नए मुद्दों के साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस भी छात्र, युवा और सामाजिक न्याय के मुद्दों के जरिए अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

आने वाले महीनों में संसद के भीतर उठने वाले मुद्दे और राज्यों में होने वाले राजनीतिक कार्यक्रम इस बात के संकेत देंगे कि 2027 का चुनाव किन मुद्दों पर लड़ा जाएगा। इतना तय है कि दिल्ली की संसद में उठने वाली आवाज अब सीधे उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान तक पहुंच रही है और 2027 की बिसात पर हर राजनीतिक चाल सोच-समझकर चली जा रही है।

# नाबालिग बेटे ने पिता को गड़ासे से काटा

- आराम करने के दौरान किया हमला
- हालत गंभीर, इलाज जारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



### विकलांग पिता पर किये कई वार

जब विशन लाल अपने खेत में आराम कर रहे थे तभी उनका बड़ा बेटा देवराज घर से गड़ासा लेकर आया और अपने विकलांग पिता पर कई बार हमला कर के घायल कर दिया।

### चर्चा का विषय बना हमला

दस साल के मासूम बेटे देवराज चौहान ने अपने पिता पर को किए हमले की घटना से पूरे जिले गांव में चर्चा का विषय बन गया।

### बचपन में ही छोड़ गई मां

विशन लाल की पत्नी सुनीता ने अपने पति को इस लिए छोड़ दिया कि वह विकलांग है । विशन लाल अकेले दोनों बच्चों की परवरिश कर रहा था। दोनों बच्चे अभी बहुत छोटे है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेसिया चैन गांव में एक दर्द नाक घटना रविवार की दोपहर में हुआ जब एक 10 वर्षीय मासूम बेटे ने अपने विकलांग पिता पर उस समय हमला कर दिया जब वे एक आम के पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। तभी उस ने गड़ासे से कई बार चेहरे पर हमला कर घायल कर दिया।

घायल अवस्था में इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हालत गम्भीर बनी हुई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेसिया चैन गांव के निवासी 45 वर्षीय विशन लाल पुत्र शेष राज अपने घर से 300 मीटर दूर स्थित खेत में लगे आम के पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे।

रविवार दोपहर करीब एक बजे उस का बड़ा बेटा देवराज 10 वर्षीय घर के अंदर रखा गड़ासा लेकर आया और आराम कर रहे पिता विशन लाल पर कई बार हमला कर दिया। उस के चिल्लाने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े देव राज के हाथ से गड़ासे को छीन लिया। घायल अवस्था में इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर बताई जा रही है। विशन लाल तीन भाई है। सबसे बड़ा श्याम मनोहर जीवन लाल उस के बाद विशन लाल है। जीवन लाल और उस की पत्नी जंबू में रहते है। वहीं पर मजदूरी करते है। विशन लाल का बड़ा लड़का देवराज अपने चाचा जीवन लाल और चाची सुनीता के साथ जंबू जाने के लिए जिद कर रहा था। जिस को उस के पिता ने मना कर दिया था। उसी से काफी नाराज हो गया था। रविवार की दोपहर में जब उस का पिता अपने खेत में लगा आम के पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। तभी उसने घर में रखे गड़ासे को अपने साथ लेकर गया और गुस्से में कई बार चेहरे पर हमला कर दिया। विशन लाल के दो पुत्र हैं सबसे बड़ा देवराज उससे छोटा अरविंद चौहान है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह पहुंच गए और बालक से पूछताछ किया।

## वरिष्ठ समाजवादी नेता व अधिवक्ता प्रमोद पांडेय का निधन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा जनपद के प्रभावशाली व्यक्तित्व और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद पांडेय का स्वर्गवास हो गया है। वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और अपने जीवन के अंतिम दिनों तक सपा में सक्रिय रहे। प्रमोद पांडेय जी की गिनती गोंडा के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के सम्मानित चेहरों में होती थी। सरल स्वभाव, वकालत और जनसेवा के कारण उन्हें हर वर्ग का स्नेह मिला। उनके निधन की खबर से गोंडा में शोक की लहर है। समर्थकों, अधिवक्ताओं और सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## राघवेंद्र ने नवनियुक्त जिला पंचायत राज अधिकारी का किया स्वागत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में नव नियुक्त जिला पंचायत राज अधिकारी गोवर्धन दास जैन को माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया।

नवनियुक्त जिला पंचायत राज अधिकारी पूर्व में गोंडा में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर कार्यरत थे 30 जून को जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे के सेवानिवृत्ति के बाद जिलाधिकारी गोंडा ने चार्ज दिया था अब पुनः 24 जुलाई को शान द्वारा गोंडा का जिला पंचायत राज अधिकारी के पद का दायित्व निर्वाहन का आदेश जारी कर दिया है शासन से आदेश आते ही श्री गोवर्धन दास जैन ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है उन्होंने संघ को अस्वस्थ किया कि जो जिम्मेदारी शासन से मिली है बखूबी निर्वहन करुंगा कर्मचारी अपना कार्य करें कोई भी समस्या अगर होती है तो प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान किया जाएगा इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ल ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अतुल तिवारी पूर्व महामंत्री शिवराम शुक्ला रामपाल यादव गिरीश कुमार श्रीवास्तव कल्पनाथ तिवारी सभी ने बधाई दिया।

## खबरें एक नजर में

### गोंडा जंक्शन पर शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), अपराध आसूचना शाखा (सीआईबी), टॉपबी टीम और जीआरपी गोंडा की संयुक्त टीम ने गोंडा जंक्शन पर कार्रवाई करते हुए ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 65,000 रुपये बताई गई है। प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ गोंडा अनिरुद्ध राय एवं निरीक्षक सीआईबी उदय राज के नेतृत्व में संयुक्त टीम शुक्रवार को स्टेशन परिसर में गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-2 के पश्चिमी छोर स्थित शौचालय के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गोंडा रेलवे स्टेशन के आसपास ट्रेनों में सो रहे यात्रियों के मोबाइल चोरी करता था और बाद में मजबूरी का बहाना बनाकर उन्हें अन्य लोगों को बेच देता था। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइलों में से एक मोबाइल पहले से जीआरपी गोंडा में दर्ज मुकदमा संख्या 73/26 से संबंधित पाया गया। वहीं, इस मामले में जीआरपी गोंडा ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा संख्या 87/26, धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोटू (25 वर्ष) पुत्र जुम्मन, निवासी ग्राम खंभुआ वीरनापुर, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पहले से भी गोंडा स्टेशन पर रेल यात्रियों के सामान चोरी के दो मामले दर्ज हैं और वह एक शातिर अपराधी है।

### अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान


**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के विरुद्ध मारपीट का तथा उनके पुत्रों के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज था। अनुसूचित जाति की एक महिला ने भी उनके विरुद्ध तहरीर दी थी। मृतक के विरुद्ध दो बार शांति भंग की कार्रवाई भी हो चुकी थी। मरने से पूर्व उन्होंने अपने भाई और भाई की पत्नी को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। डायरी में उन्होंने लिखा है कि इन लोगों की वजह से जनवरी से अब तक वह फर्जी मामलों में दो बार जमानत करा चुके हैं। मृतक के चार बेटे अनिल, सुखदेव, शुभम और सुनील तथा दो बेटियां कुसुम और सुसुम हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मालगाड़ी के आगे कूदकर युवक ने दी जान



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-गोंडा रेलखंड के जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक दर्दनाक घटना में 26 वर्षीय युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद स्टेशन पर परिवार व शुभचिंतकों लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, गोंडा से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी के सामने रवि (26) पुत्र रमेश, निवासी ग्राम पंचायत नकहरा , थाना कर्नलगंज, जनपद गोंडा, ने प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर अचानक छलांग लगा दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उसके पास मिले एक कागज से हुई, जिस पर उसके चाचा महेश का मोबाइल नंबर और नाम लिखा था। सूचना मिलने पर जीआरपी चौकी जरवल रोड के कांस्टेबल राजेश तथा हेड कांस्टेबल आर पी एफ (बुढ़वल) ने दिए गए नंबरों पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन रेलवे स्टेशन पहुंचे और शव की पहचान रवि के रूप में की। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर मिलते ही गांव के लोग भी रेलवे स्टेशन पहुंच गए, जिससे वहां काफी भीड़ एकत्र हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वारिस पंजाब दे संगठन का सदस्य जोगा सिंह गिरफ्तार




बहराइच समृद्धि न्यूज। वारिस पंजाब दे संगठन के सक्रिय सदस्य जोगा सिंह को रूपईडीहा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर एक अमेरिकी नागरिक को बिना वैध वीजा के भारत में अवैध रूप से प्रवेश कराने में सहायता करने का आरोप है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और रूपईडीहा की संयुक्त टीम द्वारा वारिस पंजाब दे के सदस्य विक्रमजीत सिंह और अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह की गिरफ्तारी के बाद हुई है। इन दोनों को फर्जी आधार कार्ड और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करते समय तीन स्थानीय लोगों के साथ पकड़ा गया था।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जोगा सिंह ने संगठन के अन्य सदस्यों और सीमावर्ती स्थानीय लोगों की मदद से अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने में सहायता प्रदान की थी। जोगा सिंह मूल रूप से लुधियाना, पंजाब का निवासी है और वर्तमान में पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र में रह रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जोगा सिंह ने पूछताछ में खुद को वारिस पंजाब दे का सक्रिय सदस्य बताया है। उसने यह भी स्वीकार किया कि वर्ष 2023 में अजनाला कांड के बाद जब वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथी फरार हुए थे, तब जोगा सिंह ने अमृतपाल सिंह को पूरनपुर में शरण दी थी। इस संबंध में जोगा सिंह के खिलाफ पंजाब के थाना मेहतियाना में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं (25(1), 27, 54, 59) और आईपीसी की धाराओं (279, 212, 120B, 201, 109) के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उसे पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## तनाव, असंतुलित खान-पान व व्यायाम की कमी हृदय रोग के मुख्य कारण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




हिंद मेडिकल कालेज हिन्द हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जॉच शिविर नगर पंचायत खरगूपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष ममता रस्तोगी एवं पूर्व अध्यक्ष राजू रस्तोगी के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ शरद श्रीवास्तव,डा राहुल वर्मा, ने 145 लोगों को हृदय, शुगर, बीपी, परामर्श एवं ईसीजी, की जांच निःशुल्क देकर लोगों के हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उन्हें समय पर सही इलाज उपलब्ध कराने के लिए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव लगातार प्रयासरत हैं।

डॉ. पंकज श्रीवास्तव का मानना है कि हृदय रोग केवल शारीरिक समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली गहराई से जुड़ा हुआ है। तनाव, असंतुलित खान-पान और व्यायाम की कमी इसके मुख्य कारण हैं। समय पर जांच और सही परामर्श से हृदय रोग की गंभीरता को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका अमूल्य है, शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को लाभान्वित किया गया है।

उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह ने कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने किया एवं नोडल अधिकारी के रूप में बोलते हुए कहा उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना को धरातल पर उतारा एवं सभी श्रेणी के शिक्षकों को लाभान्वित किया।

उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल प्रदेश के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा यह योजना प्रदेश के लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवार को बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करेगी द्य जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा इस योजना से शिक्षकों का आत्मविश्वास बढ़ा है।

सफल मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ रेखा शर्मा ने कहा कैशलेस चिकित्सा शिक्षकों के जीवन में सुकून, संतोष एवं आत्मविश्वास का भाव बढ़ाएगी। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य नियंता प्रो.अमन चन्द्रा ने किया। कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नीरज कुमार यादव एवं डॉ. आर बी सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। उक्त कार्यक्रम में सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं वित्तविहीन महाविद्यालय के अनुमोदित शिक्षकों को कार्ड वितरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रो.संदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रो अरविंद कुमार शर्मा, प्रो अभय श्रीवास्तव, प्रो जय शंकर तिवारी, डॉ. चमन कौर, डॉ. पुष्यमित्र मिश्रा, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, डॉ. लोहंस कल्याणी, डॉ. शिशिर त्रिपाठी, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. रवि ओझा, डॉ. वन्दना भारतीय, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला, डॉ. हरिराम डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. मनोज मिश्रा सहित विभिन्न महाविद्यालय के सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कांवड़ यात्रा की सुरक्षा का खींचा खाका

- श्रावण मेले से पहले प्रशासन अलर्ट लेकिन जिम्मेदार विभागों की गैरहाजिरी ने उठाए बड़े सवाल
- बिजली, नगर पंचायत और वन विभाग की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए रविवार को मोतीपुर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया, लेकिन दूसरी ओर कई अहम विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों की गैरहाजिरी ने तैयारियों की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा पहुप सिंह ने की, जबकि थानाध्यक्ष ब्रह्मा गोंड, चौकी प्रभारी बलईगांव अनिल यादव चौकी प्रभारी मिहींपुरवा अशोक सिंह, ग्राम प्रधान, समिति पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अफवाह फैलाने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कांवड़ मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, विश्राम स्थलों, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। पुलिस ने सभी समितियों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की।

प्रशासन ने साफ निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान निर्धारित मानकों से अधिक आवाज वाले डीजे सिस्टम की अनुमति नहीं होगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आमजन की सुविधा प्रभावित न हो। हालांकि बैठक का सबसे चर्चित पहलू बिजली विभाग, नगर पंचायत और वन विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने सवाल उठाया कि जब श्रावण मास में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई और मार्ग प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व इन विभागों से जुड़े हैं, तब उनकी गैरमौजूदगी समन्वय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

लोगों ने भविष्य में सभी संबंधित विभागों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की, ताकि व्यवस्थाएं केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर भी प्रभावी रूप से दिखाई दें।

## पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित पुलिस चौकी हरनी बाजार का किया लोकार्पण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

रविवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना कैसरगंज क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी हरनी बाजार का संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा-अर्चना उपरांत फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नई पुलिस चौकी स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित पुलिस सहायता एवं प्रभावी कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस चौकी के संचालन से क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ेगी, आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को शीघ्र सहायता उपलब्ध होगी तथा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने में भी सहायता मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के चौकीदारों को उनके सराहनीय कार्य एवं पुलिस व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया। साथ ही चौकी क्षेत्र से आए ग्रामीणों एवं संभ्रांत नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा पुलिस एवं जनता के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया।

## जिले के सभी बूथों पर सुना गया मन की बात का 136वां एपिसोड

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 136 वां एपिसोड सुना गया। इसी निमित्त जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय ने मंडल गंडारा बूथ संख्या 229 पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद संगठन निर्देशानुसार बूथ सीमित की बैठक भी की। जिसमें सभी शक्ति केंद्र संयोजक सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम को जिले भर के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों पर सुना महीने के आखिरी रविवार का सुबह 11 बजे का समय देश के करोड़ों लोगों के लिए खास होता है। इसकी वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात'। आज एक बार फिर प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद कर रहे हैं इस बार कार्यक्रम का 136वां एपिसोड प्रसारित हो रहा है। पीएम मोदी ने आज कारगिल दिवस पर शहीदों को याद किया। पिछले कई सालों में यह मंच सिर्फ सरकारी योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज, शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार और देशभर के प्रेरणादायक लोगों की कहानियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बना है।

## चार माह में उजड़ गया सुहाग, पेड़ से लटका मिला शव

- परिजनों ने उठाए मौत पर बड़े सवाल

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



मिहींपुरवा नगर पंचायत के परवानी गौढ़ी के सुखापुरवा गांव में नवविवाहित युवक अनूप कुमार का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। चार माह पहले जिस घर में शहनाइयां गूंजी थीं, वहां अब मातम पसरा है।

घटना ने कई ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं जिनके जवाब पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सामने आ सकेंगे। परिजनों के अनुसार अनूप मंगलवार दोपहर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह बाजार के लोगों ने पेड़ से शव लटका देखा और सूचना दी। मौके पर पहुंची मोतीपुर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मृतक के पिता अजय कुमार ने बेटे की मौत पर गंभीर संदेह जताते हुए कहा कि उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उनका दावा है कि जिस पतली टहनी से शव लटका मिला और जिस तरह युवक के पैर जमीन से लगे हुए थे, उससे उन्हें घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। उन्होंने आशंका जताई कि उनके बेटे के साथ कोई अनहोनी हुई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। घटना के बाद मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी शादी 9 मार्च 2026 को हुई थी। परिजनों का कहना है कि शादी के महज चार महीने बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, कुछ ग्रामीणों का कहना है कि युवक नशा करता था। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस ने भी इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। क्षफिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्यों और जांच के बाद ही चल सकेगा।

## कारगिल के वीरों का बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सरस्वती कॉलेज में श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन तथा देश सेवा के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि हवलदार राजेश सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों की वीरता, पराक्रम और अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका त्याग और समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# सड़क पर खोदा गया गड्ढा दे रहा हादसों को दावत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय क्षेत्र के सादुल्लानगर-हथियागढ़ संपर्क मार्ग पर कम्मरपुर स्थित नहर के पास सड़क पर खोदा गया गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा बन गया है। गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक इसकी मरम्मत कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है।

ग्रामीण नंदकिशोर, राधेश्याम, अजय, शब्बू, काशिफ, राकेश, अशर्फी, विनोद, संजय आदि का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर दिनभर दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का आवागमन रहता है। नहर के पास सड़क पर खोदा गया गड्ढा बारिश के कारण पानी से भर जाता है, जिससे उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल गड्ढा भरवाकर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# शाहिद हुसैन सिद्दीकी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

- पत्रकारों की नैतिकता पर हुई गहन चर्चा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के बहुचर्चित मीडिया संगठन प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिन्दुस्तान के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय कस्बे में वरिष्ठ पत्रकार स्व. शाहिद हुसैन सिद्दीकी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दिनांक 26 जुलाई 2026 को संपन्न हुआ।




सभा की अध्यक्षता करते हुए संगठन के तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा ने भावुक उद्बोधन में कहा कि स्व. शाहिद हुसैन सिद्दीकी ने अपने संपूर्ण पत्रकारिता जीवन में निष्पक्षता, निर्भीकता और जनसेवा को सर्वोपरि रखा। उनके ओजस्वी लेखन से समाज में जागरूकता का दीप प्रज्वलित हुआ और समाज के दबे-कुचले तबके को सशक्त आवाज मिली। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। अपने संबोधन के अंत में राघवेंद्र मिश्रा ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए अपने अध्यक्ष पद से पदच्युत होते हुए संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष बी.पी. बौद्ध जी को नामित कर दिया। उन्होंने कहा कि बी.पी. बौद्ध दिनांक 26 जुलाई 2026 से अध्यक्ष पद का कार्यकाल पूरा होने तक इस दायित्व का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके उपरांत सभी ने पुष्प अर्पित कर स्व. शाहिद हुसैन सिद्दीकी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनूप शुक्ला और कमर सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन के दौरान वर्तमान पत्रकारिता के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में पत्रकारों की नैतिकता और मान-सम्मान पर आए दिन आघात पहुंच रहा है। झूठी खबरों, बाहरी दबाव और आर्थिक संकट के कारण लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की साख पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। ऐसे में प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिन्दुस्तान भविष्य में पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और प्रशिक्षण के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करेगा।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम HASIB S/O MOHAMMAD UMAR था। जो कि दिनांक 15/07/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर MOHD HASIB UMAR S/O MOHAMMAD UMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**निवासी ग्राम मिर्जापुर तिलक पोस्ट नवाबगंज अलियाबाद थाना नवाबगंज, बहराइच, यूपी।**

# आंतरिक चुनौतियों से भी सतर्क रहने की जरूरत : शर्मा

**▸ 27वें कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि, उर्जा मंत्री ने वीर परिवारों को किया नमन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



27वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ सहभागिता करते हुए कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कारगिल के सभी अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके परिवारजनों तथा पूर्व सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कारगिल जैसी लड़ाइयाँ केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़ी जातीं, बल्कि आज देश के भीतर भी अनेक प्रकार की चुनौतियाँ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों, छद्मवेश में छिपे राष्ट्रविरोधी तत्वों तथा समाज में भ्रम फैलाने वाली शक्तियों से सभी नागरिकों को सजग रहने की आवश्यकता है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान श्री वाजपेयी स्वयं सीमा क्षेत्र में पहुँचकर सैनिकों का मनोबल बढ़ाने गए थे। उन्होंने कहा कि लखनऊ के सभी सैनिक परिवारों को चिन्हित कर उनका सम्मान किया जाए तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है।

### किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले सत्यता परखें

मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में भ्रामक और झूठी सूचनाएँ बहुत तेजी से फैलती हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य परखे तथा देश की एकता और अखंडता के विरुद्ध किसी भी दुष्प्रचार का हिस्सा न बने।
मंत्री श्री शर्मा ने मंच से ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सैनिकों एवं शहीद परिवारों से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# सरकार शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए संवेदनशील : ब्रजेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को लखनऊ पीजी कॉलेज सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य-दोनों क्षेत्रों में संवेदनशील है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों एवं उनके परिवारों के सम्मान और स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से ऐतिहासिक पहल है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह योजना प्रदेश के 1.28 लाख से अधिक उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल शिक्षकों के स्वास्थ्य सुरक्षा कवच को और सशक्त बनाते हुए उनके सम्मान एवं कल्याण के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य-दोनों क्षेत्रों में संवेदनशील, समर्पित एवं जनहितकारी निर्णयों के माध्यम से प्रदेश को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर कर रही है। स्वस्थ शिक्षक, सशक्त शिक्षा ही विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव है।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, प्राचार्य, नेशनल पीजी कॉलेज प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह, सीडीओ प्रफुल्ल शर्मा, जिला नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा प्रो. शिवानी श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नशामुक्ति जागरूकता के लिए निकाली प्रभात फेरी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 26 जुलाई से 18 अगस्त तक नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जनभवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का आयोजन सुबह बजे से 8 बजे तक किया गया। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में आस-पास के विभिन्न बस्तियों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन बस्तियों व अन्य जगह जाकर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रभात फेरी में सहभागिता करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्ति से संबंधित नारे लगाए गए व स्लोगन का प्रदर्शन किया गया, जिनमें हम सबने यह ठाना है, तंबाकू को जड़ से मिटाना है, नशा नहीं, शिक्षा अपनाओ, देश को नई राह दिखाओ, नशा नहीं, खुशी अपनाएं, जो नशे का हुआ शिकार, उसने फूंक दिया घर-बार तथा सिगरेट, बीड़ी और शराब, करते जीवन को खराब प्रमुख रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता हेतु आम जन को नशा मुक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट भी वितरित किये गये। प्रभात फेरी नई बस्ती उदयगंज, पुराना किला रायपुर नहर, योजना भवन बर्फ खाना, बली खेत, मुराद अली लेन, क्ले रक्वायर, माल एवेन्यू रामलीला मैदान सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर निकाली गई। इसके अतिरिक्त राजभवन कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी एवं एम.जी. मार्ग में भी नशा मुक्ति रैली निकाली गयी। विद्यालय के अध्यापकों, जनभवन के सुरक्षाकर्मियों एवं कार्मिकों द्वारा नशामुक्ति जागरूकता प्रभात फेरी में प्रतिभाग किया गया।

### प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पीजीआई थानाक्षेत्र स्थित तेलीबाग में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोसाईगंज के सहायक पुलिस आयुक्त ऋषभ यादव ने रविवार को बताया कि पीजीआई थाना पुलिस को सूचना मिली कि तेलीबाग में किराये के कमरे में रह रहे एक युवक और युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और फारेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक की पहचान शाहजहांपुर निवासी अनिकेत उर्फ रानू के रूप में हुई है जबकि युवती नोएडा की रहने वाली है। दोनों आपस में रिश्तेदार थे और कई सालों से एक दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन घरवालें इस रिश्ते को लेकर काफी नाराज थे और शादी के लिए राजी नहीं थे। इसी वजह से प्रेमी युगल अपने अपने घरों से भागकर लखनऊ आ गए और किराये पर कमरा लेकर रहने लगे। अनिकेत मजदूरी करके अपना और अपनी प्रेमिका का जीवन यापन कर रहा था। आज दोनों ने किसी कारणवश फांसी लगाकर जान दे दी। एसीपी गोसाईगंज ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दे दी है।

### शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर सेक्टर-6 में रविवार को सुबह 8:30 बजे एक मकान में अचानक आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट के कारण पहली मंजिल पर बने स्टोर रूम में आग शुरू हुई। खिड़कियों से आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते धुआं पूरे मकान में फैल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी। जब तक दमकल की टीम पहुंची, तब तक आसपास के लोग अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। सूचना मिलते ही दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। यह घटना शहनाई गेस्ट हाउस के पास स्थित घर में हुई। घर वर्षा नाम की महिला का है। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने से स्टोर रूम में रखे सामान जल गए।

### जेल रोड पर पलटा ट्रक, स्टेयरिंग में फंसा चालक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित जेल रोड (होमगार्ड चौराहा) पर रविवार सुबह एक ट्रक पलट गया। हादसे में चालक ट्रक के स्टेयरिंग और डैशबोर्ड के बीच बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सुबह करीब 6.15 बजे फायर स्टेशन आलमबाग को हादसे की सूचना मिली। इसके बाद एक फायर टैंकर, एक रेस्क्यू वैन और हजरतगंज फायर स्टेशन से एमडीआरवी वाहन मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यूपी-53 एलटी-5311 नंबर का ट्रक पलट गया है और चालक का पैर स्टेयरिंग व डैशबोर्ड के बीच फंस गया है। फायर सर्विस की टीम ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया। इसी दौरान एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दोनों टीमों के संयुक्त प्रयास से चालक सर्वेश पाल, निवासी बंथरा (लखनऊ), को सुरक्षित बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। समय रहते किए गए रेस्क्यू के चलते चालक की जान बच गई। हादसे के कारण कुछ देर तक इलाके में अफरातफरी और यातायात प्रभावित रहा।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बलिदान सैनिकों को किया याद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से रविवार को जन भवन के गांधी सभागार में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जन भवन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों द्वारा सामूहिक गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायी नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रस्तुत देशभक्ति गीत सीमा पर हुआ शहीद, हुआ मेरे जिगर का टुकड़ा की रचना जन भवन में कार्यरत आर आई, निरीक्षक कुलदीप सिंह ने की, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

नाटक में कारगिल युद्ध के वीर योद्धा कैप्टन सौरभ कालिया, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने ये दिल मांगे मोर का उद्घोष किया था, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव के अद्वितीय शौर्य, साहस, रणकौशल एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का सजीव मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से कारगिल युद्ध के दौरान विषम एवं दुर्गम परिस्थितियों में भारतीय सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, अटूट संकल्प, अद्वितीय पराक्रम तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के अनेक देश संघर्ष और युद्ध की परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जबकि भारत भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और संवाद के मार्ग पर चलने वाला देश है। भारत का सदैव प्रयास रहा है कि सभी समस्याओं का समाधान शांति एवं संवाद के माध्यम से हो तथा विश्व में शांति और सद्भाव का वातावरण स्थापित हो।



### आसान नहीं थी कारगिल विजय

राज्यपाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्यक्रमों का मंचन विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में भी किया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी कारगिल के वीर सैनिकों के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय आसान नहीं थी। हमारे वीर जवानों ने अत्यंत विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के बावजूद अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्र की रक्षा की और विजय प्राप्त की। भारत रक्षा क्षेत्र में निरंतर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आज सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भी श्रवण किया। देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, हमें इन सकारात्मक परिवर्तनों को पहचानते हुए समाज को सही दिशा देने का दायित्व निभाना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

# अभिजीत दीपके ने युवाओं को जगाने का किया काम : रामदास आठवले

**▸ आठवले ने उत्तर प्रदेश में भाजपा से मांगी पांच विधानसभा सीटें**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को लखनऊ में कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने नीट परीक्षा विवाद और पेपर लीक के खिलाफ आन्दोलन कर देश के युवाओं का जगाने का काम किया है। हर शहर में उनके समर्थन में हजारों युवा आए। महाराष्ट्र के हर जिले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उनका समर्थन किया।

आठवले ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के डिफेंस एक्सपो के पास रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया की ओर से एक बड़ी रैली की जायेगी। इस रैली में प्रदेशभर से करीब 01 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम भाजपा से मांग करेंगे कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 05 सीटें दी जाएं। अगर भाजपा पांच सीट नहीं देती है तो हम 25 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेंगे।

# मानसिक रोग ग्रसित व्यक्तियों को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से द ÷लीगल सर्विसेज टू पर्सन्स विद मेंटल इलनेस एंड पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी स्कीम, 2024÷ लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों को गरिमापूर्ण जीवन, समान अवसर एवं न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है।

श्री सिंह ने बताया कि मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से पीड़ित व्यक्ति, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में निवासरत व्यक्ति तथा ऐसे बंदी जो मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित हैं। इस योजना के तहत निःशुल्क विधिक सहायता के पात्र हैं। प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स (पीएलवीएस) तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसीएस) के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी।

योजना के अंतर्गत दीवानी, आपराधिक एवं प्रशासनिक मामलों में सहायता, पुलिस थानों एवं न्यायालयों में विधिक सहयोग, विधिक सहायता क्लीनिकों के माध्यम से परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों, जेलों, बाल एवं महिला संरक्षण गृहों तथा आवश्यकता पड़ने पर गृह भ्रमण के माध्यम से भी सेवाएं दी जाएंगी। साथ ही लाभार्थियों को उनके विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नालसा द्वारा लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर मेंटल इलनेस (एलएसयूएम) के गठन का भी प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, समाजसेवियों एवं विधिक सेवा संस्थाओं के समन्वय से प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

श्री सिंह ने आमजन से अपील की कि मानसिक रोग अथवा बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएं, भेदभाव न करें तथा उनकी गरिमा एवं गोपनीयता का सम्मान करें। निःशुल्क विधिक सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 (टोल-फ्री) तथा मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सहकारिता विभाग के बंद प्रशिक्षण केन्द्र फिर से होंगे संचालित : राठौर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी. एस. राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की सहकारिता में आमूल-चूल परिवर्तन कर सहकारी बैंकों व प्राथमिक सहकारी समितियों (पैक्स) को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। इसी क्रम में अब सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों को पुनः संचालित कर युवाओं को नये रोजगार के अवसर प्रदान करने की मुहिम को आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सहकारिता के प्रदेश में कई प्रशिक्षण केन्द्र हैं, लेकिन

**▸ सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्रों का होगा कायाकल्प, युवाओं को मिलेगा रोजगार**

**▸ वाराणसी अयोध्या समेत पांच जिलों के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों को मिली करोड़ों की सौगात**



पूर्व में कुप्रबंधन के कारण ये केन्द्र बंद हो गये हैं, उनके भवन जीर्ण-शीर्ण व जर्जर हो गये हैं। इन प्रशिक्षण केन्द्रों को वित्तीय सहायता प्रदान कर पुनरुद्धार कराया जा रहा है। सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, वाराणसी को 4 करोड़ 71 लाख रूपये तथा सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, अयोध्या को 7 करोड़ 81 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इसी प्रकार सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ को 03 करोड़ 93 लाख रूपये, महोबा को 1 करोड़ 61 लाख रूपये तथा इटावा को 5 करोड़ 19 लाख रूपये की धनराशि शासन द्वारा स्वीकृत की गयी है। मंत्री श्री राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार में नये सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद पूरे देश में सहकारिता के क्षेत्र में गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इन गतिविधियों व कार्यक्रमों को चलाने के लिए योग्य व दक्ष युवाओं की आवश्यकता है। इन सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों में सहकारी नेतृत्व विकास एवं व्यवसाय के उत्थान से सम्बंधित डिप्लोमा कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

### भाजपा के पूर्व एमएलसी जयप्रकाश चतुर्वेदी का निधन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व विधान परिषद सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी का शनिवार देर रात लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वह केजीएमयू में भर्ती थे जहां उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक है। सोनभद्र जिले के रहने वाले जयप्रकाश चतुर्वेदी का विद्यार्थी जीवन के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संपर्क हुआ। बाद में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने। संघ ने उन्हें भाजपा में भेजा। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में वह भाजपा के संगठन मंत्री रहे।

# बीबीएयू-सीबीएलयू मिलकर करेंगे शिक्षा, शोध व नवाचार को सशक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ एवं चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू), भिवानी के मध्य वर्चुअल माध्यम से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह में बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल तथा सीबीएलयू की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी की गरिमामयी उपस्थिति रही। एमओयू पर बीबीएयू के कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह एवं सीबीएलयू की कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ बनाना है। इसके अंतर्गत शैक्षिक मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्र (ईएमआरसी), लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) तथा मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (एमओओसी) के माध्यम से पारस्परिक ऑनलाइन व्याख्यानों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्रों में सहयोग स्थापित कर समाज के समग्र विकास में योगदान दिया जाएगा।

साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों की आपसी सहमति के अनुसार इस सहयोग के अंतर्गत शैक्षणिक संसाधनों का आदान-प्रदान किया जाएगा तथा इस व्यवस्था के कारण किसी भी विश्वविद्यालय पर कोई अतिरिक्त वित्तीय दायित्व नहीं आएगा।

# इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कॉफ्रेंस का भव्य समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कॉफ्रेंस आज उद्देश्यपूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा के वैश्विक संदेश के साथ सम्पन्न हो गई।

समापन अवसर पर इजिप्ट, अमेरिका एवं भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे धर्मगुरुओं, शिक्षाविदों एवं विचारकों ने एक स्वर में कहा कि लैंगिक असमानता, सामाजिक भेदभाव तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों का स्थायी समाधान केवल ऐसी शिक्षा में निहित है, जो आध्यात्मिक एवं नैतिक जीवन मूल्यों पर आधारित हो। विद्वानों ने शिक्षा प्रणाली में मानवीय एवं आध्यात्मिक मूल्यों के समावेश की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उल्लेखनीय है कि 'रीइमैजिनिंग ऑवर वर्ल्ड टुगेदर : प्लेसिंग जेण्डर इक्वालिटी एट द हर्ट ऑफ ह्यूमैनिटी' थीम पर आधारित यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 24 से 26 जुलाई तक आयोजित किया गया।

**▸ 'उद्देश्यपूर्ण शिक्षा' ही लैंगिक असमानता व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का प्रभावी माध्यम**

सम्मेलन के अन्तिम व तीसरे दिन आज परिचर्चा का शुभारम्भ 'लोकल वाइसेस, लाइव्ड रियलटीज एण्ड कोलेबोरेटिव एक्शन' विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन से हुआ, जिसका संचालन काशनी चन्ना ने किया। परिचर्चा में खालिद रशीद फिरंगी महली, चेयरमैन, इस्लामिक सेंटर ऑफ इण्डिया, ने कहा कि महिलाओं को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और योगदान को भी समान महत्व मिलना चाहिए।

**तैयारी** — कैच-अप शिक्षण अभियान को मिलेगी गति

# पढ़ाई में पीछे छूटे बच्चों को मुख्यधारा में लाएगी सरकार

**▸ कैच-अप शिक्षण के लिए तैयार की गई 15 सूत्रीय रणनीति**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनियादी शिक्षा में अधिगम अंतर (लर्निंग गैप) को समाप्त करने के लिए कैच-अप शिक्षण अभियान को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों, बीआरसी, बीएसए कार्यालयों और डायट में कैच-अप शिक्षण, निपुण लक्ष्य, कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं तथा रीडिंग कैंपेन से संबंधित आईईसी सामग्री 31 जुलाई तक प्रदर्शित की जाएगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने इस संबंध में सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक), डायट प्राचार्यों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, एसआरजी तथा एआरपी को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों में कहा गया है कि संबंधित आईईसी सामग्री का मुद्रण कराकर उसे विद्यालयों, बीआरसी, बीएसए कार्यालयों तथा डायट में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए ताकि शिक्षक प्रतिदिन इन शैक्षणिक संदेशों का उपयोग कक्षा शिक्षण में कर सकें। इसके माध्यम से पूरे प्रदेश में दक्षता आधारित शिक्षण की एक समान कार्यसंस्कृति विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 15 सूत्रीय रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत अधिगम स्तर से पीछे रह गए बच्चों की पहचान, आधारभूत दक्षताओं का आकलन, स्तरानुसार समूह बनाकर शिक्षण, दैनिक एवं साप्ताहिक शिक्षण योजना, गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम का प्रभावी उपयोग, नियमित अभ्यास, सतत मूल्यांकन, रीडिंग गतिविधियों को बढ़ावा, अभिभावकों की सहभागिता तथा बच्चों की प्रगति की निरंतर निगरानी पर विशेष बल दिया गया है।

उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी कक्षा के अनुरूप अधिगम स्तर तक पहुंचाना और सीखने की कमी को समयबद्ध ढंग से दूर करना है।

### निपुण लक्ष्य से स्पष्ट होंगे अधिगम मानक

विद्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले निपुण लक्ष्य पोस्टरों में बालवाटिका से लेकर कक्षा 5 तक भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन और अंग्रेजी के स्पष्ट अधिगम लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इससे शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों के सामने प्रत्येक कक्षा की अपेक्षित दक्षताएं स्पष्ट रहेंगी तथा शिक्षण और मूल्यांकन को परिणाम आधारित बनाया जा सकेगा।

### कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं को मिलेगा बढ़ावा

आईईसी सामग्री में कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं को भी शामिल किया गया है। इनमें बच्चों की सक्रिय सहभागिता, गतिविधि आधारित शिक्षण, खुले प्रश्नों का प्रयोग, लेखन एवं पठन अभ्यास, टीएलएम का प्रभावी उपयोग, सतत मूल्यांकन, नियमित प्रतिपुष्टि और सहयोगात्मक अधिगम जैसी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया गया है। इन प्रथाओं का उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाना है।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

# 25 शिक्षकों को वितरित किए गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद आगरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शिवानी मंडपम, खंदारी परिसर से उच्च शिक्षा विभाग के 7.50 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का जनपद स्तरीय सजीव प्रसारण गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया।जनपद स्तरीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, सांसद अरुण कुमार सागर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित रहने से ही शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और देश का भविष्य मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कदम है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में प्रतिवर्ष 5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे गंभीर बीमारियों एवं आवश्यक उपचार के दौरान शिक्षकों एवं उनके परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा तथा उन्हें समय पर बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद के 43 महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1500 शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लाभार्थी सूचीबद्ध शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ?5 लाख तक का कैशलेस उपचार प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा 25 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में एस.एस. यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार बी.के. मौर्य, जनपदीय नोडल अधिकारी श्रीकृष्ण सिंह, जी.एफ. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. मोहसिन खान, प्रधानाचार्य संजय मौर्य, प्रधानाचार्य दीपक कुमार दीक्षित, जिला समन्वयक राजन प्रजापति सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इंदु अजनवी द्वारा किया गया।

## जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी होने पर केंद्रीय राज्यमंत्री का जताया आभार, सुनी मन की बात



**शाहजहांपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के जनपद आगमन पर भारी संख्या में लोगों ने उनके प्रसाद भवन आवास पर जाकर जनाकांक्षाओं के अनुरूप जलालाबाद नगर पालिका परिषद का नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर उनके सकारात्मक प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर श्री प्रसाद ने पार्टी जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 136वें संस्करण को भी सुना। तदोपरांत उन्होंने आवास पर विभिन्न जनपदों से आए जनमानस एवं पार्टी जनों की समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की देश एवं प्रदेश की सरकारें जनहित में विभिन्न योजनाओं को चला रहीं है इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह हम सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टीजनों को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एम.एल.सी.सुधीर गुप्ता, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, डी.सी.बी.के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कौशल मिश्र, अवधेश दीक्षित, पार्षद जगदीश कुशवाहा, आशीष कुमार सिंह, श्याम बाबू सिंह आदि मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### गुरुजन अभिनंदन एवं छात्र अलंकरण समारोह 28 को

**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाला गुरुजन अभिनंदन एवं छात्र अलंकरण समारोह इस बार 28जुलाई दिन मंगलवार को परशुराम धाम संस्कृति केंद्र शाहजहांपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक केशव चंद्र मिश्र ने बताया कि ब्राह्मण समाज प्रति वर्ष हाई स्कूल से लेकर उच्च कक्षाओं के मेधावी छात्र छात्राओं एवं श्रेष्ठ गुरुजनों का अभिनंदन करता है। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ज्ञानेश बाजपेई ने इस संबंध में बताया कि कार्यक्रम में वह सभी छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंने 2026 में हाई स्कूल से लेकर ऊपर किसी भी परीक्षा को 80 प्रतिशत या उससे अधिक पात्रता के साथ उतीर्ण किया है वह अपनी अंक पत्र की छाया प्रति के साथ कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा जिसमें सभी वर्ग एवं जातियों के मेधावी पर छात्र छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

### अल्हागंज बस स्टेशन का जल्द होगा कायाकल्प, मॉडल सेटेलाइट के रूप में होगा विकसित: रामवीर सिंह सोमवंशी



**अल्हागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्रीय जनता की वर्षों पुरानी मांग अब जल्द ही पूरी होने जा रही है। शाहजहाँपुर जिले के अल्हागंज बस स्टेशन का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा और इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडल सेटेलाइट बस स्टॉप के रूप में विकसित किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी द्वारा परिवहन मंत्री को प्रेषित पत्र एवं लगातार किए गए प्रयासों का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इस दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। परिवहन निगम के अपर प्रबन्ध निदेशक डॉ. विपिन कुमार मिश्र द्वारा जारी शासकीय पत्र के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में अल्हागंज बस स्टेशन के पुनर्गठन, नवनिर्माण एवं उच्चीकरण को शामिल कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही बस स्टेशन के कायाकल्प का कार्य द्रुत गति से शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही, बस स्टॉप के गेटों और स्टैंड के अंदर से अतिक्रमण हटाने हेतु जिलाधिकारी शाहजहाँपुर को पूर्व में ही पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। अल्हागंज बस स्टेशन के मॉडल सेटेलाइट के रूप में स्वीकृत होने और इसके पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होने पर समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता ने गहरा हर्ष व्यक्त किया है। रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि, अल्हागंज व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों की यह एक लंबे समय से लंबित और बेहद महत्वपूर्ण मांग थी। बस स्टेशन के आधुनिक और सुविधासंपन्न बनने से दैनिक यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा आम जनता को काफी राहत मिलेगी और क्षेत्र का आवागमन सुगम होगा।

# राजघाट पर चला स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान

▸ जनसहभागिता से स्वच्छता का दिया प्रेरक संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में आज प्रातःकाल राजघाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन जिला गंगा समिति, शाहजहाँपुर के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री राजू बग्गा, गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार सागर, वर्क संस्था के स्वयंसेवी नावेद, रोहित, बैंक, नितिन अग्रवाल, गंगा सेवक हिमांशु सक्सेना सहित अनेक स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों एवं स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर घाट परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की तथा स्वच्छ एवं निर्मल गंगा के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि यह अभियान वर्क संस्था के सक्रिय नेतृत्वकर्ता रेहान कुरैशी एवं विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ रविवार को पूर्णतः स्वयंसेवी भावना से आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार के सरकारी बजट का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि समाज के जागरूक नागरिक अपने श्रम, समय और संसाधनों के सहयोग से नदियों, घाटों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य निरंतर कर रहे हैं। राजू बग्गा ने कहा कि जनसहभागिता ही स्वच्छता और नदी संरक्षण अभियानों की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि समाज इसी प्रकार आगे आता रहा तो गंगा एवं अन्य जलस्रोतों का संरक्षण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। कुमार सागर ने आपने वक्तव्य में कहा की नियमित रूप से संचालित यह अभियान समाज में सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक चेतना विकसित करने का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनता जा रहा है।

## शिकायत के बाद कार्रवाई, अब पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** ग्राम नवादिया नवाजपुर में कथित गलत उपचार और इंजेक्शन लगाए जाने की शिकायत के बाद संबंधित मेडिकल स्टोर को सीज किए जाने की कार्रवाई ने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर नई बहस छेड़ दी है। एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने और पैर में गंभीर संक्रमण होने के मामले में विभाग की कार्रवाई के बाद अब अन्य निजी क्लीनिकों और मेडिकल स्टोरों की कार्यप्रणाली भी चर्चा में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुटार कस्बे के साथ-साथ आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में निजी क्लीनिक और मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। उनका मानना है कि सभी संस्थानों के लाइसेंस, योग्य चिकित्सकीय व्यवस्था तथा सरकारी मानकों के अनुपालन की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि किसी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई संभव है, तो नियमित निरीक्षण और सत्यापन अभियान लगातार क्यों नहीं चलाए जाते। विशेष रूप से उन प्रतिष्ठानों की निगरानी आवश्यक बताई जा रही है, जहां दवाएं देने के साथ इंजेक्शन लगाने और प्राथमिक उपचार जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि विभाग से संयुक्त अभियान चलाकर सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण होने से नियमों का पालन सुनिश्चित होगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। नवादिया नवाजपुर में हुई कार्रवाई के बाद अब लोगों की निगाह इस बात पर टिकी है कि विभाग की जांच केवल एक मामले तक सीमित रहती है या पूरे खुटार क्षेत्र में व्यापक स्तर पर निरीक्षण अभियान चलाकर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है।

## वित्तमंत्री-सांसद के दखल पर रामलीला दीवार की मरम्मत शुरू

▸ तीन दिन से चल रहा धरना समाप्त, डीएम ने दिए मरम्मत के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार दोपहर एक बजे वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और भाजपा सांसद अरुण सागर के हस्तक्षेप के बाद रामलीला मैदान की टूटी दीवार की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। तीन दिन से चल रहा व्यापारियों और रामलीला कमेटी के सदस्यों का धरना समाप्त हो गया। दोनों नेताओं ने जिलाधिकारी की मौजूदगी में व्यापारियों की मांगें सुनीं और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए।खुदागंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को कुछ लोगों ने रामलीला मैदान की दीवार तोड़ दी थी। इसके विरोध में स्थानीय व्यापारियों और रामलीला कमेटी के सदस्यों ने बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। शुक्रवार को भी धरना जारी रहा और स्थानीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल सका। शनिवार को स्थानीय भाजपा विधायक और अन्य दलों के नेताओं ने भी व्यापारियों का समर्थन किया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। रविवार को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और भाजपा सांसद अरुण सागर शाहजहांपुर मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एक बैठक की, जिसमें व्यापारियों और कमेटी सदस्यों ने रामलीला मैदान की दीवार के निर्माण की मांग रखी। वित्तमंत्री और सांसद ने मामले को गंभीरता से सुना। उनके हस्तक्षेप के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर रामलीला की पूरी दीवार की मरम्मत के निर्देश दिए गए, जिसके तुरंत बाद मौके पर मजदूर लगाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। स्थानीय लोगों ने वित्तमंत्री और सांसद अरुण सागर का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय नेता सत्यभान भदौरिया और स्थानीय लोगों ने धन्यवाद देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लोगो की मेहनत का परिणाम है कि आज यह कार्य हो पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग दीवार तोड़कर रामलीला की जगह का व्यापारिक उपयोग करना चाहते थे, उनके मंसूबे विफल हो गए। सांसद अरुण सागर ने बताया कि खुदागंज में रामलीला मैदान की दीवार तोड़ने के विरोध में धरना चल रहा था। उनके पास इसकी सूचना दी गई थी। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री और उनके सामने मुद्दे को उठाया गया। इस पर गंभीरता के साथ मंथन किया गया और तत्काल दीवार उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नही किया जाएगा। ये मंशा उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी पहले साफ कर चुके हैं।

## युवक का शव मिलने के मामले में हत्या की तहरीर पर आरोपी हिरासत में

▸ मृतक की बिलखती बेवा से प्रभारी कोतवाल झल्लाते हुए बोले चुप रहो के हरियाणा का है

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मजदूरी करने गए युवक का हरियाणा के गुरूग्राम में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कथित आरोपी को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव तालबीपुर दयोरिया निवासी विश्राम को गांव का ही प्रदीप हरियाणा के गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में मजदूरी दिलाने के लिए अपने साथ ले गया था। अगले दिन 20 जुलाई को विश्राम का रेलवे ट्रैक के किनारे गुरुग्राम पुलिस ने शव बरामद किया था। मृतक के भाई प्रतिपाल का आरोप है कि प्रदीप ने विश्राम से उसकी बात कराने में टल मटोल की। अनिष्ट की आशंका के चलते वह गुरुग्राम गया जहां जीआरपी ने उसका शव की शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के बाद शव उसके सुपुर्द कर दिया। प्रतिपाल ने प्रदीप व उसके अन्य साथियों के खिलाफ विश्राम की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। प्रदीप को तिलहर पुलिस ने पूंछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। रविवार को अपरान्ह करीब दो बजे मृतक की पत्नी अपने तीन मासूम बच्चों को साथ लेकर देवर प्रतिपाल व अपने गुलड़िया निवासी भाई के साथ कोतवाली पहुंची। विडंबना यह रही कि प्रदीप को प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव ने हवालात से बाहर निकलवाया। जिसे देखते ही मृतक की पत्नी बिलखते हुए बोली कि उसने उसके पति को आखिर क्यों मार डाला। इतना सुनते ही प्रभारी कोतवाल आग बबूला हो गए और डांटते हुए दुख की मारी महिला को चुप रहने की हिदायत दे डाली। यही नहीं झिल्लते हुए बोले हरियाणा में मरा है वहीं जाकर रिपोर्ट कराओ। पीड़ित परिवार अनुनय विनय करता रहा कि साहब प्रदीप उसे गांव से ही ले गया था। और अगले दिन ही उसका शव मिला। लेकिन उसकी पीड़ा नहीं सुनी और पीड़ित कप्तान साहब से मिलने की कहते हुए रोते बिलखते कोतवाली से चले गए। कानूनी दायरे के मद्देनजर भले ही उसकी रिपोर्ट हरियाणा के गुरूग्राम में लिखी जाए। लेकिन जिसके पति का एक दिन पहले ही अंतिम संस्कार हुआ हो उससे इस तरह का व्यवहार शायद उचित नहीं रहा। की तबीयत खराब है और उसे उल्टियां हो रही हैं। रात करीब 12 बजे जब प्रतिपाल ने अपने भाई से बात कराने को कहा तो विश्राम ने फोन पर बताया कि प्रदीप और उसके साथ मौजूद कुछ अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की है। उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए यह भी कहा कि आरोपियों ने उसे जबरन कुछ खिला दिया है। इसके बाद फोन कट गया। बकौल प्रतिपाल उसने प्रदीप से दोबारा अपने भाई से बात कराने को कहा। लेकिन वह टालमटोल करता रहा। और विश्राम के बाहर जाने की बात कहता रहा। 24 जुलाई को जब प्रतिपाल गुरुग्राम पहुंचा तो उसे अपने भाई का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिलने की जानकारी हुई। आरोप है कि विश्राम का मोबाइल फोन प्रदीप के पास मिला। जबकि उसकी बेल्ट और कुछ कपड़े भी प्रदीप के कमरे से मिले। मृतक सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी शिल्पी, दो बेटियां और एक बेटे को छोड़ गया है। शनिवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के भाई ने प्रदीप और उसके साथियों पर विश्राम की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक किनारे फेंकने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, नीट में 639 अंक लाने वाले अचल कश्यप बने प्रेरणा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परौर निवासी मेधावी छात्र अचल कश्यप का रविवार को अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। अचल कश्यप ने 720 में से 639 अंक प्राप्त कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट), राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल तथा सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी विनोद यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अचल कश्यप के आवास पहुँचा। इस दौरान उनके पिता कमलेश कश्यप, माता विद्या देवी एवं दादा धनपाल कश्यप को सम्मानित कर शुभकामनाएँ दी गईं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अचल कश्यप ने घर पर रहकर कड़ी मेहनत की और तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल कस्बा कलान पहुँचा, जहाँ नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभिषेक बाबू के पिता डॉ. वदन सिंह वर्मा एवं उनकी पत्नी को सम्मानित कर शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर अजय सिंह परमार, अतुल चतुर्वेदी, राजपाल यादव, डॉ. जगदीश कश्यप, वीरभान सिंह, अवधेश सिंह, अनिल शर्मा, पवन सिंह, आनंद गुप्ता, धर्मपाल सिंह, रक्षपाल यादव, अवधेश कश्यप, जयपाल सिंह वर्मा, आकाश बाबू, अमन वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रतिनिधिमंडल ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियाँ समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं तथा अन्य युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

## वृक्ष मानव जीवन का आधार



**शाहजहांपुर।** डॉ. तारा पाठक मां के नाम वृक्षारोपण का लिया संकल्प शहर की पहली प्रतिष्ठित महिला पीएचडी धारक डॉ. स्व: तारा पाठक के नाम समर्पित श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज के नियुक्ति प्राधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला के निर्देशन में एक वृहद वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कालेज प्रधानाचार्य ब्यूटी ने वृक्षों को मानव जीवन का आधार बताया। छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। पर्यावरण संतुलन एवं आने वाली पीढियो को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण नितांत आवश्यक है। छात्राओं को पौधों की उपयोगिता जैव विविधता और प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षिका मीना अंजू दीपशिखा अंजुम नाइमा समस्त स्टाफ मौजूद रहा छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नियमित रूप से भविष्य में भी वृक्षारोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## आरक्षण दिवस को सपा ने संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप मनाया, संविधान बचाने का किया आह्वान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ भाजपा पर आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र कमजोर करने का आरोप, 2027 में सत्ता परिवर्तन का किया आह्वान



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को जिला कार्यालय बिजलीपुरा में आरक्षण दिवस को 'संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की। तनवीर खान ने कहा कि 26 जुलाई को छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में आरक्षण लागू कर सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार में संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र, भाईचारा और इंसानियत खतरे में हैं। सरकारी संपत्तियों का निजीकरण किया जा रहा है तथा महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की ताकत के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र और जनता की आवाज की जीत बताते हुए कहा कि संविधान सर्वोपरि है और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान हर सरकार की जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि पीडीए की अवधारणा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, मुलायम सिंह यादव, जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेंद्र देव, जनेश्वर मिश्र और चौधरी चरण सिंह के सामाजिक न्याय के सपनों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सभी वर्गों के वंचित और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने जंतर-मंतर पर छात्र-युवाओं के आंदोलन को सफल बताते हुए कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र की जीत है। पूर्व एमएलसी अमित यादव और रिंकू यादव ने कहा कि जब जनता की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता को जवाब देना पड़ता है और लोकतांत्रिक जवाबदेही ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, नीरज मिश्रा, अतिउल्ला सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल ने किया।

**संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के हस्तक्षेप से सुलझा रामलीला मैदान विवाद**

# चाहरदीवारी निर्माण शुरू होते ही चार दिन बाद समाप्त हुआ धरना

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खुदागंज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान की चाहरदीवारी तोड़े जाने के विरोध में पिछले चार दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन रविवार को उस समय समाप्त हो गया, जब उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के हस्तक्षेप के बाद चाहरदीवारी का पुनर्निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही धरनास्थल पर मौजूद रामभक्तों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

रविवार को धरने के चौथे दिन भी खुदागंज बाजार पूरी तरह बंद रहा। बड़ी संख्या में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापारी, सामाजिक संगठन एवं स्थानीय नागरिक अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे रहे। इस दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और निर्माण स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया।

इससे पूर्व शनिवार को क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस धरनास्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। इसके बाद विधायक रामलीला कमेटी एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को लेकर नगर पंचायत सभागार पहुंचे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि बैठक में प्रारंभ में मीडिया प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किए जाने की बात कही गई। इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक मीडिया को बैठक में प्रवेश नहीं मिलेगा, तब तक कोई वार्ता नहीं होगी। बाद में करीब डेढ़ घंटे तक चली बातचीत में विधायक ने संविधान एवं कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए सभी पक्षों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। हालांकि यह वार्ता किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। रविवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी सहित प्रतिनिधिमंडल शाहजहांपुर पहुंचा, जहां उन्होंने संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी विस्तार से दी। बताया जाता है कि मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी शाहजहांपुर से वार्ता की और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए चाहरदीवारी निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के निर्देश दिए।

मंत्री के हस्तक्षेप की सूचना मिलते ही धरनास्थल पर मौजूद लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई। इसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की गई और तुरंत चाहरदीवारी का पुनर्निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर निर्माण कार्य में सहयोग भी किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह ने इसे सत्य की असत्य पर विजय बताया। वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि यह किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे खुदागंज क्षेत्र की जनता और जनभावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। धरनास्थल पर ठाकुर मुन्ना सिंह, भानु प्रताप सिंह, सत्यवान वर्मा, सत्यपाल एडवोकेट सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। वहीं पिछले दो दिनों से धरनास्थल पर मौजूद लोगों के भोजन की व्यवस्था सभासद सौरव गुप्ता द्वारा कराई गई। इस बीच आरोप है कि चाहरदीवारी तोड़ने के आरोपी पक्ष से जुड़े एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पुनः दीवार तोड़ने की धमकी संबंधी पोस्ट साझा की है। इस संबंध में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी तिलहर नीलिमा यादव ने कहा कि उक्त पोस्ट अभी उनके संज्ञान में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पोस्ट की जांच कराई जाएगी और यदि कोई व्यक्ति कानून हाथ में लेने या दोबारा चाहरदीवारी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धरना समाप्त होने के बाद भी एहतियातन पुलिस बल पूरे समय मौके पर तैनात रहा तथा निर्माण कार्य को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, बालिस्टर सिंह, रामलड़ैते सिंह, आशीष जैन, राजेश सिंह, कृपाल सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, अमित सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु, व्यापारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## विहिप ने पुनः संचालित करवाए बाल संस्कार केंद्र, कलान से केंद्र का शुभारंभ



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद ने बच्चों में गिरते संस्कारों पर चिंता व्यक्त करते हुए नगर पंचायत कलान के राम प्रसाद बिस्मिल विद्या मंदिर में बाल संस्कार केंद्र का विधि विधान से शुभारम्भ किया। विहिप के जिलामंत्री शलभ मिश्रा ने बताया कि पूर्व में संगठन की ओर से बाल संस्कार केंद्र चलाए जाते थे। किंतु कतिपय कारणों से बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने वाले बाल संस्कार केंद्र बंद हो गए थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आधुनिक शिक्षा पद्धति ने संस्कारों का बहुत नुकसान किया है। जिससे बाल संस्कार केंद्रों को पुनः संचालित करने की आवश्यकता महसूस की गई। जिसका कलान के रामप्रसाद विद्या मंदिर में बाल संस्कार केंद्र का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि एकल परिवार व आधुनिक शिक्षा पद्धति से बच्चों में संस्कारों की बहुत बड़ी कमी आई हैं। इन बाल संस्कार केंद्रों में बच्चों को नैतिक और मानवीय मूल्यों,करुणा, दया, सहनशीलता, और बड़ों (माता-पिता व गुरुजनों) का सम्मान करने की सीख दी जाएगी। बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता बढ़ाने,याददाश्त तेज करने के उपाय और स्वस्थ रहने के लिए योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ज्ञान, रामायण, महाभारत और संतों की प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई सुनाए जाने के साथ ही गायत्री मंत्र या अन्य श्लोकों का अभ्यास कराया जाएगा। बच्चों में व्यवस्थित, दिनचर्या, सदाचारी जीवन और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा। बाल संस्कार केंद्र का समय स्कूल समय के बाद एक से 2 बजे तक रहेगा। बाल संस्कार केंद्र में नामांकित 15 बच्चों को शिक्षित एवं दीक्षित करने के लिए आचार्य सेम निहारिका मिश्रा और शलभ मिश्रा को बाल संस्कार केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र में बच्चों की संख्या बढ़ने पर आचार्यों की संख्या ही बढ़ा दी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### 65 साल के सिद्दीक 11 वर्षीय मासूम से पार्क में अश्लील हरकतें करता गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज



**शाहजहाँपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मद जई क्षेत्र में रविवार सुबह एक 11 वर्षीय बालिका के साथ कथित छेड़छाड़ और अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों द्वारा कोतवाली चौक पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बच्ची गांधी पार्क में खेलने गई थी। आरोप है कि वहीं मौजूद एक व्यक्ति ने उसे जबरन पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। तहरीर के अनुसार बच्ची के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपी की हरकतों से बच्ची सहम गई है और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्ची के साथ ऐसी घटना दोबारा न हो। फिलहाल पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर जैसे ही जानकारी हिंदूवादी नेता राजेश अवस्थी एडवोकेट को मिली वह कोतवाली पंहुच गए, और उन्होंने पुलिस से मामले में कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### हाईवे स्थित ढाबे पर खड़े कैंटर से 50 बैटरियां चोरी चालक ने थाने में दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हरिद्वार से कानपुर देहात माल लेकर जा रहे एक कैंटर चालक ने सिंह ढाबे पर खड़े अपने वाहन से 50 बैटरियां चोरी होने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक जनपद हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के गांव डेल पंडरवा निवासी कैंटर चालक महेश कुमार बीती 20 जुलाई को कैंटर संख्या यूपी 17 एटी 1189 से बाईकों के अलावा 50 बैटरी , 50 शीशे और 50 पत्ती लेकर हरिद्वार से कानपुर देहात जा रहा था। इसी दौरान चालक के घर से पत्नी की तबीयत गंभीर होने की सूचना मिली। बकौल महेश कुमार वह तिलहर क्षेत्र में हाईवे स्थित सिंह ढाबे पर कैंटर को सुरक्षित खड़ा कर चाबी ढाबा संचालक के परिवार को सौंपकर घर चला गया। महेश कुमार का आरोप है कि 23 जुलाई को वापस लौटने पर वाहन में रखी 50 बैटरियां गायब थीं। जबकि अन्य सामान सुरक्षित मिला। आरोप है कि इस संबंध में ढाबा संचालक से जानकारी की तो उन्होंने चोरी की बात से इनकार कर दिया। चालक का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई। और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सर्राफ के यहां 17 लाख की चोरी मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को लिया हिरासत में

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे किनारे कपसेड़ा गांव में सर्राफ की दुकान का शटर तोड़कर करीब 17 लाख के आभूषण व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूंछताछ के के लिए हिरासत में लिया है। बता दें कि शुक्रवार/शनिवार की रात में कपसेडा स्थित शाहजहांपुर के छोटा चौक निवासी कृष्णा वर्मा की सांवरिया सेठ ज्वैलर्स के शटर को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था ।एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ विद्युत सक्सेना के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूंछताछ की जा रही है। यह जानकारी प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव ने दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने पीया विष, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर, शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने विष पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम भटपुरा निवासी 20 वर्षीय रूपश्री पत्नी अरविंद ने संदिग्ध परिस्थितियों में विष का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी से पुलिस को सूचना भेजी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर हो रही एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

- डिलीवरी वाहनों में नहीं दिख रहे सुरक्षा उपकरण, नियमों के पालन पर उपभोक्ताओं ने जताई चिंता

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खुटार क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की डिलीवरी के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। नगर और ग्रामीण इलाकों में संचालित गैस एजेंसियों के कई डिलीवरी वाहनों में आवश्यक सुरक्षा संसाधनों का अभाव दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ स्थानों पर पुराने और जर्जर वाहनों से भी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बताया जाता है कि कई डिलीवरी वाहनों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं हैं। वहीं कुछ डिलीवरी कर्मी निर्धारित वर्दी में भी नजर नहीं



आते और उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वजन जांचने के लिए आवश्यक तौल मशीन भी उपलब्ध नहीं कराते। इससे सुरक्षा के साथ-साथ उपभोक्ताओं के अधिकारों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

एलपीजी अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण इसके परिवहन और वितरण के लिए तय दिशा-निर्देशों का पालन आवश्यक माना जाता है। नियमों के अनुसार सिलेंडरों को सुरक्षित तरीके से लोड और अनलोड किया जाना चाहिए, वाहन में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र होने चाहिए तथा डिलीवरी के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं की जांच और सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में किसी गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब लोगों की नजर संबंधित विभाग और प्रशासन पर है कि वह सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए क्या कदम उठाता है।

### प्रभाकर वर्मा चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

- कोर्ट के आदेश पर चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज, पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाहजहाँपुर।** चेक बाउंस के एक मामले में प्रभाकर वर्मा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद चौक कोतवाली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि संबंधित मामले में न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने प्रभाकर वर्मा को हिरासत में लेकर जरूरी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से पूरे घर का लाखों का सामान स्वाहा

- सिलेंडर के विस्फोट से भीड़ थर्राई, अफरा-तफरी में गिरकर बुजुर्ग घायल
- डेढ़ घंटे विलंब से आई फायर ब्रिगेड, दो घंटे में तो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात एक घर में अचानक आग की भीषण लपटें उठने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के मकानों तक पहुंच गई। कुछ ही देर बाद एक बड़ा विस्फोट हुआ जिससे दूर तक जुट चुकी भीड़ भी थर्रा उठी। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन फायर ब्रिगेड करीब डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक सब कुछ स्वाहा हो गया था।

शनिवार रात करीब स्व आठ बजे मोहल्ला वहीदुल्ला गंज में रेनू रस्तोगी पत्नी स्व प्रदीप रस्तोगी के मकान से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। उस समय वह बेटे के साथ मंदिर गई हुई थी। आग ने कुछ ही देर में बिकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही सीओ विद्युत सक्सेना, प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव भरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरा घर में जोरदार विस्फोट होने से यह जुटी भीड़ थर्रा उठी। अफरा तफरी के माहौल में तमाम लोग गिरते पड़ते देखे गए। रेनू रस्तोगी ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने



उनके घर में आग लगाई है। उनका कहना है कि आग से घर में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। सिलेंडर फटने से विस्फोट होने की पुष्टि हुई। भीषण अग्निकांड के सदमे में रेनू सड़क पर ही बेहोश होके गिर पड़ी। जिन्हें परिजनों और स्थानीय लोगों ने संभाला। प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव , मौजपुर चौकी प्रभारी देवेश कुमार सहित भारी पुलिस बल ने आसपास के मकानों को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कवायद शुरू की। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने करीब रात साढ़े ग्यारह बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था। इस दौरान बुजुर्ग सफीउल्लाह गिरकर घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पहली दमकल गाड़ी के मौके पर पहुंचने में काफी विलंब हुआ। जिससे आग तेजी से फैलकर पड़ोस के मकानों तक पहुंच गई। बाद में दूसरी दमकल गाड़ी पहुंचने पर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आई और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान व्यापारी नेता रवि गुप्ता , सभासद सुशील सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल कर्मियों का सहयोग किया। घटना के बाद नगरवासियों ने तिलहर में स्थायी फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित किए जाने की मांग उठाई। उधर रविवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए सरकार से हर संभव आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। सपा अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान ने पीड़ितों से मिलकर आर्थिक सहयोग किया। फिलहाल पुलिस और राजस्व विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सीओ ने पुलिस फोर्स को किया ब्रीफ

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में स्थानीय थाना परिसर में



क्षेत्राधिकारी जलालाबाद दीपक कुमार द्वारा सर्किल के समस्त थानों से कांवड़ ड्यूटी में तैनात किए गए पुलिस बल और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उच्च अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बल को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ शिव भक्तों (कांवड़ियों) और आम नागरिकों के साथ शालीन व शिष्ट व्यवहार किया जाए। इसके अलावा, संभावित रूट डायवर्जन, यातायात प्रबंधन, और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कांवड़ यात्री बिना किसी असुविधा के अपनी यात्रा पूरी कर सकें और आम जनता को भी यातायात में कोई बाधा न उठानी पड़े। बैठक के अंत में सभी कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

## जलालाबाद में तीसरे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ भड़का किसानों का गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम दुमकापुर (ग्राम सभा गुलड़िया) में प्रस्तावित तीसरे भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों और किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में किसान उवरिया मंदिर परिसर में एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बार-बार जमीन छीने जाने से उनके अस्तित्व पर संकट आ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि का बड़ा हिस्सा पहले ही दो बार अधिग्रहित किया जा चुका है। वर्ष 2021 में गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए और



वर्ष 2025 में औद्योगिक गलियारे के प्रथम चरण के लिए उनकी उपजाऊ जमीन ली गई थी। अब तीसरी बार बची-कुची कृषि भूमि लेने की प्रक्रिया शुरू होने से पूरा गांव भूमिहीन होने की कगार पर पहुंच गया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी कि खेती ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। यदि बची हुई जमीन भी चली गई, तो उनके परिवारों के सामने भुखमरी, बेरोजगारी और पलायन की नौबत आ जाएगी। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस प्रक्रिया को तुरंत रोके और इसके विकल्प के रूप में किसी बंजर या गैर-कृषि योग्य भूमि का चयन करे। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार रोहित कटियार ने किसानों से ज्ञापन प्राप्त किया और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि, किसानों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने और लखनऊ तक कूच करने जैसे बड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

### नाबालिग बेटी संग दुष्कर्म आरोपी चाचा का शांति भंग में चालान

**पीड़ित मां ने देवर के खिलाफ दी थी थाना दिवस में तहरीर**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की एक महिला ने उसके नाबालिग बेटी के साथ देवर द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाना दिवस में नामजद तहरीर दी थी। पुलिस घटना को लेन देन का बताते हुए आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया है। शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला ने दी तहरीर में बीती 23 जुलाई की रात उसकी गैरमौजूदगी में उसकी 16 वर्षीय बेटी से रात करीब 8 बजे उसके देवर द्वारा बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। रविवार को आरोपी का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव ने बताया कि परिवार में लेन देन के मामले को लेकर हुए विवाद के चलते आरोप लगाया गया था।

# मार्गदर्शन से बदली तकदीर, किसान की प्रेरणादायक कहानी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाए संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मशा है कि प्रदेश का अधिक से अधिक किसान पारम्परिक खेती के साथ साथ आधुनिक तकनीकों एवं विविध फसलों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। इसी सोच को धरातल पर साकार करने का कार्य जनपद स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।डीएम धमेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन मार्गदर्शन तथा जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक के प्रयासों से किसानों को औद्यानिक फसलों एवं औद्यानिक विकास योजानाओं से अधिक से अधिक किसानों को जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण गंगसरा पुवायां के प्रगतिशील किसान गोविन्द सिंह की सफलता की कहानी है, जिन्होंने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के माध्यम से अपनी खेती को एक नई दिशा दी है। गोविन्द सिंह, जोकि पहले पारम्परिक खेती के द्वारा विभिन्न औद्यानिक फसले करते थे, जिसमे उन्हें सीमित आय ही प्राप्त होती थी। खेती में बढ़ती लागत और घटती आय के कारण व आर्थिक चुनोतियों का सामना कर रहे थे। जिसके कारण उन्होंने खेती में लगातार हो रहे बदलाब नई नई तकनीकी को अपनाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक से सम्पर्क किया गया तथा उनके मार्गदर्शन में उन्होंने अपने प्रक्षेत्र पर 200 हेक्टयर में अमरूद की बागवानी की गयी। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत गोविन्द द्वारा अमरूद की उच्च गुणवत्तायुक्त पौधों का रोपण निर्धारित मानक एवं उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें प्रति हेक्टेयर लगभग 1.50 लाख रूपये की लागत आयी। अमरूद की फसल



तैयार होने पर कृषक को विपणन में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा क्योंकि उद्यान विभाग एवं मण्डी समितियों के सहयोग से कृषक के प्रक्षेत्र से ही आढ़तियों द्वारा अमरूद क्रय कर लिया गया तथा आस-पास की छुटपुट मागानुसार भी अमरूद की बिक्री में गोविन्द सिंह को कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। तैयार फसल की तुड़ाई कर बिक्री उपरान्त गोविन्द को समस्त खर्चा निकालने के बाद लगभग 200-225 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। गोविन्द के प्रयास उनकी मेहनत एवं उगान विभाग द्वारा प्रदान किये गये अनुदान से आज उनका अमरूद का बाग आस-पास के किसानों के लिये प्रेरणादायक साबित हो रहा है। परियोजना का लाभ प्राप्त करने के बाद गोविंद सिंह ने खेती में बढ़ती लागत एवं घटती आय को पूर्णत गलत साबित करते हुए खेती में घटती आय एच बढ़ती आमदनी की मिसाल साबित की है। डीएम द्वारा जनपद में किसानों को आधुनिक खेती के लिये प्रेरित किया जा रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन में उद्यान विभाग द्वारा समस्त औतानिक विकास योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. जिससे अधिक से अधिक किसान उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सके। समय-समय पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो एवं किसानों को समय पर सहायता मिले। जिला उद्यान अधिकारी की भूमिका भी इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। उनके द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना आवेदन प्रक्रिया में सहायता एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना सराहनीय है। उनके प्रयासों से जनपद में बागवानी फसलों एवं परियोजना आधारित कार्यक्रमों के प्रति किसानों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। गोविन्द सिंह की इस सफलता की कहानी ने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है। अब कई किसान पारम्परिक खेती से हटकर बागवानी एवं नकदी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे है। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है बल्कि कृषि क्षेत्र में विविधता भी आ रही है। यह कहानी इस बात का प्रमाण है ,कि यदि किसान नई तकनीकों को अपनाए एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाए तो वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृद्ध बना सकते है। सरकार प्रशासन एवं किसानों के सयुक्त प्रयास से ही आत्मनिर्भर किसान, समृद्ध प्रदेश का सपना साकार हो सकता है।

### सार्वजनिक सूचना

मेरा बैनामा स्थित मोहल्ला कसभरा तकिया कस्बा व तहसील पुवायां, जिला शाहजहाँपुर। दिनांक 21.01.2013 बही नं. 1 जिल्द 5532 पृष्ठ 53 से 90, क्रमांक 861, जिसका दफा 60 वाला पेज कहीं वास्तव में खो गया है, जो कि श्रीमती राधारानी से मदनलाल गुप्त व दिलीप कुमार गुप्त, निवासी मोहल्ला कसभरा तकिया, कस्बा व तहसील पुवायां, जिला शाहजहाँपुर ने खरीदा था। जिस किसी को मिले, मेरे वकील से संपर्क करें।

**संपर्क सूत्रः मुकेश कुमार, एडवोकेट, मोबाइल नं. 8299545364**

# जेन जी को शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक

*प्रो. मनीषा शर्मा*

सीजेपी आंदोलन खत्म हो गया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में मुझे सबसे ज्यादा चिंता हुई इस युवा पीढ़ी की जो वहाँ उपस्थित थी। उनके आचरण, व्यवहार और प्रयोग की जा रही भाषा सबने एक पालक और शिक्षक होने के नाते मुझे झकझोर कर रख दिया। क्या यह पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है? उनकी शिक्षा के विषय में क्या ही बात की जाए। कोई आईएएस की तैयारी कर रहा है, कोई मेडिकल की, कई उच्च शिक्षित थे, कई विद्यार्थी प्रसिद्ध और नामी विवि के थे।

मतलब हम इन्हें उच्च शिक्षित कह सकते हैं लेकिन जब सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, रील, मीम्स देखते हैं तो दिमाग जवाब दे जाता है। क्या यह वाकई शिक्षित है? यदि हां तो हम कैसी शिक्षा व्यवस्था चला रहे जो इस पीढ़ी को यह तक ना सिखा पाई कि एक शिक्षित और सभ्य इंसान की भाषा का स्तर क्या होता है। हमारे यहां कहा जाता है कि जब आप बोलते हो तो सिर्फ आप नहीं बोलते बल्कि आपका पूरा खानदान बोलता है।

अर्थात आपके मुंह खोलते ही आपकी परवरिश सामने आ जाती है जो बताती है आपके घर का माहौल कैसा है। लेकिन यह बात सो कूल कहलाने वाली जेनरेशन नहीं जानती। एक पालक और शिक्षक होने के नाते में पूरी जिम्मेदारी से बोल रही हूं कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारित करने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

**सीजेपी प्रोटेस्ट में दिखे युवा पीढ़ी के अलग-अलग रंग**




यह भाषा जो जंतर-मंतर पर बोली जा रही थी गालियों और नारों के रूप में उस व्यक्ति के लिए जो आपके पिता या दादा की उम्र का है, ये किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। मैं जो सुन भी नहीं पा रही थी वो 18- 19 साल की लड़कियां बोल रही थी। ये युवा वो है जिनके कंधों पर देश की जिम्मेदारी है। मैं ही क्यों मेरे जैसे अनेक लोग जो आज भी भाषा की मर्यादा और संयम जानते हैं वह भी यही मान रहे हैं। सीजेपी आंदोलन के दौरान कुछ युवाओं द्वारा किए गए प्रदर्शन में अभद्र भाषा, गाली-गलौज और अराजक व्यवहार की घटनाओं ने पूरी युवा पीढ़ी और समाज के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा किया है।

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों का शीर्ष नेतृत्व से प्रश्न पूछने का अधिकार है। लेकिन उस अधिकार के साथ कर्तव्य और जिम्मेदारी भी जुड़ी है। अधिकार का प्रयोग पूर्ण मर्यादा और जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। यदि कोई भी विरोध अपनी गरिमा और संयम और अनुशासन खो देता है तो उसका उद्देश्य कमजोर हो जाता है। इस सीजेपी आंदोलन में पूरे समय शालीनता के स्थान पर अपशब्द, अभद्रता तथा हिंसक प्रवृत्ति हावी दिखी। यह घटना इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है कि युवा का केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। विद्या ददाति विनयम अर्थात विद्या विनम्रता प्रदान करती है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील और अनुशासित बनाना है। यदि शिक्षित होने के बावजूद किसी व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में संयम, सम्मान, विनम्रता और नैतिकता का अभाव दिखता है तो यह बताता है कि शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान नहीं किए गए। संस्कारों का समुचित विकास नहीं हो पाया। संस्कार देना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं। यह परिवार, समाज और विद्यालय तीनों के संयुक्त प्रयासों से ही विकसित होते हैं। यही संस्कार हमें सिखाते हैं कि किसी बात को कैसे रखा जाए। किसी से यदि मतभेद हो तब भी संवाद की भाषा सभ्य होनी चाहिए। असहमति को तर्क से व्यक्त किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। अपशब्दों और अराजकता से न तो कभी विचारों को मजबूती मिली है और न ही समाज को।

हालाँकि मैं यह भी समझती हूं कि एक आंदोलन में शामिल कुछ युवाओं के व्यवहार के आधार देश के सभी युवाओं को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा। इससे पूर्व कई आंदोलन हुए जहां शांतिपूर्ण तरीके से लोगों ने अपनी बात रखी हैं। लेकिन चिंता की बात तो यह है कि सो कूल कहलाने के लिए, बनने के लिए युवा पीढ़ी किस स्तर पर आ रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा के साथ युवा के चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी समान रूप से बल दिया जाए। यहां माता-पिता की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण हो जाती है। ज्ञान के साथ संस्कार अति आवश्यक है। संस्कार, अनुशासन और संयम से ही समाज और देश को जिम्मेदार नागरिक मिलते हैं। सभ्य भाषा, अनुशासित आचरण और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन ही किसी भी मांग को, आंदोलन को प्रभावी और सम्मानजनक बनाता है। बात कहने का सलीका हो हो हर बात सुनी जाती है।

आज आवश्यकता है कि युवाओं को सो कूल के नाम पर अमर्यादित और असभ्य और असंयमित होने से बचाने के लिए माता-पिता को घर में, शिक्षक को स्कूल और विश्वविद्यालयों में आगे आना होगा। युवा से संवाद कर उन्हें आचरण की शिक्षा भी देनी होगी। शिक्षा किसी भी मनुष्य को योग्य बनाती है लेकिन संस्कार ही उसे श्रेष्ठ बनाते हैं। इसलिए एक सशक्त और सभ्य समाज के निर्माण के लिए शिक्षा और संस्कार, दोनों का संतुलित और समन्वय आवश्यक है। गौरतलब बात यह है कि युवा पीढ़ी जिसे जेन जी के नाम से जाना जाता है वह समाज में बढ़ते सोशल मीडिया में प्रचारित प्रसारित कंटेंट से ज्यादा प्रभावित नजर आती है जहां संस्कारों का अभाव नजर आता है।

*(यह लेखिका के स्वतंत्र विचार हैं।)*

## जंतर-मंतर के सन्नाटे को तोड़ते बड़े सवाल

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 49 दिनों तक चला छात्र आंदोलन अब समाप्त हो चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों के बाद आंदोलनकारियों ने धरना खत्म करने का निर्णय लिया। पहली नजर में यह किसी राजनीतिक विवाद का पटाक्षेप लग सकता है, लेकिन यदि इस पूरे घटनाक्रम को गहराई से देखा जाए तो यह केवल एक आंदोलन का अंत नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, शासन व्यवस्था और राजनीतिक संस्कृति के सामने खड़े कई नए प्रश्नों की शुरुआत भी है।

लोकतंत्र में किसी भी बड़े जन आंदोलन का महत्व उसकी अवधि से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। जंतर-मंतर का यह आंदोलन भी उसी श्रेणी में आता है। यह केवल किसी एक मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने यह साबित किया कि यदि समाज का कोई वर्ग लंबे समय तक अपनी बात पर शांतिपूर्ण ढंग से अड़ा रहे, तो अंततः सरकार को उसकी बात सुननी पड़ती है। यह लोकतंत्र की ताकत भी है और सरकारों के लिए चेतावनी भी। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष अधिक महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में देश में आंदोलनों का चरित्र तेजी से बदला है। किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का आंदोलन, अग्निपथ योजना का विरोध और अब छात्रों का यह आंदोलन—इन सभी ने यह संकेत दिया है कि समाज का हर वर्ग अब सीधे अपनी आवाज उठाने को तैयार है। राजनीतिक दल बाद में जुड़ते हैं, लेकिन असंतोष की शुरुआत समाज के भीतर से होती है। यही कारण है कि सरकारें अब केवल प्रशासनिक आदेशों के सहारे संकटों का समाधान नहीं कर सकतीं। यह आंदोलन इस बात का भी संकेत है कि देश की राजनीति में युवाओं का एजेंडा बदल रहा है। लंबे समय तक चुनाव जाति, धर्म, क्षेत्र और पहचान की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमते रहे। लेकिन अब शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता और अवसरों की समानता जैसे मुद्दे केंद्र में आते दिखाई दे रहे हैं। यदि यह प्रवृत्ति आगे भी जारी रहती है तो भारतीय राजनीति की दिशा बदल सकती है। जो दल युवाओं के इन सवालों का विश्वसनीय उत्तर देगा, वही भविष्य की राजनीति में बढ़त हासिल करेगा। सरकार के सामने भी चुनौती केवल एक मंत्री बदल देने की नहीं है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मंत्री का इस्तीफा राजनीतिक जवाबदेही का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यदि संस्थागत कमियां जस की तस बनी रहें तो इस्तीफे का प्रभाव सीमित रह जाता है। देश की परीक्षा और भर्ती व्यवस्था पर लगातार उठते सवाल बताते हैं कि केवल नेतृत्व परिवर्तन से भरोसा वापस नहीं आएगा। आवश्यकता उन व्यवस्थागत सुधारों की है जो पारदर्शिता, तकनीकी सुरक्षा और समयबद्ध जवाबदेही सुनिश्चित करें। यदि यह नहीं हुआ तो भविष्य में किसी दूसरे नाम के साथ वही संकट फिर खड़ा हो सकता है। विपक्ष के लिए भी यह आत्मसंतोष का अवसर नहीं है। आंदोलन को समर्थन देना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन समर्थन और समाधान में अंतर होता है। यदि विपक्ष केवल सरकार की आलोचना तक सीमित रहता है और शिक्षा सुधार का कोई ठोस वैकल्पिक खाका प्रस्तुत नहीं करता, तो उसकी विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में रहेगी। जनता अब केवल विरोध नहीं, बल्कि विकल्प भी देखना चाहती है। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी बराबर होती है। इस पूरे घटनाक्रम का एक और महत्वपूर्ण पहलू है—जनमत की शक्ति। सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया और स्वतंत्र संवाद के नए माध्यमों ने आंदोलनों की प्रकृति बदल दी है। अब किसी भी मुद्दे को केवल प्रशासनिक स्तर पर सीमित रखना आसान नहीं रह गया। जंतर-मंतर का आंदोलन भी डिजिटल माध्यमों में पूरे देश में चर्चा का विषय बना। इससे यह स्पष्ट है कि सूचना के इस दौर में सरकारों को पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और संवादशील होना होगा। चुप्पी अब राजनीतिक रणनीति नहीं रह सकती। आने वाले समय में इसका असर चुनावी राजनीति पर भी दिखाई देगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनावों में युवाओं का मत निर्णायक भूमिका निभाएगा। यह वर्ग न केवल सबसे बड़ा मतदाता समूह है, बल्कि सबसे अधिक जागरूक और मुखर भी है। यदि शिक्षा और रोजगार से जुड़े प्रश्न अनुत्तरित रहे, तो उनका राजनीतिक प्रभाव दूरगामी हो सकता है। इसलिए सभी दलों को यह समझना होगा कि युवा अब केवल चुनावी वादों से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि परिणाम भी मांगेंगे।

जंतर-मंतर का धरना समाप्त हो गया है, लेकिन उससे निकला संदेश अभी समाप्त नहीं हुआ। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास से तय होती है। सरकारें विश्वास से चलती हैं और वही विश्वास तब मजबूत होता है जब नागरिकों को यह महसूस हो कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके भविष्य को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसलिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि लोकतंत्र में किसी आंदोलन की असली सफलता किसी मंत्री के इस्तीफे में नहीं, बल्कि उन कारणों के स्थायी समाधान में होती है जिनकी वजह से आंदोलन खड़ा हुआ। यदि सरकार इस अवसर को व्यापक शिक्षा सुधार, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और युवाओं के भरोसे को पुनर्स्थापित करने के अवसर में बदल देती है, तो यह घटना एक सकारात्मक मोड़ साबित होगी। लेकिन यदि इसे केवल एक राजनीतिक संकट के प्रबंधन के रूप में देखा गया, तो जंतर-मंतर का सन्नाटा अस्थायी होगा और लोकतंत्र को ऐसे प्रश्नों का सामना बार-बार करना पड़ेगा।

## दो टूक




# आदर्श लोकतंत्र के लिए बदलाव समय की मांग

*हृदयनारायण दीक्षित*

शासन तंत्र लोक कल्याणकारी कामों का लाभ आमजनों तक ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशासन तंत्र को सक्रिय किया है। प्रधानमंत्री नीति व निर्णयों में तेज रफ्तार गतिशील हैं। वे सारी कार्य संस्कृति बदल रहे हैं। आखिरकार सभी सुधारों का अंतिम उपकरण प्रशासन तंत्र है। नीतियों और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्रशासन तंत्र द्वारा ही होता है। नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र में जड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में जनता से दूरी बनाए रखते हैं। देश में अधिकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के मध्य अच्छे सम्बंध नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र में तनाव रहता है। मारपीट की नौबत तक आ जाती है। आदर्श लोकतंत्र के लिए यह अच्छी स्थिति नहीं है।

सो उत्कृष्ट, निष्ठावान और कार्यकुशल प्रशासन आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमारे संविधान तंत्र में सरकारें संसद व विधानमण्डलों के सामने जवाबदेह हैं। जनप्रतिनिधि भी प्रत्येक 5 वर्ष के बाद आम जनता के समक्ष होते हैं। लेकिन प्रशासन तंत्र की कोई जवाबदेही नहीं। प्रशासन तंत्र संवेदनहीन और निष्क्रिय है और सरकारें सक्रिय। भारतीय प्रशासन का इतिहास पुराना है। प्राचीन प्रशासन की प्रशंसा फाहयान ने भी शासन प्रबंध सुव्यवस्थित, उदार व सौम्य बताकर की है। मौर्यकाल (340 ई0पूर्व) में भी सुगठित राष्ट्रनिष्ठ शासन तंत्र था। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में प्रशासन तंत्र का खूबसूरत विवरण है।

सिंधु घाटी सभ्यता (2200 ई0 पूर्व से 1750 ई0पूर्व तक) के प्रशासन को ह्वीलर व पिगाट जैसे विद्वानों ने भी सुगठित बताया है। उत्तर वैदिक काल व वैदिक काल का प्रशासन समाज के साथ एकताबद्ध और उत्तरदायी था। अंग्रेजी शासकों ने अपने साम्राज्य को मजबूत करने का प्रशासन तंत्र बनाया था। अंग्रेज सरकारों ने भी प्रशासनिक सुधारों के लिए कई आयोग बनाए थे। प्रशासन ही सत्ता चलाने का उपकरण था। वे स्वाभाविक ही प्रशासनिक सुधारों पर सजग थे लेकिन स्वतंत्र भारत में लम्बे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने प्रशासनिक सुधारों पर कोई ठोस काम नहीं किया। प्रशासन परम स्वतंत्र होने की स्थिति का उपभोग करता आया है। भारतीय संविधान की उद्देशिका व नीति निदेशक तत्व सरकार व प्रशासन तंत्र के मार्गदशक हैं। वे सुस्थापित विधि नहीं बल्कि सरकार व प्रशासन के कामकाज की आत्मा है। प्रशासन तंत्र इन सूत्रों से नहीं जुड़ता। स्वतंत्र भारत (1951) में प्रशासन की कार्यशैली पर एन0 डी0 गोरेवाला की रिपोर्ट 'लोक प्रशासन पर प्रतिवेदन' नाम से आई। रिपोर्ट के अनुसार कोई भी लोकतंत्र स्पष्ट, कुशल व निष्पक्ष प्रशासन के अभाव में सफल नियोजन नहीं कर सकता। इस रिपोर्ट में अनेक उपयोगी सुझाव थे लेकिन क्रियान्वयन नहीं हुआ।

1952 में केन्द्र ने प्रशासनिक सुधारों पर विचार करने के लिए पाल एपिलबी की नियुक्ति की। उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया और 'लोक प्रशासन सर्वेक्षण का प्रतिवेदन' प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव थे। लेकिन जड़ता नहीं टूटी। स्वाधीनता के 19 बरस बाद पहला प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) बना।

मोरारजी देसाई अध्यक्ष थे, वे मंत्री हो गए। आयोग ने हनुमंतैया की अध्यक्षता में काम बढ़ाया। आयोग का पहला प्रतिवेदन नागरिकों की व्यथा दूर करने की समस्या शीर्षक से 20 अक्टूबर 1966 में आया। प्रशासन बनाम आमजन की व्यथा से पूरा देश पीड़ित है लेकिन इस महत्वपूर्ण बिन्दु की उपेक्षा हुई। आयोग ने केन्द्रीय प्रशासन व राज्य प्रशासन पर अलग-अलग सुझाव दिये। रिपोर्ट में आर्थिक नियोजन को आर्थिक प्रशासन के रूप में पहचानने के भी उल्लेख थे।

प्रशासन का रूप-रंग और कार्य व्यवहार जस का तस बना रहा। पहले प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट (1970) के 35 साल बाद सितम्बर 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग बना। मोइली ने 2009 में पद त्यागा। इस आयोग ने भी केन्द्रीय प्रशासन के ढांचे के साथ राज्य प्रशासन पर भी सिफारिशें की। जिला प्रशासन को सक्षम बनाने की भी महत्वपूर्ण संस्तुतियां की। इस रिपोर्ट में आतंकवाद की चुनौती पर भी सुझाव थे। मनरेगा के क्रियान्वयन की भी शल्य परीक्षा थी। समूची रिपोर्ट पर मंत्रियों के समूह को विचार का काम सौंपा गया। आयोग की सिफारिशों के अंत में कहा गया था सरकार के दृष्टिकोण में आवंटन आधारित विकास कार्यक्रमों से पात्रता आधारित विकास कार्यक्रमों की ओर अन्तरण हुआ है। सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर है। केन्द्रीय बजट बढ़ा है। इस सबके कारण संस्थागत प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण जरूरी है। यहां विकास के सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रबंधन पर जोर है। लेकिन असली दिक्कत दूसरी है। सभी कार्यक्रमों को अंतिम परिणिति तक पहुंचाने वाले प्रशासन तंत्र की प्रथम वरीयता परिणाम देना नहीं अपितु अपनी सेवा सुरक्षा है।

संविधान विशेषज्ञ मंत्रिपरिषद को अस्थाई और प्रशासन को स्थाई सरकार कहते हैं। यह उचित भी है। सरकार का कार्यकाल पांच वर्ष है और प्रशासन का कार्यकाल सतत् चलता है। लेकिन वास्तविक क्रियान्वयन की शक्ति प्रशासन में निहित है। सरकारें पेयजल की समस्या पर बजट देती हैं। व्यवस्था प्रशासन के हाथ में है। बजट का बड़ा भाग प्रायाः खर्च नहीं हुआ। प्रशासन तंत्र चाहता तो खर्च हो जाता। योजनाएं बनती हैं, क्रियान्वित नहीं होती। योजना की प्राक्कलन राशि बढ़ती जाती है।

तमाम बैंक अधिकारियों ने बेरोजगारो को टाल दिया। कई राज्यों में प्रशासन का राजनैतिकरण हुआ है। कुछेक प्रशासनिक अधिकारी सत्तादल के कार्यकर्ता जैसा आचरण करते हैं। आईएएस अधिकारियों के एक समागम में एक अधिकारी ने दूसरे से पूछा पार्टनर!

आपके जिले की जनसंख्या क्या है? अगले ने कहा ओनली ऐट सिर्फ आठ। पहले ने पूछा कुछ समझ में नहीं आया। अगले ने कहा आठ नेता सीएम से मिलते हैं। यही जनसंख्या है। इन्हीं को सेट रखना हमारी प्राथमिकता है। बेशक यह मजाक है लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं।

केन्द्र की नीति और नीयत की प्रशंसा हो रही है। नीति और नीयत को क्रियान्वित करने वाला मुख्य उपकरण प्रशासन है। प्रशासन को नये आर्थिक सुधारों के क्रियान्वयन का सक्रिय उपकरण बनाना ही होगा। इसी तरह समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं, कृषि, स्वरोजगार व गरीबी से संघर्ष के काम में ढिलाई करने वाले प्रशासन तंत्र की मनोदशा में बदलाव जरूरी है। प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें उपयोगी हैं। भारत की नई चुनौतियों के बरक्स प्रशासन के सामने भी चुनौतियों का नया स्वरूप आया है।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

## साहित्य



### नीट का कड़वा घूंट

**संजय एम तराणेकर**

जब कलम काँपी, प्रश्न भी रोए,
उत्तरों से पहले सपने को खोए।
मेहनत की गठरी कंधों पर थी,
पर राह में कितनी धूल संजोए।

जब शिक्षा का मंदिर डगमगाता,
विश्वास का दीप भी बुझ जाता।
अंकों से बढ़कर होता हैं भविष्य,
जो अन्याय से घायल हो जाता।

यहाँ कुर्सियाँ आती-जाती रहतीं,
त्यागपत्र भी इतिहास हैं बनाते।
ये खोया हुआ विश्वास लौटे कैसे,
जब छात्र आँसू पीकर मुस्काते?

युवाओं की आँखों में जो कल था,
वह केवल मात्र एक परीक्षा नहीं;
माँ की प्रार्थना व पिता का संघर्ष,
साथ में वर्षों की साधना थी कहीं।

सत्ताधारियों का धर्म उत्तर देना है,
सिर्फ़ इन घटनाओं पर मौन नहीं।
शिक्षा तभी राष्ट्र की शक्ति बनेगी,
जब न्याय मिले, फिर संदेह नहीं।

आओ वर्तमान हम ऐसा समय रचें,
जहाँ श्रम शक्ति का सम्मान अटल।
हर एक विद्यार्थी निडर होकर कहे—
मेरी मेहनत ही मेरी सफलता का
संबल हो।

# प्रकृति के लिये संकट बनती निर्माणाधीन सुरंगें

*प्रमोद भार्गव*

मानव जीवन के लिए प्रकृति को छलनी कर किया जा रहा आधुनिक विकास, जहां जरूरी है, वहीं संकट का सबब भी बन रहा है। सिक्किम के नामची जिले में समरडुंग-झोलुंगे में नामची जल विद्युत सुरंग परियोजना (तीस्ता नदी चरण-5) की निर्माणाधीन सुरंग में तेज बारिश, भूस्खलन और जहरीली गैस मीथेन के रिसाव चलते बड़ी दुर्घटना घटी है। इसमें 20 मजदूरों की मौत हो गई। कुल 25 मजदूर घटना के समय सुरंग में काम कर रहे थे। 500 मेगावाट की इस परियोजना में विस्फोट के कारण मिथेन का रिसाव हुआ बताया जा रहा है। रिसाव के चलते राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत दलों को बचाव कार्य में कठिनाई आ रही है। सुरंग के भीतर ऑक्सीजन का स्तर बहुत कम रह गया था। इस कारण कई बेहोश हो गए थे। फंसे लोगों को निकालने के लिए हरसंभव प्रयास हो रहे हैं। सुरंगों के लिए किए जाने वाले भीषण विस्फोटों को भूस्खलन एक बड़ा कारण माना जा रहा है। नामची जिले में जल विद्युत ऊर्जा निगम तीस्ता छह परियोजनाओं के लिए सुरंगें बनाई जा रही हैं। समूचे हिमालय में घट रही ऐसी घटनाएं पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर रही हैं।

**विकास के लिए पर्यावरण की अनदेखी खतरनाक**

इस सुरंग के अलावा सिक्किम के ऊंचाई वाले नगरों व ग्रामों तक पहुँच आसान बनाने के लिए अनेक सुरंगें निर्माणाधीन हैं। इनमें 578 मीटर लंबी एक सुरंग मंगन जिले की सीमा में गंगटोक-चुंगथांग राजमार्ग पर बन रही है। दूसरी प्रमुख सुरंग सिवोक-रंगपो है। इसे पाक्योंग जिले में भारत-तिब्बत तक बनाया जा रहा है। यह सुरंग सीमा तक सैनिकों की आवाजाही को आसान बनाएगी। मालूम हो, बीते साल फ़रवरी 2025 में तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले के डोमलपेंटा गांव में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे आठ लोगों का जीवन बचाने में अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। 42 किमी लंबी यह सुरंग बनने के बाद दुनिया की सबसे लंबी पानी की सुरंग कहलाएगी। 2023 में उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा भूमि में धंस जाने के कारण 40 मजदूर फंस गए थे। उनके प्राण पिछले कुछ दिनों से संकट में जरूर हैं, लेकिन उन्हें बचा लिया गया था।

यह हादसा उत्तरकाशी से 55 किमी दूर निर्माणाधीन सिल्क्यारा-पोलगांव सुरंग के भीतर हुआ था। यह हादसा भू-स्खलन के कारण सुरंग का 15 मीटर हिस्सा जमीन में धंस जाने के कारण घटित हुआ था। बरसात के मौसम में सुरगें मलबे और पानी से भर जाती हैं। फंसे लोगों को बचाने के लिए रैट माइनर्स अर्थात चूहों की तरह खदान खोदने वाले विशेषज्ञ खनिक इस काम को अंजाम तक पहुंचा पाते हैं। यही सिक्किम के लोगों को बचने के काम में जुटे हैं। बचाव दल रोबोटिक कैमरों की मदद से लोगों तक बमुशिकल पहुँच पता है। ये थर्मल फिशिंग नौका से सुरंग के अंदर पहुंचते हैं।

वर्तमान में देशभर के पहाड़ों की पारिस्थितिकी की अनदेखी करके सड़कों, रेल लाइन, नहरों के पानी की निकासी, नदी जोड़ों और जल विद्युत परियोजनाओं के लिए हिमालय के शिखरों से लेकर मध्य और दक्षिण भारत के अनेक पहाड़ो को खोदा जा रहा है। इन कठिन कार्यों को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अनेक दुर्घटनाओं का सामना भी करना पड़ रहा है। समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में जल विद्युत संयंत्र और रेल परियोजनाओं की बाढ़ आई हुई है। इन योजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है।

इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखर दरकने लगे हैं, जिन पर हजारों साल से मानव बसाहटें अपने ज्ञान-परंपरा के बूते जीवन-यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव-जगत की भी रक्षा करते चले आ रहे हैं। हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी-सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। यह सूक्त में राष्ट्रीय अवधारणा एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को विकसित, पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिश की हैं। लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया। जोशीमठ इसी अनियोजित विकास की परिणति है।

उत्तराखंड के चमोली जिले में आने वाले जोशीमठ शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों से जोशीमठ के हिमालय के गर्भ में धंस जाने की चिंता जताई है। सिमटती धरती की इन प्रामाणिक सच्चाइयों को छिपाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार ने अंतरिक्ष एजेंसी समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करे।



उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनमें से कई पूरी भी हो गई हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए बुनियाद हेतु गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जाते हैं। कई जगह सुरंगे बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों की दरारों को खाली कर देता है और पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडो के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी किए जाकर हिमालय को हिलाया जा रहा है।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं भी निर्माणाधीन है। सबसे बड़ी रेल परियोजना उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। छह हजार परिवार विस्थापन के दायरे में आ गए हैं। रुद्रप्रयाग जिले के मरोड़ा गांव के सभी घर दरक गए है। रेल विभाग ने इनके विस्थापन की तैयारी कर ली है। यह तो शुरुआत है, लेकिन ये विकास इसी तरह जारी रहते हैं तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तृत होगा। दरअसल ऋषिकेश से कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125 किमी लेगी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बांकी जो 15 सुरंगें बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं। इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ के बजाय अब पीपलकोटी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद रेल विकास निगम ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोटी कर दिया है,जो एक अच्छी पहल है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में ये विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़े हिला रहे हैं। हिमालय की अलकनंदा नदी घाटी ज्यादा संवेदनशील है। रेल परियोजनाएं इसी नदी से सटे पहाड़ों के नीचे और ऊपर निर्माणाधीन हैं।

हिमालय में हाल ही में केन-बेतवा नदी जोड़ों अभियान की तर्ज पर उत्तराखंड में देश की पहली ऐसी परियोजना पर काम शुरू हो गया है, जिसमें हिमनद (ग्लेशियर) की एक धारा को मोड़कर बरसाती नदी में पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। यदि यह परियोजना सफल हो जाती है तो पहली बार ऐसा होगा कि किसी बरसाती नदी में सीधे हिमालय का बर्फीला पानी बहेगा। हिमालय की अधिकतम ऊंचाई पर नदी जोड़ने की इस महापरियोजना का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। इस परियोजना की विशेषता है कि पहली बार उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल की एक नदी को कुमाऊं मंडल की नदी से जोड़कर बड़ी आबादी को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। यही नहीं एक बड़े भू-भाग को सिंचाई के लिए भी पानी मिलेगा। 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत इस परियोजना पर काम किया जा रहा है। लेकिन इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जिस सुरंग का निर्माण कर पानी नीचे लाया जाएगा, उसके निर्माण में हिमालय के शिखर-पहाड़ों को खोदकर सुरंगों एवं नालों का निर्माण किया जाएगा, उनके लिए ड्रिल मशीनों से पहाड़ों को छेदा जाएगा और विस्फोट से पहाड़ों को शिथिल किया जाएगा। यह स्थिति हिमालयी पहाड़ों के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए नया बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हिमालय के लिए बांधों के निर्माण पहले से ही खतरा बनकर कई मर्तबा बाढ़, भूस्खलन और केदारनाथ जैसी प्रलय की आपदा का कारण बन चुके हैं।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने भरी हुंकार



**फतेहपुर।** नहर कालोनी में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की पूर्व प्रस्तावित बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षामित्रों के मूल विद्यालय की वापसी का आदेश 19 माह गुजर जाने के बाद भी अभी लागू नहीं किया गया है जिससे जिले में लगभग 800 लोग आज भी इस अल्प मानदेय में 70-80 किलोमीटर की दूरी तय करके अपनी सेवा दे रहे हैं। इस भागदौड़ में उनका मानदेय भी नहीं बच पाता है और तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं। वापसी न होने के कारण शिक्षामित्रों में आक्रोश है। इस समस्या को देखते हुए प्रदेश कमेटी के निर्णय के उपरांत आगामी दिनांक 3 अगस्त को जनपद फतेहपुर के समस्त शिक्षामित्र जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अपनी समस्या को बताएंगे कि 3 जनवरी 2025, 12 जून 9 दिसम्बर 2025 व 12 दिसम्बर 2025 को अब तक चार शासनादेश हो चुके हैं फिर भी जिले के अधिकारियों ने इसे दरकिनार किया, शिक्षामित्र अब खामोश नहीं बैठेगा और इस समस्या के समाधान के उपरांत ही शांत होगा। वहीं जिला मंत्री ने बताया कि सुमित द्विवेदी प्रमुख सचिव बेसिक द्वारा एस बी आई से सरकार का समझौता हो गया है जिसमें शिक्षामित्रों के नए खाते एसबीआई में खुलने हैं। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अभी तक कोई भी आदेश जिले से निर्गत नहीं किया गया जिसके माध्यम से बीआरसी में कैंप लगकर जो साइन हुआ है वह लागू किया जा सके। साथ ही जिले में कैशलेस चिकित्सा कार्ड के स्टेटस 15-15 दिन से पेंडिंग दिखा रहे हैं वह अभी तक फाइनल नहीं किए गए। शासन की मंशा है कि शिक्षामित्र का लाभ मिले परंतु कर्मचारियों का ढुलमुल रवैया उनके साथ अन्याय कर रहा है जिससे शिक्षामित्र और सरकार के बीच में फिर से दूरी आने लगती है। बैठक का संचालन अजय सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, सुमित द्विवेदी जिला मंत्री ऐरायां अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह ब्लाक अध्यक्ष विजयीपुर पुजारी लाल, छोटेलाल पटेल, दिलीप कुमार, जय नारायण सिंह तारिक हसन, होलीलाल, तिवेश सिंह, रेनू केसरवानी, सुधा गुप्ता, शशिकांती, नीलम गुप्ता, सुचिता पांडेय, सुनीता देवी, सियावती, सविता, नीलम मौर्य, मिथलेश, सुनीता, सुनील अतर सिंह, भारती सिंह सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

### रिटेनिंग वॉल, मोरी घाट मंदिर पर मंडराया खतरा, वन विभाग ने तेज की जांच

**ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद की शिकायत प्रथम दृष्टया सही, एसडीएफओ ने मौके पर जांच कर मांगी लेखपाल से भूमि की आख्या**



**कालपी (जालौन)।** ग्राम पंचायत कीरतपुर के ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद द्वारा यमुना तट पर अवैध खनन, रिटेनिंग वॉल को क्षति पहुंचाने तथा ओवरलोड वाहनों के संचालन को लेकर की गई शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद वन विभाग हरकत में आ गया है। उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीएफओ) सतेन्द्र तोमर ने रविवार को मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और पूरे मामले की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएफओ ने शिकायतकर्ता ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद के बयान दर्ज किए तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में शिकायत के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर संबंधित भूमि के स्वामित्व एवं अभिलेखीय स्थिति स्पष्ट करने के लिए वन रेंजर कालपी से विस्तृत आख्या (रिपोर्ट) तलब की गई है। शिकायत के अनुसार रिटेनिंग वॉल के सपोर्टिंग पिलरों को क्षतिग्रस्त कर अवैध रास्ता बनाया जा रहा है। साथ ही भारी ओवरलोड डंपरों की लगातार आवाजाही से करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित रिटेनिंग वॉल एवं वन विभाग के संरक्षण में स्थित ऐतिहासिक दुर्ग, जिसे स्थानीय स्तर पर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के इतिहास से जुड़ा तथा उनके मंत्रणा कक्ष के रूप में जाना जाता है, पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। यमुना तट पर लगातार हो रहे अवैध खनन से नदी कटान बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ तटवर्ती क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद ने बताया कि यदि समय रहते अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो वन विभाग का ऐतिहासिक किला, मोरी घाट मंदिर तथा यमुना तट की अन्य ऐतिहासिक धरोहरें गंभीर खतरे की जद में आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी विषय है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च को अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय में ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया को गति दी है। उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र तोमर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज पाण्डेय ने जांच अधिकारी को किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग भी की। जांच के दौरान एसडीओ रवि कटियार, वन रेंजर देवेंद्र कुमार, वन दरोगा अजीत कुमार तथा लेखपाल जितेंद्र यादव भी मौके पर उपस्थित रहे।

### मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा, नीम के नीचे गोबर डालने की शिकायत

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजदुवां के मजरा रामनगर में सार्वजनिक स्थानों और मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। रामनगर निवासी विनोद कुमार पुत्र गंगाराम ने उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके घर के पास एक छायादार नीम का पेड़ स्थित है, जिसकी छाया में गांव के लोग गर्मी के मौसम में बैठकर आराम करते हैं। आरोप है कि गांव के ही संतोष नामक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर नीम के पेड़ के किनारे गोबर और घूरा डाल रखा है, जिससे वहां बदबू फैल रही है और लोगों का बैठना बंद हो गया है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि पुलिस और प्रशासन की मदद से उक्त स्थान की साफ-सफाई कराकर गोबर व अन्य अवरोध हटवाए जाएं, ताकि ग्रामीण पुनः पेड़ की छाया का लाभ उठा सकें। वहीं दूसरी ओर रामनगर निवासी बुद्ध प्रकाश, अतर सिंह, राजबहादुर, धारा सिंह, सौरभ सिंह, रामशंकर, राजाबाबू, प्रेमदास, सुनील कुमार, बलवीर, मलखान, ब्रह्मादीन, नरेंद्र, सोहन सिंह, रन सिंह, चंद्रभान सिंह, महेश कुमार, कमलेश, भीम सिंह, अमर सिंह, हुकुम सिंह, संजय कुमार, रणजीत सिंह, जयनारायण, रामसिया, बलराम, हरनारायण, नारायण सिंह, रामशरण, अरविंद कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिए पत्र में आरोप लगाया कि बिजदुवां मजरा रामनगर की गाटा संख्या 425 राजस्व अभिलेखों में सरकारी मंदिर (देवस्थान) के नाम दर्ज है, लेकिन गांव के इन्द्रपाल सिंह ने उस भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा निर्माण कार्य के लिए दरवाजा भी लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि मंदिर एवं देवस्थान के लिए सुरक्षित है, लेकिन कब्जाधारी अपना अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं है। आरोप है कि जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति अधिकारियों के सामने उपस्थित नहीं होता और चिह्नित भूमि को मानने से भी इनकार करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल केवल औपचारिक जांच कर लौट जाते हैं तथा पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम गठित होने पर ही समस्या के समाधान की बात कही जाती है।

# कार्गो एयरपोर्ट की घोषणा कर देते सीएम तो जिले के विकास को मिलती रफ्तार: चंद्रप्रकाश लोधी

- विधायक निधि से विधानसभा में 162 मार्ग, मंदिरों का सौंदर्यीकरण और प्रतीक्षालय का कराया निर्माण
- सबका साथ सबका विकास का नारा बेईमानी, नहीं होती विपक्ष के विधायकों की सुनवाई



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में आए सीएम योगी आदित्यनाथ के भाषण में अगर सदर विधानसभा से भाजपा का विधायक जिता कर भेजते तो फतेहपुर चमक जाता के बयान पर पलटवार करते हुए समाजवादी पार्टी से सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने कहा कि विपक्ष में होने के चलते उनकी सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कई प्रस्ताव शासन को भेजे सीएम से मिलकर मांग भी की लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। सीएम सबका साथ सबका विकास की बात करते है लेकिन उनके कई अहम प्रस्तावों और मांगो को नजर अंदाज किया गया। सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उनको जितनी भी निधि पिछले चार सालों में मिली है उससे उन्होंने अपनी विधानसभा में कई विकास कार्य करवाए हैं । उन्होंने बताया कि पिछले चार सालों में पूर्वांचल निधि से 24 मार्ग और विधायक निधि से 138 मार्गो का निर्माण कराया है। इसके अलावा 50 लाख की लागत से सिद्ध पीठ तांबेश्वर मंदिर का प्रवेश द्वार और सौन्दर्यीकरण का कार्य करवाया है। 45 लाख की लागत से मां कालिकन देवी मंदिर का प्रवेश द्वार और सौन्दर्यीकरण का कार्य,10 लाख की लागत से प्रतीक्षालय बनवाया। उन्होंने कहा कि सीएम का जिस ग्राउंड में कार्यक्रम लगा था वो हवाई अड्डे की जमीन है। सीएम अगर कारगो एयरपोर्ट की घोषणा कर देते तो जिले के विकास को और रफ्तार मिल जाती। जिले के किसानों और जनपदवासियों को बड़ी सौगात मिल जाती। सदर विधायक ने कहा कि उन्होंने अपनी निधि और प्रयास से विधान सभा में कई विकास कार्य कराए है। अभी भी करोड़ों के 45 कार्य प्रस्तावित है।

## संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनपद के कोने कोने से कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे। जिले के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी को पढ़ कर सुनाया गया उन्होंने बताया इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित आरक्षण को कोल्हापुर के परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था। इस लिए हर वर्ष 26 जुलाई से अधिक ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है, क्योंकि विचार को सही में लागू करना ही तो सबसे बड़ा और प्रभावशाली उदाहरण है। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, हुसैन गंज विधायक ऊषा मौर्या, सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, दलजीत निषाद, रीता प्रजापति, राम कृपाल सोनकर, केतकी यादव, संगीता राज पासवान, राम तीरथ परमहंस, सुशील दोषी, चंदन पाल, डॉ राम नरेश पटेल, मोइन खान, शमीम अहमद, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, मनोज यादव, राजेंद्र वर्मा, गणेश वर्मा, नरेश उमराव, डीजी कुशवाहा, नफीस उद्दीन, शकील गोल्डी, नरेश कोरी, ज्ञान सिंह, बाबू सिंह कुशवाहा, मो.सलमान, वीरेंद्र साहू, एड संदीप श्रीमाल, वीरेंद्र तिवारी, हीरा लाल साहू, शनि लोधी, इसरार खान, रईस अहमद, गार्गीदीन बाजपेई, अखिलेश सविता, राम गुलाम जाटव, आशीष नामदेव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## थाना अजनर पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा वांछित/वारंटी एवं जिला बदर अपराधियों की चेकिंग हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। उक्त क्रम में थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम उ.नि. रावेन्द्र मिश्रा एवं उ.नि. हरी कुमार सिंह द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंट की तामील के दौरान 1 नफर वारंटी अभियुक्त करन सिंह पुत्र स्व. धरमजीत सिंह निवासी ग्राम गुढा थाना अजनर जनपद महोबा को संबंधित अ.सं. 189/2024, केस संख्या 8677/2024, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। उक्त वारंट मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा न्यायालय से निर्गत है, गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



## धरम स्मार्ट पंप का पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने किया उद्घाटन

**बहुआ, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**

बहुआ कस्बे के लदिगवां में इंडियन आयल धरम स्मार्ट स्टेशन पेट्रोल पंप का रविवार को भव्य शुभारंभ किया गया। पेट्रोल पंप का भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह व जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबून सिंह, समाजसेवी अशोक तपस्वी, बहुआ चेयरमैन प्रतिनिधि कामता प्रसाद सोनी असोथर नगर अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, भूपेंद्र सिंह, दिनेश सिंह गौतम, प्रभाकर सिंह गौतम, जितेंद्र सिंह, आनंद सिंह, चुनूं सिंह चंदेल, के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, इंडियन ऑयल की सेल्स ऑफिसर जरीना अकरम, निलय शंकर, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, राम प्रताप सिंह गौतम, ज्ञानू सचान, बच्चा तिवारी, भगत, सुशील चंदेल, प्रेम शंकर अवस्थीस पप्पू तिवारी, अभय प्रताप, अनिल शुक्ला, अभय सिंह चौहान, संजय श्रीवास्तव, पीयूष नाथ सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। धरम स्मार्ट पंप के प्रोपराइटर राजेश सिंह गौतम ने सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस पेट्रोल पंप के संचालन से बहुआ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण ईंधन की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। इससे लोगों का समय बचेगा और आवागमन भी अधिक सुविधाजनक होगा। मुख्य अतिथियों ने धरम स्मार्ट पंप के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की आधुनिक सुविधाओं का विस्तार विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पेट्रोल पंप बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के सम्मान एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की



## हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- यूपी-112 पर झूठी सूचना देने का आरोप, जाँच में खुला पत्नी की हत्या का मामला

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



थाना अन्तर्गत बिजरारी गाँव में पति द्वारा पत्नी की हत्या किये जाने का एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है जहाँ पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। और शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जुलाई 2026 की रात्रि को थाना पनवाड़ी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिजरारी निवासी हनीफ द्वारा यूपी-112 पर सूचना दी गई कि उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि उक्त व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को धारदार हथियार से चोट पहुंचाई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हुई है। घटना के संबंध में फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्यों का संकलन एवं संरक्षण कराया गया। तत्पश्चात शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड अनुरुद्ध कुमार के अनुसार अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतका के परिजनों को सूचना दी गई है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पनवाड़ी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पनवाड़ी थाना अन्तर्गत बिजरारी गाँव में मृतिका मनीषा मंसूरी करीब 35 बर्ष अपने पीछे दो नाबालिक बच्चे पुत्र फैजान 4 बर्ष व पुत्री मुस्कान 2 बर्ष छोड़ गई है।

## कारगिल दिवस पर जाबांजों को समाधि स्थल पर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कारगिल विजय दिवस पर आज वीरभूमि के बालेन्द्र सिंह व जगदीश यादव जैसे जांबाजों को नमन किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान से हुई लड़ाई में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए और देश के लिए बलिदान हो गये। उनके समाधि स्थल पर उनके परिजनों, पूर्व सैनिकों व समाज सेवियों ने उनके जीवन से जुड़े रोचक प्रसंग भी सुनाए।

बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण संघ के उपाध्यक्ष कैप्टन देवीदीन यादव ने बताया कि हमें गर्व है कि 60 दिन तक चले कारगिल युद्ध में 527 सैनिक शहीद हुए थे। उनमें दो बलिदानी हमारे यहां भी हैं। बलिदानी बालेन्द्र के बड़े भाई रणविजय सिंह ने कहा कि इस मौके पर हम भी खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि सबसे पहले हम बालेन्द्र के गांव गंज गये। फिर हम बलिदानी दिनेश बुधौलिया की समाधि पर पुष्पांजलि करके सीधे कारगिल



बलिदानी कमांडो जगदीश यादव की समाधि पहुंचे और उनके परिजनों के साथ बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके भाई दयाशंकर ने बताया कि उन्होंने कैसे टाइगर हिल पर दुश्मनों से डटकर मुकाबला किया। कार्यक्रम में कैप्टन देवीदीन यादव, कैप्टन राम सेवक, कमांडो रवीन्द्र सिंह, रणविजय, जय सिंह, इंद्रपाल, बलवीर सिंह, रामजी राजपूत, अमरचंद, लाला भाई पाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### ई रिक्शा चालकों की मनमानी से सड़कों पर लगता है जाम

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के माधौगढ़, रामपुरा और ऊमरी नगरों में ई-रिक्शों की बढ़ती संख्या तथा यातायात नियमों की अनदेखी के कारण जाम और अव्यवस्था आम समस्या बनती जा रही है। प्रमुख बाजारों, चौराहों और व्यस्त सड़कों पर ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर सवारियां उतारने-बिठाने लगते हैं, जिससे दिनभर कई बार यातायात बाधित होता है और राहगीरों, दुकानदारों व अन्य वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश ई-रिक्शा चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते। कई चालक निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर वाहन चलाते हैं, जबकि कुछ चालक सड़क के बीचों-बीच ई-रिक्शा रोक देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्यक्रम में वितरित किए कार्ड

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ संजीव प्रसारण , जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने वितरित किए कैशलेस कार्ड

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद महोबा में स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जयप्रकाश अनुरागी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद महोबा अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया , शासन की ओर से प्रो. डॉ. दीपाली गुप्ता ,क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट धाम मंडल बांदा एवं शासन द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारी (उच्च शिक्षा) प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार ने जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के दो दर्जन से अधिक प्राध्यापकों को लाभार्थी कैशलेस कार्ड वितरित किए।

बताया है कि इस योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक की चिकित्सा कवरेज मिलेगा। इस योजना के तहत लाभार्थी शिक्षकों एवं उनके परिवारों को नगद रहित चिकित्सा सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में साईं कॉलेज के प्राचार्य डॉ एल सी अनुरागी, माँ चंद्रिका महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ज्योति सिंह, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरिफ राईन,डॉ महेंद्र सिंह, डॉ डीके खरे ,डॉ अनवर आलम, प्रो सोवित गुप्ता, प्रो रामबिहारी, शैलेष तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, डॉ लाल सिंह, डॉ सुशील शुक्ला एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया।

### भगवान अहंकारियों के अभिमान का करते हैं हरण: गोपाल शरण

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरावली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान व्यास पीठ से प्रवचन देते हुए कथा व्यास गोपाल शरण महाराज ने कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और अहंकारियों के अभिमान का हरण कर धर्म की स्थापना करते हैं। व्यास गोपाल शरण महाराज ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने विषपान कराकर श्रीकृष्ण का वध करने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने उसका उद्धार कर उसे मातृत्व की गति प्रदान की। उन्होंने श्रीकृष्ण की माखन-चोरी की मनमोहक लीलाओं का भी वर्णन किया। कथा के दौरान गोवर्धन पर्वत धारण प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब इंद्रदेव अहंकारवश ब्रजवासियों पर प्रलयंकारी वर्षा करने लगे, तब सात वर्षीय भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर सात दिन तक गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का अभिमान चूर कर दिया। यही संदेश है कि अहंकार का अंत निश्चित है और ईश्वर की शरण ही सर्वोपरि है। कार्यक्रम में श्री श्री 1008 महंत ढड़ेश्वरी मंदिर उरई के महंत मोहन दास जी, श्री श्री 1008 महंत गोपाल दास जी मंडलेश्वर (बंगरा) तथा श्री श्री 108 महंत राघव दास जी ने उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए। कथा में संगीत सहयोग पंडित हरि बल्लभ शास्त्री, बच्चन महाराज, आचार्य विष्णुकांत एवं बृज बिहारी ने दिया। इस अवसर पर हरिओम दीक्षित, प्रहलाद सिंह, श्रीमती कृष्णा बहन जी, अशोक पांडे, दिलीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जानकीशरण दीक्षित ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कराया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल रहे प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

- डॉ. भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक संस्थान ने किया आयोजन
- सदर विधायक का संस्थान के प्रति सहयोग निश्चित ही सराहनीय रहा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक संस्थान उरई द्वारा अनुसूचित जाति के मेधावी छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं नेट, इंजीनियरिंग एवं सरकारी सेवाओं में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी हौसला अफजाई के लिए समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद दोहरे की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का संचालन वरिष्ठ अध्यापक केके शिरोमणि ने किया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक संस्थान के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में नम्रता पुत्री अरविंद, अभिनव सिंह पुत्र गजेंद्र बहादुर, लावण्या सिंह पुत्री डॉ. विनय किशोर, रूपा बाल्मीकि पुत्री विक्रम सिंह, अरिजीत सिंह पुत्र मानसिंह दोहरे इटवा, सिद्धार्थ राज पुत्र अशोक कुमार पौत्र श्रीमती कुसुमा आत्माराम फौजी, पूजा पति शरद सिंह, सत्येंद्र कुमार पुत्र बलराम सुशील नगर, सोभनी पुत्री राधेश्याम, गौरव सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रकाश बाबू अम्बेडकर नगर उरई, हिमांशु राजा पुत्र अमरनाथ उमरार खेड़ा, जूली देवी पुत्री बलवीर सिंह और सुमित गौतम पुत्र दीपक गौतम को माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र, डॉक्टर अंबेडकर की फोटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पहले संस्थान के सदस्य मिस्टर सिंह ने 2 अक्टूबर 1994 में धर्मराज के यहां हुई बैठक से शुरू हुई डॉ भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक संस्थान की प्रगति यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान को आज स्वरूप में पहुंचाने के लिए मेहनत लगन एवं त्याग करने के साथ ही हर तरह का सहयोग करने वाले संस्थान के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों के सहयोग को याद करते हुए इस संस्थान को और आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद चौधरी महामंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उजागर लाल दोहरे, शैलेंद्र शिरोमणि, श्याम प्रकाश दोहरे ने सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा के द्वारा संस्थान को आगे बढ़ाने में किए गए सहयोग के लिए एक स्वर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उनके और अधिक राजनीतिक उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा का संस्थान के प्रति सहयोग निश्चित ही सराहनीय है और उनके इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शिरोमणि ने कहा कि आज जो अधिकार हमें मिले हैं वह बाबा साहब के संघर्ष का परिणाम है उन्होंने मेधावी छात्राओं से कहा कि आपको बढ़ते जाना है आपके सामने जातिवाद की दीवार भी आएगी लेकिन आपको अपना लक्ष्य याद रखना होगा। एलआईसी प्रबंधक आरएन गौतम ने कहा कि हमें बैक सोसायटी पर ध्यान देना होगा हमारे बच्चे विशेष प्रयास करें हम जहां भी हैं शिक्षा एवं नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे बच्चों की मदद करें। आईटीआई के पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि बच्चों को अपनी शिक्षा पर ध्यान देना है क्योंकि शिक्षा काल में आपको शोषण का सामना करना पड़ सकता है लेकिन इससे आपको घबराना नहीं है पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं संस्थान के महामंत्री उजागर लाल दोहरे कहा कि समाज के लोगों ने अथक परिश्रम एवं आर्थिक सहयोग से इस संस्थान को खड़ा किया है हम सभी का दायित्व है कि संस्थान को और आगे बढ़ाया जाए जिससे शिक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए बच्चे अपना शैक्षिक विकास कर सके।कार्यक्रम में गौरी शंकर बाबूजी, अशोक मौर्य, बलजीत दोहरे, महेंद्र सिंह दोहरे, केके शिरोमणि, आत्माराम फौजी, कुसमा देवी, विक्रम बाल्मीकि, बद्री प्रसाद बुंदेला, बृज बिहारी दोहरे, धर्म नारायण चौधरी, श्याम प्रकाश दोहरें, राम अवतार सिंह गौतम, राकेश ममना, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार दोहरे, भंते शिखानंद व संस्थान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, समाजसेवी शिक्षक मौजूद रहे। अंत में संस्थान के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# बाराबंकी का लोधेश्वर महादेव बनेगा हाईटेक तीर्थ

- लोधेश्वर महादेव परियोजना से बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया सहारा: डीएम
- लोधेश्वर धाम के कायाकल्प की रफ्तार तेज, अगले वर्ष अक्टूबर तक पूरा होगा मेगा प्रोजेक्ट



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिले के प्राचीन लोधेश्वर महादेव मंदिर को शीघ्र ही भव्य पर्यटन स्वरूप मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी पहल पर पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग 48.79 करोड़ रुपये की समेकित पर्यटन विकास परियोजना के तहत मंदिर परिसर में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। यह परियोजना न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र को और अधिक सुगम बनाएगी, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए हाईटेक विजिटर फैसिलिटी कॉम्प्लेक्स भी तैयार करेगी। इसके साथ ही यहाँ परकोटा का कवर्ड कारीडोर भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय हैं की कुल मिलाकर काशी की तर्ज पर इसका विकास करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिलान्यास कर दिया है। लोधेश्वर महादेव धाम बाराबंकी का महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है। यहां आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से श्रद्धालुओं को आरामदायक प्रवास, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और बेहतर व्यवस्था मिलेगी। प्रवेश द्वार, कवरड कॉरिडोर, क्लॉक रूम, मेडिकल सेंटर और कमांड सेंटर जैसी सुविधाएं परिसर को हाईटेक विजिटर फैसिलिटी कॉम्प्लेक्स का रूप देंगी। लैंडस्केपिंग और दुकानों की व्यवस्था से पर्यटन अनुभव और समृद्ध होगा। कुल 12980 वर्गमीटर क्षेत्र में यह विकास कार्य हो रहा है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस कर रही है।

**पुरुष व महिलाओं के लिए होंगे 26-26 टॉयलेट**

परियोजना के अंतर्गत प्रवेश द्वार पांच नग, लैंडस्केप एरिया 2734 वर्गमीटर, परकोटा कवर्ड कॉरिडोर 3.25 मीटर चौड़ाई और 652 रनिंग मीटर लंबाई, क्लॉक रूम 412 वर्गमीटर, पुरुषों के लिए 26, महिलाओं के लिए 26 तथा दिव्यांगजनों के लिए चार टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था, सिक्योरिटी स्टाफ हॉल, नौ दुकानें, सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम एवं कमांड सेंटर, पेंट्री तथा मेडिकल सेंटर जैसी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन सुविधाओं से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी और परिसर आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

**अगले वर्ष अक्टूबर माह तक हो जाएगा तैयार**

सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अप्रैल 2026 से निर्माण कार्य तेज गति से शुरू हो गया है।

## सुल्तानपुर हाइवे पर एक के बाद एक तीन वाहन भिड़े, चालक घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक के बाद एक तीन वाहन आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि इस हादसे में डीसीएम चालक को मामूली चोटें आने के अलावा कोई गम्भीर घायल नहीं हुआ हैं। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 2:00 बजे हाइवे पर सुल्तानपुर से लखनऊ की ओर आ रहे ट्रक से टोरेंट गैस सर्विस से 200 मीटर आगे चौबिसी गांव के निकट डीसीएम भिड़ गई । इसी दौरान सुल्तानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो भी बचने के चक्कर में हाइवे से नीचे जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक से टकराने के बाद वाहन मे फंसे डीसीएम चालक को बाहर निकालकर सीएचसी हैदरगढ़ भेजा गया।

# दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग का आरोप

- पति समेत सास-ससुर पर केस दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपए की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के बड़ेला नारायनपुर गांव निवासी मुस्कान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व उसका निकाह टिकैतनगर थाना क्षेत्र के इचौली कस्बा निवासी मोहम्मद शोएब के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के समय मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज और घरेलू सामान दिया था, लेकिन कुछ समय बाद पति मोहम्मद शोएब, सास हसीना बानो और ससुर रहीस ने अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि उसका पति नशे का आदी है और उसने उसकी झुमकी व नथ बेचकर मिले रुपए भी नशे में खर्च कर दिए। विरोध करने पर उसके साथ अक्सर मारपीट की जाती थी।

# आवारा पशुओं से जनजीवन प्रभावित

- आए दिनों हो रही सड़क दुघर्टनायें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते आवारा पशुओं से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बावजूद भी आवारा गोवंशो को संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। इन आवारा पशुओं द्वारा दिन में तो किसानों की फसलें साफ की जा रही हैं वहीं बारिश के मौसम में जगह जगह जलभराव के चलते शाम होते ही सड़कों, बाजारों और राजमार्गो पर इनका जमावड़ा लग जाता है। जिसके चलते आए दिनों सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। जिसमें अंधेरे के चलते जहां लोग चोटिल हो रहे हैं वहीं राजमार्गो पर बड़े वाहनों की चपेट में आने से गोवंशो की दर्दनाक मौत भी हो रही हैं। जिसमें शनिवार को देर रात और रविवार को अलग अलग स्थानों पर आधा दर्जन गोवंशो की मौतें हुई हैं। जायस नगर पालिका के कासिमपुर के पास एक साथ बीच सड़क पर दुर्घटना 3 गोवंश की मौत हो गई है। वहीं मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर बीच सड़क और सड़क के किनारे मृतक गोवंश पड़ा पाया गया है तथा शनिवार को जामों जगदीशपुर मार्ग पर संभई के पास गोवंश को बचाने में एक ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा फंसा। लोगों ने आवारा गोवंशो के संरक्षण को लेकर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

# उर्वरक की कालाबाजारी में दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह निरंजन ने अपनी टीम के साथ जनपद के विभिन्न उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुस्कान खाद भंडार, रजेखता पलिया पश्चिम तथा गुप्ता खाद भंडार, शुकुल बाजार के अभिलेख अपूर्ण पाए गए। साथ ही यूरिया उर्वरक के साथ जिंक की टैगिंग करने एवं निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री किए जाने की शिकायतों के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित करने की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त मौर्य बीज भंडार, जैनबगंज तथा मौर्य बीज भंडार, हरखूमऊ पर उपलब्ध कीटनाशियों के संबंध में अथॉरिटी लेटर प्रस्तुत न किए जाने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में 15,148 मीट्रिक टन यूरिया, 4,232 मीट्रिक टन डीएपी तथा 2,025 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है, जिसकी बिक्री किसानों के मध्य नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा तथा उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सीएमओ ने पीएचसी सीएचसी का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**



स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन गौतम ने रविवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के टिकैतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और गोबरहा व कोटवाधाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो का औचक निरीक्षण किया।सीएमओ के अचानक दौरे से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो और कर्मचारियो में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने टिकैतनगर सीएचसी,पीएचसी गोबरहा और पीएचसी कोटवाधाम सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।उन्होने अस्पतालो मे दवाओ की उपलब्धता, मरीजों के रजिस्ट्रेशन और डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच की। साफ-सफाई की अव्यवस्था की कमी मिलने पर सीएमओ ने संबंधित अधीक्षको और प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और सुधार करने के निर्देश दिए। डॉ गौतम ने सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को मरीजो के साथ शालीनता से पेश आने का निर्देश दिया। उन्होने कहाकि मरीजो का समय पर परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएं।सीएमओ ने कहाकि अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज मिलना चाहिए और इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सीएमओ ने विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मे स्थित पीएचसी गोबरहा का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणो से बातचीत के दौरान उन्हे पता चला कि हर साल बाढ़ के समय अस्पताल परिसर मे पानी भर जाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो जाती है।

## भैंस को बचाने के प्रयास में तालाब में डूबे किसान की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत नौगिरवा ग्राम पंचायत में शनिवार को भैंस बचाने के प्रयास में एक किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

मृतक किसान की पहचान जंग बहादुर यादव उम्र 47 वर्ष पुत्र कृष्ण देव यादव निवासी ग्राम पीपरपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जंग बहादुर अपनी भैंस चराने ले गए थे। इसी दौरान उनकी भैंस तालाब में उतर गई।

भैंस को बाहर निकालने के लिए वह स्वयं तालाब में उतर गए, लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गए।

ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# प्रेशर हॉर्न व मॉडीफाइड साइलेंसर के विरुद्ध चला जनजागरुकता अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को देर शाम उच्च न्यायालय, लखनऊ द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 एवं संबंधित नियमों के प्रभावी अनुपालन में जनपद में प्रेशर हॉर्न एवं अनधिकृत मॉडीफाइड साइलेंसर के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी यातायात शोभनाथ राम द्वारा दोपहिया वाहन विक्रय प्रतिष्ठानों एवं वाहन एक्सेसरी विक्रेताओं के स्वामियों के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात निदेशालय स्तर से उपलब्ध कराए गए जनजागरूकता बैनर स्थापित कराए गए।

यातायात पुलिस द्वारा वाहन विक्रेताओं एवं एक्सेसरी विक्रेताओं को जनहित अभियान में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने प्रतिष्ठानों पर ऐसे प्रमुख एवं दृष्टिगोचर स्थानों पर बैनर स्वेच्छा से प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जहाँ वाहन क्रेता एवं आमजन उन्हें सहजता से पढ़कर प्रेशर हॉर्न एवं अनधिकृत मॉडीफाइड साइलेंसर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक हो सकें।

इस दौरान आमजन से अपील की गई कि वे अपने वाहनों में प्रेशर हॉर्न एवं अनधिकृत मॉडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए ध्वनि प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखें।

# कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शिक्षकों को वितरित किए गए कैशलेस कार्ड

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत जनपद में उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के शासकीय, अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संबोधन एवं योजना शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम में



जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी की उपस्थिति रही। अतिथियों ने लाभार्थी शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला होते हैं और उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने तथा अन्य शिक्षकों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

जिन प्रमुख शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए, उनमें डॉ. सुभाष मिश्रा, श्रीनाथ दुबे, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. पवन पांडे, डॉ. धर्मेंद्र वैश्य, डॉ. भगवती, डॉ. ज्योति सिंह एवं योगांचल मिश्रा सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

कार्यक्रम के समापन पर प्रो. डॉ. ब्रजेश सिंह, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा ने उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हरगांव में कांग्रेस विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन

- सांसद राकेश राठौर ने भाजपा पर साधा निशाना

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** हरगांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन सांसद राकेश राठौर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरगांव दलितों के लिए सुरक्षित सीट होने के बावजूद उन्हें सामाजिक और आर्थिक अधिकार नहीं मिल पाए हैं। उनका दावा था कि कांग्रेस ही दलितों के अधिकारों की सच्ची संरक्षक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा को हरगांव से हटाने का आह्वान भी किया। कांग्रेस के संगठन उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार और दलित उत्पीड़न को संरक्षण मिल रहा है। वहीं हरगांव विधानसभा प्रभारी एवं कांग्रेस (दलित) के जिलाध्यक्ष विष्णु गौतम ने कहा कि क्षेत्र को गांधीवादी और अंबेडकरवादी सोच वाला नेतृत्व चाहिए, तभी सामाजिक और आर्थिक बदलाव संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान फूलन देवी का शहादत दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल कश्यप, सत्यम दीक्षित, सुशांत सिंह, एडवोकेट दीपक चौधरी, आकाश भारती, सत्यप्रकाश राजवंशी, महेश गौतम, राधेश्याम राज, रामनाथ गौतम, जगजीवन भारती, मसूद अंसारी और पंकज सिंह सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बालिकाओं को जागरूक करने के लिए बहु-बेटी सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में दिए गए निर्देशों में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन व समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत बहु-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न गांवो में जाकर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित



कर विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। चर्चा के दौरान गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसे विषयों पर भी विस्तृत रूप से वार्ता की गई।

## नहर में डूबने से किसान की मौत, शौच के लिए जाते समय फिसला पैर

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के उफरौली गांव में रविवार को नहर में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उफरौली गांव निवासी 52 वर्षीय जगदंबा प्रसाद रविवार सुबह शौच के लिए गांव के पास स्थित नहर किनारे गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव वाली नहर में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें पानी में गिरते देखा तो शोर मचाया। ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद उन्हें नहर से बाहर निकाला।

# कुचलाई में फर्जी भुगतानों के आरोप

- सचिव प्रदीप कुमार पर उठे सवाल, कार्रवाई का इंतजार

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत कुचलाई में तैनात सचिव प्रदीप कुमार पर वित्तीय अनियमितताओं और कथित फर्जी भुगतानों के गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में 15वें एवं पंचम वित्त आयोग की धनराशि से नल मरम्मत, प्रशासनिक व्यय सहित विभिन्न मदों में नियमों के विपरीत भुगतान किए गए हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ भुगतान ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों के नाम पर भी किए गए। जबकि पूर्व जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा ग्राम प्रधान और सचिवों को अपने सगे संबंधियों के नाम पर भुगतान न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। ऐसे में इन भुगतानों की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। सूत्रों के मुताबिक, मामले में नोटिस जारी करने और जांच की औपचारिकता तो की जा रही है, लेकिन अब तक आरोपों के संबंध में कोई ठोस कार्रवाई या आरोप पत्र तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजे जाने की जानकारी सामने नहीं आई है। इससे जांच की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए भाजपा सरकार हटाना होगा: गोप



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** देश में लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाना ही होगा क्योंकि जब से यह सरकार सत्ता में आई है इसने संविधान को कमजोर करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है इसलिए हम सबको एकजुट होकर अपने हक अधिकारों को सुरक्षित और लोकतंत्र सुरक्षित रखने के लिए संविधान की हर हाल में रक्षा सुरक्षा करनी ही होगी नहीं तो हम सब की हक अधिकार हमसे छीन लिए जाएंगे। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने संविधान-मानस्तंभ के दूसरे स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर जिले के अन्य नेताओं के साथ माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

# चोरी की बाइक के साथ एक चोर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना माती पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, चोरी के 3,600 रुपये नकद तथा एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है।पुलिस के अनुसार मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर थाना माती में पंजीकृत मुकदमा संख्या 53/2026, धारा 305(ए), 341(4), 317(2) बीएनएस में प्रकाश में आए अभियुक्त अंकुल यादव उर्फ जंगली पुत्र भगवती प्रसाद निवासी ग्राम टिकरिया, थाना माती को गिरफ्तार किया गया।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से यूपी-55 एएच-6188 नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल, चोरी के 3,600 रुपये नकद तथा एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।अवैध शस्त्र बरामद होने पर थाना माती में अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा संख्या 65/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत एक और मामला दर्ज किया गया है।



# पायल, बिछिया सहित 16 हजार की नकदी समेत चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बड्डूपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 16 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी पायल तथा दो जोड़ी बिछुवा (सफेद धातु) बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संतोष उर्फ संतराम रावत पुत्र बल्लू, बिहारी रावत पुत्र बच्चू, राकेश पुत्र बुधई तथा रामचन्द्र पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम भोलेपुरवा सेमरा, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 20 जुलाई 2026 को थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर भखरौली तथा 22 अप्रैल 2026 को थाना देवा क्षेत्र के ग्राम मुन्तुरवा स्थित घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। इन घटनाओं के संबंध में थाना बड्डूपुर में मुकदमा संख्या 290/2026 धारा 305ए, 331(4), 317(2) बीएनएस तथा थाना देवा में मुकदमा संख्या 135/2026 धारा 331(1), 305ए बीएनएस के तहत मामले दर्ज हैं।पुलिस ने बताया कि मामले में प्रकाश में आए अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास तेज कर दिए गए हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# सपा नेता दीपू चौहान को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

▸ केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे पर मिठाई बांटने जा रहे थे



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर में फर्रुखाबाद रोड निवासी वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता दीपू चौहान को आज सुबह उनके आवास पर कोतवाली पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। वह अपनी कार से क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए जा रहे थे। दीपू चौहान ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले ग्राम टड़ा रायपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंकने और धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया था। लेकिन शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दे दिया, इसलिए उन्होंने यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया। युवाओं की मांग पूरी होने की खुशी में आज उसी जगह मिठाई बांटने जा रहे थे। तभी सुबह करीब 8 बजे कोतवाली पुलिस ने आकर उन्हें घेर लिया, कार से उतारा और हाउस अरेस्ट कर दिया। शाम 4 बजे उनका हाउस अरेस्ट खत्म किया गया। भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए दीपू चौहान ने कहा यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। युवाओं की मांग मान ली गई तो हमें मिठाई बांटने से भी रोका जा रहा है। डर है कि कहीं जनता जाग न जाए। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे थे, लेकिन पुलिस को झूठे आरोपों पर हमें घर में कैद करना पड़ा। यह भाजपा की तानाशाही का सबूत है। हम संघर्ष जारी रखेंगे।

# कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर जताई खुशी

## छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नगर के तिरंगा तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर खुशी व्यक्त की। साथ ही 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की और छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि युवाओं के भारी विरोध और दबाव के बीच शिक्षा मंत्री का इस्तीफा सत्य, लोकतंत्र और संविधान की ऐतिहासिक जीत है। जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी शर्त छात्रों की सभी जायज मांगें स्वीकार की जाएं। उन्होंने कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली, विशेषकर नीट व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त बनाया जाए, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं महासचिव अमोल दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, जिला महासचिव शशिकांत गुप्ता, प्रियंका दुबे, संदीप पाथक, मेराज खान, मो. आमिर अंसारी अधिवक्ता, बहार कुरैशी, राजू खान, आसिफ सिद्दीकी, दासिम खान, शिवम मिश्र, निशांत मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1673 मरीजों का मुफ्त इलाज

**कन्नौज।** जिले के 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 1673 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार उपलब्ध कराया गया। इनमें 783 पुरुष, 654 महिलाएं और 236 बच्चे शामिल रहे। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 41 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित मेले का निरीक्षण नोडल अधिकारियों ने किया। स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को सामान्य उपचार के साथ बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी और सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र परीक्षण की सुविधा भी दी गई।

# आलू के गिरे दाम किसान परेशान

▸ कोल्ड स्टोरेज में खरीदार नहीं, लाखों पैकेट भंडारित



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में आलू किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। आलू के दाम काफी कम होने से किसान चिंतित है। कोल्ड स्टोरेज में खरीदारों की कमी के कारण लाखों पैकेट आलू अभी भी भंडारित है। जुलाई का महीना बीतने को है, लेकिन कोल्ड स्टोरेज में आलू खरीदने वाले व्यापारियों का अभाव है। जब किसान अपना आलू बेचने के लिए कोल्ड स्टोरेज पहुंचते हैं, तों उन्हें कोई खरीदार नहीं मिलता जिससे वे निराश होकर लौट जाते हैं। समधन क्षेत्र के मलिकपुर स्थित कनीशा कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर मोहम्मद आमिर (लकी) ने बताया कि वर्तमान में आलू के दाम काफी कम है। बाहरी जनपदों से आलू की मांग में कमी आई है। जिसके कारण कोल्ड स्टोरेज में व्यापारी काम आ रहे हैं। उन्होंने आलू की विभिन्न किस्म के रेट की जानकारी देते हुए बताया कि कंचन आलू 240 से 250 रुपए प्रति पैकेट बिक रहा है। हाइलैंड आलू 300 से 325 रुपए तक बिक रहा है। जबकि सफेद आलू का भाव 125 से 150 रुपए प्रति पैकेट है। मैनेजर के अनुसार, कोल्ड स्टोरेज में कुल 2 लाख पैकेट आलू भंडारित है। इसमें से अब तक केवल 17 से 20 हजार बोरी आलू की निकासी हुई है,जो कुल भंडारित मात्रा का एक छोटा हिस्सा है।

# श्रमिकों के बच्चों के लिए शुरू हुई छात्रवृत्ति योजना, रु. 1.20 लाख तक आय वाले पात्र

▸ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार गोला ने दी जानकारी



**गुरसहायगंज कन्नौज।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति (शिक्षा) योजना 2026-27 के तहत बीड़ी, सिगरेट, तेंदू पत्ता, मैंगनीज, क्रोम अयस्क एवं स्स्ष्ठरू खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता दी जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. अमीर हमजा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिन अभिभावकों की वार्षिक आय 1,20,000 तक है, उनके बच्चे इस योजना के लिए पात्र हैं। छात्रवृत्ति की राशि सीधे DBT के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्राओं के फॉर्म लगातार भरवा कर अग्रसारित कराए जा रहे हैं उन्होंने अभिभावकों से अपील की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं और अपने बच्चों के फॉर्म कंप्लीट कर कर जमा करना सुनिश्चित करें।

# प्रिया शाक्य के नेतृत्व में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने ग्राम लक्षीराम नगला स्थित अपने कैम्प कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 136वें संस्करण का उत्साहपूर्वक सामूहिक श्रवण कराया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए कारगिल विजय दिवस को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जनभागीदारी ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सामाजिक एकता, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए और नागरिकों से सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पीएम के संदेशों को गौर से सुना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। प्रिया शाक्य ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को प्रेरणा और दिशा दोनों दी है। उन्होंने बताया कि कारगिल विजय दिवस हमें बलिदान और देशभक्ति की याद दिलाता है, वहीं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। युवाओं को आगे आकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि पीएम के संदेशों को न केवल सुने बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारें, ताकि गांव-गांव में विकास और एकता का वातावरण बने।

## खबरें एक नजर में

### छात्र एकता की जीत पर समाजवादियों ने मनाया जश्न, छात्रों को खिलाई मिठाई

राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण शर्मा की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे छात्र एकता की बड़ी जीत बताते हुए जश्न मनाया। इस दौरान पटाखे छोड़े गए और छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सचिव, समाजवादी लोहिया वाहिनी डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने किया। डॉ. अरुण कुमार शर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी ने कहा कि 'यह जीत देशभर के छात्र-छात्राओं की एकजुटता, संघर्ष और लोकतांत्रिक आवाज़ की जीत है। छात्र एकता ने साबित कर दिया है कि जब युवा संगठित होकर अपनी बात मजबूती से रखते हैं, तब सरकार को भी झुकना पड़ता है। आज छात्रों की आवाज़ सुनी गई है और यह लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने छात्र एकता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'भविष्य में भी हम छात्र हितों के लिए इसी तरह सड़कों पर संघर्ष करते रहेंगे और किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करेंगे। जश्न में मोहित पाठक जिला उपाध्यक्ष, शिक्षक सभा, अभिषेक यादव, गोल्डी गुप्ता, विपिन यादव, राकेश बाबू कुशवाहा, संजेश यादव, रंजीत यादव, प्रशांत यादव, अंकित यादव, अर्नब गुप्ता, इरशाद खान, सागर सेजबार, इकबाल आलम, परवेज आलम, शकील अहमद, नितिन, आकाश, विकास, अखंड राज वर्मा, कृष्ण श्रीवास्तव, मोहम्मद अल्तमश, अरशद, आकाश शर्मा और हिमांशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और छात्र एकता को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भविष्य में भी छात्र हितों की आवाज़ बुलंद करने का संकल्प लिया।

### शिक्षकों को मिलेगा 5 लाख तक का कैशलेस इलाज

**कन्नौज।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत अब शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को प्रतिवर्ष रु. 5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। रविवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिले के 25 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना शिक्षकों को आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करेगी।

# गैस सिलेंडर के रिसाव से लगी आग, बीएससी की छात्रा झुलसी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खजुरिया नगला निवासी छात्रा अपने घर की रसोई में गैस चूल्हे पर नाश्ता बना रही थी। तभी अचानक गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। हालत नाजुक होने पर उसे सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के नौली पोस्ट अंतर्गत ग्राम खजुरिया नगला निवासी 18 वर्षीय शालू राजपूत रविवार सुबह रसोई में नाश्ता बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव होने के कारण अचानक आग लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने तुरंत उसे सुबह करीब 8 बजे छिबरामऊ के सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि शालू, पुनीत राजपूत की पुत्री है और मां भगवती डिग्री कॉलेज, सलेमपुर में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सकों के अनुसार युवती का उपचार तिर्वा मेडिकल कॉलेज में जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने भी परिवार के प्रति चिंता व्यक्त की और युवती के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### हरियाणा से बिहार जा रही चार लाख की शराब पकड़ी दो तस्कर गिरफ्तार

**कन्नौज।** सदर कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी का खुलासा करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब चार लाख रुपये कीमत की 43 पेटी हरियाणा मार्का शराब और एक पिकअप बरामद की गई। आरोपी हरियाणा से शराब लाकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने जा रहे थे। रविवार को कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ पाल चौराहा अंडरपास के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप में अवैध शराब ले जाई जा रही है। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी में रॉयल ग्रीन ब्रांड की 24 पेटी और सिग्नेचर ब्रांड की 19 पेटी, कुल 43 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद हुई।

# किताब के विमोचन के दौरान मुशायरे का हुआ आयोजन



**गुरसहायगंज कन्नौज।** एक शायर की किताब 'ऐहसास ए कमर' का विमोचन हुआ जिसमे एक ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमे शायरों ने अपने कलाम पढ़कर वाह वाही लूटी। जनपद के ग्राम सारौं तोप निवासी शायर कमर कन्नौजी के द्वारा लिखी गई किताब एहसास ए कमर का विमोचन मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आर एस कठेरिया ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता श्री कठेरिया ने फीता काट कर व पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख उमर इदरीसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद के मशहूर शायर मशकूर ममनून ने अपने कालम मे बदन का खून फूंका है तपा कर धूप मे खुद को तब एक मुफलिस ने बेटी के लिए जेवर बनाया है पढ़कर खूब वाह वाही लूटी शायर मुफ़ीद कन्नौजी ने वह पराया मुझे समझता था उसको अपना बना लिया।

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

जंतर मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सत्याग्रह



**गुरसहायगंज कन्नौज।** प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जनपद में जंतर मंतर पर 20 जुलाई 2026 को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग को लेकर सत्याग्रह किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि छात्रों पर पुलिस कार्रवाई निंदनीय है। छात्रों की मांगों को तुरंत मानकर उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा यह सत्य और संविधान की जीत है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने कहा कि सरकार को छात्रों की सभी मांगें माननी चाहिए। नीट परीक्षा और शिक्षा प्रणाली में सुधार होना चाहिए ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे। सत्याग्रह में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, जिला महासचिव शशिकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ सम्मान अभियान के तहत डीएम को ज्ञापन देंगे हिंदू शक्ति सेना के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे

- गौ हत्या पर रोक और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग
- गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की भी उठेगी मांग
- 27 जुलाई को राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान अभियान के तहत होगा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे सोमवार 27 जुलाई को गौ सम्मान अभियान के तहत जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। यह अभियान पूरे भारत में एक साथ चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से गौ संरक्षण और संवर्धन से जुड़ी विभिन्न मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। रंजीत पांडे ने बताया कि ज्ञापन में देश भर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने तथा गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसका संरक्षण सुनिश्चित करने की प्रमुख मांग शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 27 अप्रैल को छिबरामऊ के उपजिलाधिकारी को भी इसी विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। अब अभियान के अगले चरण में जिलाधिकारी के माध्यम से शासन तक अपनी मांगों को पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

### कारगिल विजय दिवस पर दौड़े युवा, नशा मुक्त भारत का लिया संकल्प

**कन्नौज।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' थीम पर जनपद स्तरीय नशा मुक्त मैराथन का आयोजन किया गया। विकास भवन स्थित मनरेगा पार्क से मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। इस दौरान एसडीएम सदर वैभव गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर कुलबीर सिंह, रिजर्व इंस्पेक्टर प्रणव कुमार तथा जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी मौजूद रहे।

# महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के असालताबाद गांव में रविवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत चौपाल आयोजित कर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए किसी भी आपात स्थिति में वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, ऑपरेशन कवच, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक हृदयराज उपाध्याय, महिला कांस्टेबल माधुरी, बीना, प्रतिमा और सुचेता उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं से जागरूक रहकर कानून का सहयोग करने की अपील की।

### नाली की बदहाली से चटके मकान, ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ जताया रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ेपुर में जर्जर नालियों के कारण कई मकानों में दरारें आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान नेहा और उनके प्रतिनिधि गोपाल की अनदेखी के चलते वर्षों से न तो नालियों की मरम्मत कराई गई और न ही नियमित सफाई हुई। इससे गंदा पानी



और सीलन मकानों की नींव को लगातार कमजोर कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार शिशुपाल के मकान का लेंटर चटक गया है और दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। नरेश चंद्र पुत्र लाखन सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज शिशुपाल, जय प्रकाश, अतर सिंह, रामचंद्र, कृष्णपाल, बृजेश, सुरेश चंद्र, सरिता, प्रीति, मार्गश्री, धनदेवी, रामा देवी, हेमा और अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल नाली निर्माण, सफाई और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# प्रभु की कृपा से ही कल्याण संभवः महात्मा राजकुमार

▸ संत निरंकारी भवन में सतसंग



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सतसंग भवन में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता जी ने अपने अनमोल वचनों में कहा प्रभु की कृपा से ही मानव का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा बाबाजी हमेशा यही सिखाया करते थे कि हम अपने आप को कितना भक्ति में लीन कर सकते हैं। भक्त मीराबाई, भक्त प्रहलाद, भक्त हनुमान, सुदामा व कबीर इन सबसे आप सभी वाकिफ हैं। सिर्फ भक्ति के कारण जो उनके साथ जुड़ते गए, वो सब प्रभु परमात्मा का शुक्रगुजार करते रहें। इस कारण आज तक श्रद्धा से सब इनको याद भी करते हैं। उन्होंने कहा इंसान की भी हालत कुछ ऐसी है कि प्रभु ने इतना कुछ दिया है फिर भी उसका शुक्र करने के बदले हम गिले शिकवों में पड़ जाते हैं। अगर प्रभु परमात्मा से हमें सब कुछ मिला है, तो हमे उसके लिए उसका शुक्रगुजार नहीं करते, बल्कि जो एक भी चीज नहीं मिली उसके लिए हम प्रभु से गिले शिकवे करने लगते हैं, लेकिन आप महापुरुष सेवा सुमिरन सतसंग के हमेशा मौके तलाशते रहते हैं, ताकि हम मानव जाति की सेवा कर पाएं। हर पल सुमिरन करके इस प्रभु परमात्मा, इस निराकार को हमेशा याद करते रहें। सतसंग करके इसका गुणगान करें, हर पल इसका शुक्राना करें कि हमें यह हीरे जैसा मानव जन्म बख्शा। जितना शुक्र करे उतना कम हैं। यही अरदास है निराकार प्रभु परमात्मा से कि अपनी कृपा हमेशा सन्तों, महात्माओं पर बनाए रहें। हम सब को अपने चरणों लगाए रखना, यही अरदास हमारी है। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुई साध संगत में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से संगत को निहाल किया।

# पांचाल घाट गंगा पुल मरम्मत कार्य में भाजपा नेता ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

- बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा प्रशासन: विकास राजपूत
- हर साल लाखों रुपये खर्च, फिर भी 2-3 महीने में उखड़ जाती है मरम्मत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित गंगा नदी के पुल की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा नेता विकास राजपूत ने प्रशासन और संबंधित विभागों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुल की मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन मरम्मत का कार्य इतना घटिया होता है कि वह दो से तीन महीने भी नहीं टिक पाता। उन्होंने इसे जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी और भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण बताया। घंटों तक जाम में फंसे लोगों की परेशानी का जिक्र करते हुए विकास राजपूत ने कहा यह हमारे लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जब भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब हमारे जिले की आम जनता घंटों जाम में फंसकर बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। यह केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि एनएच-730सी के निर्माण कार्य में भी लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे, लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या संबंधित पक्ष के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। विकास राजपूत ने कहा कि यह हाईवे



क्षतिग्रस्त पुल पर लगा लंबा जाम

अब लोगों के बीच हादसों का हाईवे के नाम से पहचाना जाने लगा है। उनका आरोप है कि सेंट्रल जेल चौराहा, बघार नाला और मसानी चौराहे जैसे संवेदनशील स्थानों पर आज तक न तो ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए और न ही आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए। उन्होंने कहा कि आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है, लेकिन प्रशासन नियमों का हवाला देकर स्पीड ब्रेकर बनाने की अनुमति नहीं देता। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर



जानकारी देते विकास राजपूत

प्रशासन और कितनी जानें जाने के बाद जागेगा। विकास राजपूत ने कहा कि प्रदेश और देश में जिम्मेदार सरकार होने के बावजूद जिले की विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की गंदगी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर पिछले तीन वर्षों से पांचाल घाट गंगा पुल की स्थायी मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही, जबकि हर साल मरम्मत के नाम पर सरकारी धन खर्च किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हों। अगर समय रहते पुल की मजबूत और स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद पुल की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले जनता को समर्पित किया गया शुकरुल्लापुर ओवरब्रिज भी कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है, जिससे जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। विकास राजपूत ने आरोप लगाया कि पुल की मरम्मत घटिया ठेकेदारों और कारीगरों से कराई जा रही है। उन्होंने मांग की कि देश की प्रतिष्ठित और अनुभवी कंपनियों से पुल की मरम्मत कराई जाए, ताकि वर्षों तक सुरक्षित और टिकाऊ निर्माण सुनिश्चित हो सके। उनका कहना था कि भारत में ऐसी कई कंपनियां हैं जो आधुनिक तकनीक से मजबूत और तेज गति से पुलों की मरम्मत करने में सक्षम हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक उनसे संपर्क करने की आवश्यकता नहीं समझी।

उन्होंने प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है। यदि प्रशासन नहीं जागा तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

## बाइक चोरी करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

### 50 हजार रुपये गायब का लगाया आरोप, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव आसलपुर निवासी विकास कुमार की मोहम्मदाबाद रोड पर ईवी स्कूटी की एजेंसी स्थित है। विकास कुमार 24 जुलाई को अपने खाते से 50 हजार रुपए निकाल कर लाया था, तभी रात लगभग आठ बजे दो अज्ञात व्यक्ति एजेंसी पर आए और एजेंसी के बाहर खड़ी साइकिल को उठाने का प्रयास करने लगे। विकास जब एजेंसी से बाहर उन अज्ञात व्यक्तियों के पास पहुंचे तब दोनों अज्ञात व्यक्ति गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान विकास कुमार की जेब में रखे 50 हजार रुपये वहीं कहीं गिर गए। थाना पुलिस को विकास कुमार ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## खेत पर घास लेने गयी किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक दस वर्षीय किशोरी रविवार दोपहर घर से खेत पर घास लेने गई थी। उसी दौरान खेत में मौजूद गांव के ही युवक ने किशोरी को दबोच लिया और उसे खींचकर खेत के अंदर ले गया। उसके कपड़े उतार दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर युवक मौके से भाग निकला। किशोरी ने घर पहुंचकर जानकारी परिजनों को दी। किशोरी को लेकर थाने पहुंची उसकी मां ने पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी को मेडीकल के लिए सीएचसी भेज जांच शुरू कर दी।

# शराब के लिए पैसे मांगने पर विवाद, मां ने सल्फास खाकर दी जान

- परिजनों में मचा कोहराम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली में शराब के पैसे को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गयी। उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुससार कोतवाली क्षेत्र के हाल निवासी मूल निवासी हरसारी अलीगंज जनपद एटा कमलेश देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी रामकिशोर घर पर पूजा कर रही थीं। इसी दौरान उनका छोटा



रोते बिलखते मृतक के परिजन

बेटा मंशाराम उर्फ अजीत शराब के नशे में घर पहुंचा और मां से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। सूत्रों के अनुसार झगड़े से आहत कमलेश देवी घर से निकलकर कुछ दूरी पर स्थित सरकारी हैंडपंप के पास गई और वहां सल्फास की गोली खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पति रामकिशोर, बड़ा बेटा अमित और बहू प्रीती उन्हें तुरंत ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान कमलेश देवी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव



मृतका का फाइल फोटो

परिजनों को सौंप दिया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मृतका कमलेश देवी तंबाकू के गोदाम में पुड़िया भरने का काम करती थीं। उनके दो बेटे अमित और मंशाराम उर्फ अजीत हैं। दो बेटियों में से एक प्रीती का विवाह कासगंज के झुंडरा निवासी रवेंद्र के साथ हुआ है।

दूसरी बेटी रीता की लगभग 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। परिवार में पति रामकिशोर, बड़ी बहू विनीता और छोटी बहू प्रीती रहते हैं।

# सक्षम के प्रांत प्रशिक्षण वर्ग में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर जोर

**हमीरपुर।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) कानपुर प्रांत का प्रांत प्रशिक्षण वर्ग रविवार को शहर के वरदान गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर मुख्य अतिथि तथा प्रांत अध्यक्ष देवनारायण सोनी ने अध्यक्षता की। प्रशिक्षण वर्ग में झांसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, ललितपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर और फर्रुखाबाद सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों एवं प्रांत कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्रशेखर ने कहा कि सक्षम संगठन दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक सहभागिता तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से




दिव्यांगजन विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।प्रांत अध्यक्ष देवनारायण सोनी ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके प्रति सम्मान, सहयोग व संवेदनशीलता का भाव होना चाहिए। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं से सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य प्रशांत मिश्रा, प्रांत उपाध्यक्ष पीयूष द्विवेदी, सुमन चतुर्वेदी, ब्रजेश कटियार, डॉ. जितेंद्र त्रिवेदी, दीपक त्रिपाठी, दीपक यादव सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थानाध्यक्ष सचिन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बजरिया गढ़ी घटियापुर निवासी आरोपी इबरार पुत्र हशमुद्दीन के विरुद्ध 24 जुलाई को वादी द्वारा थाना शमसाबाद पर तहरीर दी गई थी। जिसमें वादी की पुत्री से अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत इबरार पुत्र हशमुद्दीन निवासी बजरिया गढी घटियापुर थाना शमसाबाद के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। इस दौरान आरोपी फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# गंगा–रामगंगा का जलस्तर खतरे से नीचे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नरौरा से 67419 क्यूसेक छोड़ा गया पानी

सिंचाई विभाग ने जारी रिपोर्ट में बताया कि जनपद में बहने वाली गंगा और रामगंगा नदी का जलस्तर अभी चेतावनी और खतरे के निशान से काफी नीचे बना हुआ है। फिलहाल बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। सिंचाई खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार सुबह 8 बजे की रीडिंग में लोहिया सेतु, पांचालघाट पर गंगा का जलस्तर 136.20 मीटर दर्ज किया गया। नदी के लिए चेतावनी बिंदु 138.80 मीटर और खतरे का निशान 137.10 मीटर निर्धारित है। नरौरा बैराज से गंगा में 67419 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बह्मदत्त द्विवेदी सेतु पर रामगंगा का जलस्तर 134.70 मीटर मापा गया। रामगंगा के लिए भी चेतावनी बिंदु 138.60 मीटर और खतरा 137.10 मीटर है। रामगंगा में खो बैराज से 50, हरेली बैराज से 140 और रामनगर बैराज से 512 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस तरह रामगंगा में कुल 702 क्यूसेक डिस्चार्ज रहा। फिलहाल दोनों नदियां खतरे के निशान से करीब 2 से 3 मीटर नीचे बह रही हैं। सिंचाई विभाग और बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

# तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के प्रभारी अजब सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जुलाई को थानाध्यक्ष मऊदरवाजा अजब सिंह तथा व0उ0नि0 वीरेन्द्र मय हमराह फोर्स के द्वारा सायं कालीन दैनिक गश्त व सघन चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन हैवतपुर गढ़िया जाने वाले रास्ते पर किया जा रहा था। चैकिंग के समय एक व्यक्ति के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जिसने पूछताछ पर अपना नाम विजय सिंह उर्फ ब्रजेश पुत्र रूपराम उर्फ रघुनाथ निवासी हैवतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा बताया तथा तमंचे के सम्बन्ध में कोई सटिक जवाब नहीं दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में तमंचा पकड़े आरोपी

# फर्जी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ तहरीर

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कंपिल के भाजपा नामित सभासद एवं भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा जिला मंत्री आलोक राजपूत ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना कंपिल में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1:03 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का कथित रूप से उपयोग कर उनकी फर्जी तस्वीर तैयार की और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उनका कहना है कि इस कृत्य से उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक छवि धूमिल करने तथा जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। आलोक राजपूत ने पुलिस से फर्जी फोटो तैयार कर प्रसारित करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और संबंधित कानूनी धाराओं में कार्यवाही करने की मांग की है।

भाजपा नेता का आरोप है कि 36 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। कार्रवाई न होने पर भाजपा नेताओं ने धरना की बात कही।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना के अंतर्गत शिक्षकों को हेल्थ कार्ड किये गये वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के शिक्षकों को उनके हेल्थ कार्ड का वितरण समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा नोडल डॉ0 कल्पना सिंह के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ



हेल्थ कार्ड दिखाते शिक्षक, मौजूद सांसद व अन्य

माल्यार्पण व मुख्य अतिथिय को पुष्पगुच्छ व पौधा प्रदान करने के साथ हुआ। जिला प्रशासन के समस्त मंचाशीन अधिकारियों को पुष्पगुच्छ व पौधा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने समाज में शिक्षकों की भूमिका निर्धारित करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों हेतु महत्वाकांक्षी व आवश्यक मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना पर भी प्रकाश डाला।

जनपद में स्थित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थानों के प्राचार्य व प्राध्यापक उपस्थित रहे। जिन्हें हेल्थ कार्ड का वितरण मुख्य अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी, अपरजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व नोडल उच्च शिक्षा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में नोडल उच्च शिक्षा डॉ0 कल्पना सिंह प्राचार्य मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय द्वारा सभी अतिथियों, प्राचार्यों, प्राध्यापकों व सभी उपस्थित गणमान्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्वा के समीप संकिसा रोड़ पर खजुरी ईट भट्ठे के पास आमने-सामने दो बाइकें भिड़ गई। एक-एक बाइक पर दो-दो लोग बैठे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइकों में से एक एक की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि तीसरे की सीएचसी मोहम्मदाबाद से लोहिया अस्पताल रिफर कर लें जाया जा रहा था। रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। जबकि चौथा बाइक सवार सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती हैं। इस घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम



रोते बिलखते मृतक के परिजन



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण



अस्पताल में भर्ती घायल अवधेश

कटइया निवासी 30 वर्षीय पंकज पुत्र भगवान दास जाटव अपने साथी 40 वर्षीय अवधेश बाथम पुत्र रतीराम के साथ मोहम्मदाबाद से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से हरभान सिंह यादव 50 वर्ष पुत्र परमाल अपने भतीजे अमन 18 वर्ष पुत्र हरनाथ सिंह निवासी नया नगला थाना नवाबगंज बाइक से मोहम्मदाबाद की तरफ आ रहे थे। अमन बाइक चला रहा था। रास्ते में खजुरी ईट भट्ठे के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें पंकज 30 वर्ष पुत्र भगवान दास जाटव निवासी कटइया व हरभानसिंह 50 वर्ष पुत्र परमाल निवासी निवासी नया नगला थाना नवाबगंज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अमन 18 वर्ष पुत्र हरनाथ सिंह निवासी नया नगला की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर ले जाया रहा था। उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। चौथा बाइक सवार अवधेश 40 वर्ष पुत्र रतीराम बाथम निवासी कटइया सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती हैं। दुर्घटना के दौरान दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों और डॉक्टरों के अनुसार, हेलमेट न होने के कारण दुर्घटना होते ही सभी के सिर सड़क से जा टकराए और सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पतालों में मृतकों और घायलों के रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए।

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर-जटपुरा निवासी बालकराम पुत्र रामेश्वर की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 8 मई को दिन में बृजेश कुमार का शराब ठेके पर कार्यरत सेल्समैन मुकेश जायसवाल से विवाद हुआ था। आरोप है कि उसी रात लगभग 8:30 बजे रमेश राजपूत, राकेश राजपूत, बृजेश पुत्र चतुरी तथा वासुदेव पुत्र रामऔतार बृजेश कुमार को यह कहकर घर से अपने साथ ले गए कि शराब ठेके पर कुछ काम है और थोड़ी देर में वापस छोड़ देंगे। शिकायत के अनुसार उनके साथ दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी थे। परिजनों का आरोप है कि देर रात तक बृजेश कुमार घर नहीं लौटे, जिसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई। अगले दिन 9 मई की सुबह लगभग 8:30 बजे उनका शव गंदा नाला पुलिया के पास मिला। शिकायत में कहा गया है कि शव के सिरए सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटों के निशान थे। वादी का आरोप है कि घटना की सूचना देने पर भी थाना राजेपुर पुलिस ने तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया और केवल कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराकर वापस भेज दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बाद में आरोपियों ने कथित रूप से शव को शराब ठेके के पास रखकर हंगामा करायाए जिससे हत्या के मामले से ध्यान भटकाया जा सके। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि हंगामे के दौरान पुलिस पर पथराव हुआ, जिसके संबंध में थाना राजेपुर में पुलिस की ओर से अलग मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन बृजेश कुमार की हत्या के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी हत्या की ओर संकेत करती है। बालकराम ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में यह भी कहा कि थाना पुलिस के भय से उन्हें और उनकी पत्नी को घर छोड़कर पलायन करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 26 मई को पुलिस अधीक्षक को भी पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजा गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके बाद न्यायालय की शरण ली गई। न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज कराए गए मुकदमे में रमेश राजपूत, राकेश राजपूत, बृजेश पुत्र चतुरी, वासुदेव पुत्र रामऔतार, मुकेश जायसवाल तथा दो अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस अब न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मामले की विवेचना कर रही है।

# दरगाह शरीफ का 266वाँ सालाना उर्स कल से: सज्जादा नशीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ की लोको स्थित ऐतिहासिक गंगा जमुनी की मिसाल खानकाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के दरगाह सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ़ मुहम्मद मियां की मौजूदगी में प्रेस वार्ता कर बताया उर्स-ए मखदूम 28 से शुरु होकर 31 जुलाई तक चलेगा। उर्स में महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश आदि व तमाम प्रदेशों से जायरीन हिन्दू-मुस्लिम, सिख व अन्य धर्मों के लोग व मुरीदेन शिरकत करेंगें। दरगाह से हमेशा कौमी एकजैती का संदेश व गंगा जमुनी तहजीब का मरकज रहा है। सभी मेहमानों के लिए लंगर आम का इंतजाम किया है और अपने अपने अंदाज में फूल और चादर भी पेश कर अपनी अकीदत और दुआएं करेंगे।


जानकारी देते सज्जादा नशीन

जिसमें प्रोग्राम में जीनत ए सिलसिला चिश्तिया साबिरिया, शैखुल मशाइख हजरत शाह अली मंजर ऐजाज कुदुसी किबला सज्जादा नशीन हुजूर साबिर ए पाक कलियर शरीफ उत्तराखण्ड, शेखुल हिंद शाह अम्मार अहमद अहमदी उर्फ़ नय्यर मियां सज्जादा नशीन खानकाह हुजूर शेखुल आलम रुदौली रुदौली शरीफ, सय्यद आले मुस्तफा उर्फसोहेल मियां, दरगाह हुजूर वारिसे पाक देवा शरीफ, खतीब मौलाना प्रोफेसर सय्यद मुक्तिदा हुसैन जाफरी मदारी सज्जादा नशीन मकनपुर शरीफ, निजामत, मौलाना सय्यद नुरुल अराफात जाफरी मदारी, मकनपुर शरीफ, शायरे इस्लाम, मुफ्ती सय्यद शजर अली मदारी मकनपुर शरीफ, शायर यूसुफ हातिफ अलीगढ़ और इनके अलावा अहले सिलसिले की खानकाहों वा दरगाहो के सज्जादगान मुकामी उलमा वा शोहरा ए इस्लाम मौजूद होंगे। जिसमें कव्वाल जावेद हुसैन रामपुर, शाहवेज वारसी बाराबंकी, आकिल हुसैन रामपुर, कमालुद्दीन, रियाज़ भारती शमशाबाद, मुन्ना मेहरबान व दीगर कव्वाल शामिल होंगे। 28 जुलाई को कुरआन ख्वानी प्रातः बाद नमाज़ फज़र, चिरागा रोशनी दरगाह शरीफ सायं 6 बजे होगी। तहफ्फज ए अहले सुन्नत कॉन्फ्रेंस रात बाद नमाज़ ईशा जिसमे कुरआन ए पाक की तिलावत व नातिया मुशायरा और कॉन्फ्रेंस के उन्वान के तहत जिस प्रोग्राम में शोहरा व तमाम उलमा, किराम रोशनी डालेंगे। जोकि दरगाह सज्जादा नशीन की सरपरस्ती में मुनक्दि होगा। 29 जुलाई कुरआन ख्वानी प्रातः बाद नमाज फजर, प्रातः 09:30 बजे मीडिया ज्वाइंट प्रेस वार्ता, सभी खानकाहों के सज्जादगान ज्वाइंट वार्ता दरगाह परिसर में करेंगे। पहला कुल शरीफ बाद नमाज़ पंजाब स्थित दरगाह इमामे रब्बानी मुजद्दिद अलिफसानी हज़रत शेख़ अहमद फारूकी सरहिंद शरीफ़पंजाब के कुल शरीफ का आयोजन वर्षो से यहां परंपरानुसार मनाया जाता है और इसकी शुरूआत कुरआन पाक की तिलावत व हल्क, जिक्र से होगी। 31 जुलाई को गुस्ल मजारे पाक बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी व हल्क, जिक्र, चौथा बड़ा कुल शरीफ हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया प्रातः 10:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 02 बजकर 02 मिनट पर इख्तिताम होकर तकसीम ए लंगर आम होगा।

# डॉ. राजीव कुमार पाठक बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संरक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने संगठन का विस्तार करते हुए एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा समाजसेवी डॉ0 राजीव कुमार पाठक को सर्वसम्मति से संगठन का प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया गया। फतेहगढ़ स्थित एक पैलेस में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पहले डा0 राजीव पाठक ने अतिथि का सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि डॉ0 राजीव कुमार पाठक के लंबे सामाजिक अनुभव, कार्यकुशलता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मार्गदर्शन से संगठन को एक नई दिशा और


नियुक्ति पत्र दिखाते डा. राजीव पाठक

मजबूती मिलेगी। डॉ0 राजीव कुमार पाठक के प्रदेश संरक्षक बनने से संगठन में ऊर्जा का नया संचार होगा। उनके नेतृत्व में संगठन प्रदेश भर में समाज के हितों की रक्षा, एकता और जनकल्याण के कार्यों को गति प्रदान करेगा। डॉ0 राजीव कुमार पाठक को प्रदेश संरक्षक मनोनीत किए जाने पर संगठन के कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं समाजसेवियों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। डॉ0 पाठक ने इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और समाज हित में निरंतर कार्य करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा राजेश मिश्रा उर्फ टिन्कू को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अखिलेश पांडे जिला उपाध्याय, मृदुल चतुर्वेदी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नामित किए गए है। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता विजेंद्र सिंह बने उत्तर पूर्व रेलवे के पैनल अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेल मंत्रालय ने जनपद के अधिवक्ता विजेंद्र सिंह को एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें उत्तर पूर्व रेलवे का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी के मिलने से जनपद के अधिवक्ता समाज और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

रेलवे प्रशासन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अधिवक्ता विजेंद्र सिंह अब जनपद के जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में उत्तर पूर्व रेलवे से जुड़े मामलों (वादों) की पैरवी करेंगे।

उनका मुख्य कार्य रेलवे के हितों की कानूनी (विधिक) सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा उन्हें समय-समय पर


अधिवक्ता विजेंद्र सिंह

जरूरी निर्देश और दस्तावेज (अभिलेख) उपलब्ध कराए जाएंगे। गौरतलब है कि अधिवक्ता विजेंद्र सिंह के पास इस क्षेत्र में अच्छा अनुभव है। वे पहले से ही उत्तर मध्य रेलवे के पैनल अधिवक्ता के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

अब उन्हें उत्तर पूर्व रेलवे के पैनल में भी शामिल कर लिया गया है, जो उनकी कार्यकुशलता और अनुभव पर रेलवे प्रशासन के गहरे भरोसे को दर्शाता है। अपनी इस नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए विजेंद्र सिंह ने कहा उत्तर मध्य रेलवे के बाद अब उत्तर पूर्व रेलवे के पैनल में भी शामिल किए जाने से मेरे ऊपर रेलवे प्रशासन का विश्वास और बढ़ा है। मैं रेलवे हितों की रक्षा के लिए ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा।

विजेंद्र सिंह की इस शानदार उपलब्धि पर अधिवक्ताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने उन्हें ढेरों बधाइयां दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वहीं, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि को पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय बताया है।

# प्रा.वि. मदारपुर में पीएम के मन की बात का सुना गया सजीव प्रसारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में पीएम के मन की बात का 136वां एपिसोड का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 12 जुलाई को एक ही दिन में एक वृक्ष मां के नाम पर ऐतिहासिक वृक्षारोपण करते हुए 35 करोड़ 27 लाख पौधे लगाए गए। उन्होंने जल संरक्षण, संचारी रोग नियंत्रण, लोकल फार वोकल पर अधिक जोर दिया। कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन करते हुए आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के साथ हर घर तिरंगा फहराने का आवाह्न किया। इस अवसर पर इसरार, जय सिंह, समीर, आदित्य, सत्यवती, चंद्र पाल आदि ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगंतुकों को मेवायुक हलवा वितरित किया।



मन की बात सुनते प्रधानाध्यापक व अन्य

# पाल सेना के देशराज पाल बने जिलाध्यक्ष

▸ गगन पाल को मिली युवा कमान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के बघार नाला स्थित एक रेस्टोरेंट में पाल सेना की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अहिल्याबाई होल्कर पाल सेना जनपद के लिए नए पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से घोषणा की गई और समाज को एकजुट करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पाल सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज पाल की संस्तुति पर जिले में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। संगठन में देशराज पाल (दीशू) को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया, साथ ही उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया


बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी

गया। वहीं गगन पाल को युवा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष के अनुमोदन पर नियुक्त किया गया। साथ ही ब्रजेन्द्र सिंह पाल (कैप्टन) को जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ बनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज पाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाज को एक साथ जोड़ने और संगठन को मजबूत करने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और एकजुटता के संकल्प को दोहराया। बैठक में आशाराम पाल, सुरेश चंद्र पाल, सुरजीत पाल, आशीष पाल, संदीप पाल, सतेंद्र पाल, हरबीर सिंह, राजेश, रोहित, आलोक, शिवम पाल, देवेंद्र पाल, राहुल पाल आदि मौजूद रहे।

# संविधान हमारी आत्मा है और इसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य

▸ सपा कार्यालय पर आरक्षण दिवस पर संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आरक्षण दिवस पर संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि आज के ही दिन 1902 में कोल्हापुर रियासत की शासकीय व्यवस्था में वंचित वर्गो को हिस्सेदारी देने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था, इसीलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज ही के दिन 2024 को संविधान मान स्तंभ की स्थापना की थी, ताकि हम सभी को यह


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

याद रहे कि संविधान ही हमारी आत्मा है और इसकी सुरक्षा हम समाजवादियों की नैतिक जिम्मेदारी है। आज इस तानाशाही के दौर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिस तरह से सामाजिक न्याय और संविधान और उसमें प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी लोग उनके नेतृत्व में इस लड़ाई को अपनी अंतिम सांस तक मजबूती पहुंचाते रहेंगे। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष सरल दुबे, पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव, मंदीप यादव, रमेश चंद्र कठेरिया, सिराजुल अफाक मुन्ना, राधेश्याम सविता, जेपी वर्मा, हाजी अहमद अंसारी, राजीव शाक्य, शिव शंकर शर्मा, नरेंद्र सिंह यादव, पवन कठेरिया, साजिद अली खान, प्रतिभा यादव, अनुराग यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला कार्यालय सभागार में उपस्थित सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उसे सुरक्षित और संरक्षित रखने के संकल्प को दोहराया, कार्यक्रम समापन से पहले कारगिल युद्ध में शहीद योद्धाओं एवं नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर आत्महत्या करने बाले छात्रों की आत्मा शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा कारगिल विजय दिवस एवं छात्र आंदोलन में हुई छात्रों की विजय के उपलक्ष्य में एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# कॉक्रोच जनता पार्टी के विरोध में उतरे हिन्दूवादी नेता

**धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट**


हाउस अरेस्ट हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दू रक्षा दल राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी के आदेशानुसार जनपदीय टीम धर्म विरोधियों कॉक्रोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जा रही थी। बीती रात्रि 10:30 बजे जिला प्रशासन एवं थाना मऊदरवाजा पुलिस के द्वारा कानपुर मंडल अध्यक्ष शनि गुप्ता, जिला मंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विनीत बाजपेई, नगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता सहित अन्य साथियों को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

प्रान्त अध्यक्ष ने कहा की धर्म विरोधियों के खिलाफ बोलने वालों का इलाज जारी रहेगा।

जिला मंत्री हिमांशु गुप्ता ने कहा जो छात्र सच्चाई के लिए लड़ रहे है उनकी जीत हुई और जो जिहादी मानसिता के लोग है उन पर कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए।

हिन्दू रक्षा दल इन सभी का इलाज अवश्य करेगी।

## जिला क्रीड़ा समिति का चुनाव व खेल प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम आज होगा तय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शैक्षिक सत्र 2026-2027 की खेलकूद प्रतियोगिता को सम्पादित कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अतुल दास एवं कोषाध्यक्ष विनीत चौहान के साथ विचार विमर्श के पश्चात जिला क्रीड़ा समिति के चुनाव एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं कार्यक्रम तय करने हेतु 27 जुलाई को बैठक किये जाने की घोषणा की है। माध्यमिक विद्यालयों की जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अतुल दास ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु जिला क्रीड़ा समिति की बैठक डीआईओएस के आदेश से 27 जुलाई को 11 बजे आयोजित होगी। बैठक में जनपदीय जिला क्रीड़ा समिति के सभी अधिकारियों, सदस्यों तथा सभी प्रधानाचार्यों एवं व्यायाम शिक्षकों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

# सीपी विद्या निकेतन में पद अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

▸ अनुशासन और जिम्मेदारी से बनता है चरित्र, नीट सफलता प्राप्त करने वाले छात्र अर्जुन सिंह सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कायमगंज उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की निर्देशिका पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने की समारोह को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नैतिकता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और अपने पद के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता की पहली सीढ़ी है। डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल कहा कि कड़ी मेहनत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही छात्र भविष्य में अच्छे


कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

नागरिक और बेहतर इंसान बन सकते हैं। विद्यालय के मेधावी छात्र अर्जुन सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अर्जुन ने इस वर्ष नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। निदेशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने उन्हें 5100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी ने चयनित छात्र-छात्राओं को बैज और पद पट्टिकाएं प्रदान कीं। नव नियुक्त छात्र पदाधिकारियों ने विद्यालय के अनुशासन, गरिमा और विकास में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने सराहा। इस मौके पर अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी, सदन प्रभारी श्यामा सिंह, सचिन कुमार, मानवेन्द्र सिंह, जॉन बाबू, नेहा रस्तोगी, ज्योति दीक्षित, व्यायाम शिक्षक निकेत भारद्वाज, रवि शाक्य सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# जनसत्ता दल की बैठक में आगामी चुनावों लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह शिवाजी तथा प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ बलवीर सिंह चौधन के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। आयोजित समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली और आगामी चुनावों को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बलवीर सिंह शिवाजी ने कहा कि जनसत्ता दल वह ही है जो किसान, युवा, महिला तथा देश के प्रत्येक वर्ग को उसकी उचित हिस्सेदारी देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यही निष्पक्ष प्रतिनिधित्व ही सशक्त लोकतंत्र की गारंटी है और जनसत्ता दल प्रत्येक चुनाव में जनता को समर्पित भाव से कार्य करता रहेगा। जिलाध्यक्ष सुशील


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

चौहान ने कहा कि अब परिवर्तन का समय आ गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के हित के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया और आश्वासन दिया कि समर्पित प्रयासों से निश्चित रूप से विजय हासिल होगी।

बैठक में सिद्धांत सिंह, अवनीश सिंह तोमर, विनय प्रताप सिंह राठौर, मुकेश चौहान, जोगराम राजपूत, राहुल चौहान, राणा प्रताप सिंह, रोहित सिंह सोमवंशी, विमलेश मिश्रा, सुभम राजावत, रोहन सोलंकी, कुलदीप चौहान, अरविंद चौहान, विवेक सिंह गहरवार, अमित सोमवंशी, शुभम, विकास, अनुज, जितेंद्र, शिवा, सुनील अंश, विशाल भारद्वाज कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## माध्यमिक विद्यालयों में बनेंगे आवागमन-रजिस्टर, कक्षाओं में होगा टाइम टेबल चस्पा

**शैक्षिक सत्र की गतिविधियों को शासन की मंशानुसार संचालन की डीआईओएस ने कसी कमर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नये शैक्षिक सत्र में सभी माध्यमिक विद्यालयों में आवगमन रजिस्टर तथा कक्षाओं में टाइम टेविल लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा विद्यालय अवधि में सभी शिक्षकों-विद्यार्थियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होने की भी व्यवस्था लागू की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने उपरोक्त संदर्भ में जनपद के सभी राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सख्त निर्देश जारी किये है। निर्देशों में कहा गया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना के अनुसार पठन-पाठन कराये जाने एवं अन्य विभागीय योजनाओं के संचालन तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं की गतिविधियों को प्रधानाचार्य निष्ठा एवं सजगता के साथ लागू करें। इसके अन्तर्गत मुख्य रुप से सभी विद्यालय गेट पर आवागमन रजिस्टर रखा जायेगा तथा प्रत्येक कक्षा में उसका टाइम-टेबिल चिपकाना अनिवार्य होगा।

# साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान के तहत गंगा तट पर किया गया श्रमदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पतित पावनी मां गंगा के तट पर साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निहारिका पटेल के निर्देशन में गंगा योद्धाओं ने गंगा स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सभी युवाओं ने मिलकर गंगा तट पर फैली गंदगी, खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन, कपड़े इत्यादि एकत्रित कर उनका निस्तारण किया। निहारिका पटेल ने बताया कि आगामी सावन माह को देखते हुए गंगा तट पर जिला गंगा समिति के द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाएगी। गंगा तट पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके


स्वच्छता अभियान चलाते गंगा सेवक

अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से भी युवाओं के माध्यम से समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सामान्यतः देखा गया है कि तीज त्योहार पर गंगा तट पर लोगों के द्वारा अत्यधिक गंदगी छोड़ दी जाती है, जिससे न सिर्फ गंगा का जल दूषित होता है, बल्कि वहां अव्यवस्थाएं भी फैल जाती हैं।

# टीईटी अनिवार्यता से छूट के लिए शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

▸ लोकसभा में अध्यादेश लाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की शाखा ने सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंपकर पुरानी नियुक्तियों वाले शिक्षकों को राहत दिलाने की गुहार लगाई है। शिक्षकों ने मांग की है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखा जाए। संघ ने ज्ञापन में अवगत कराया है कि 29 मई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित एक निर्णय (सिविल अपील संख्या-1385/2025 अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं


सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

अन्य) के तहत, देश में आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त परिषदीय शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने या पदोन्नति के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। आदेश के अनुसार, 31 अगस्त 2028 तक यह परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। शिक्षकों का मुख्य तर्क है कि उनकी भर्तियां आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व के तत्कालीन निर्धारित मानकों के अनुरूप हुई थीं। एनसीटीई (एनसीटीई) द्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना के बिंदु 4 में भी यह स्पष्ट प्रावधान था कि इस तिथि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को यह योग्यता टीईटी धारित करने की आवश्यकता नहीं है। संघ का कहना है कि वर्तमान आदेश से लगभग 20 से 25 वर्ष की लंबी सेवा पूरी कर चुके अनुभवी शिक्षकों की सेवा, सम्मान और भविष्य पर अचानक संकट आ गया है। इस स्थिति के कारण लाखों शिक्षक और उनके परिवार नौकरी से निष्कासित किए जाने के डर से भारी तनाव और अवसाद का सामना कर रहे हैं। शिक्षक संघ ने सांसद मुकेश राजपूत से अपनी विधायी शक्तियों का प्रयोग करने का निवेदन किया है। उनकी प्रमुख मांग है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए लोकसभा में अध्यादेश लाकर या नया कानून बनाकर लाखों निरपराध शिक्षकों की सेवा तथा सामाजिक जीवन को सुरक्षित किया जाए। ज्ञापन पत्र पर संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, महामंत्री नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार शाक्य के साथ-साथ अनुराग कटियार, फिरोज अली, सुधीर शाक्य, और त्रिपुरारी त्रिवेदी सहित कई अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## खबरें एक नजर में

### पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सिंगाही पुलिस के हत्थे चढ़ा खैरीगढ़ तिराहे से किया गिरफ्तार




निघासन–खीरी। जनपद में अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंगाही पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को खैरीगढ़ तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिंगाही के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जयपाल यादव (27 वर्ष) पुत्र हवा सिंह, निवासी ग्राम कौथल कलां, थाना महेंद्रगढ़ सदर, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) के रूप में हुई है। अभियुक्त थाना सिंगाही में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की संबंधित धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को रिमांड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल पोपिल बंसला एवं कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस टीम के कार्य की सराहना करते हुए अभियान को आगे भी प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए।

### छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



बिजुआ खीरी। भीरा कोतवाली क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही दो नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले दो छात्राएं स्कूल से घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में कुछ युवकों ने उनकी गाड़ी रोककर जबरन बैठाने का प्रयास किया और अश्लील हरकतें कीं। छात्राओं के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिस पर आरोपियों ने मारपीट कर दी और अपने एक अन्य साथी को भी बुला लिया। विरोध करने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित परिवार ने घटना की शिकायत भीरा कोतवाली में दर्ज कराई थी। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग से शिकायत किए जाने पर मामले में कार्रवाई तेज हुई। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरीश कुमार पुत्र प्रेमपाल भार्गव निवासी ग्राम रामालक्षना, थाना भीरा तथा दीपू पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम राजगढ़, थाना भीरा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

### हलिया थाने में पीस कमेटी की बैठक, त्योहारों को लेकर की गई चर्चा

**सीओ व थानाध्यक्ष ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की**



**हलिया (मिर्जापुर)।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को हलिया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ लालगंज अमर बहादुर ने की।बैठक में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी त्योहार पर अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं। विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। सीओ अमर बहादुर ने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों व संभ्रांत लोगों से सहयोग की अपील की।बैठक में धर्मेंद्र दुबे, राकेश सिंह, रसीद खान, ग्राम प्रधान रमेश मौर्य, राजेश यादव, विजय बहादुर, सुनील पाल, विजय विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।कमेटी के सदस्यों ने भी क्षेत्र में भाईचारा बनाए रखने और पुलिस को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 227 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के तहत रविवार को विकासखंड हलिया के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 227 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्साधिकारी डा. विवेक खरे ने 53 मरीजों का उपचार किया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में डा. कामेश्वर तिवारी ने 41 मरीजों की जांच कर दवाएं उपलब्ध कराईं। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में 41, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में 45 तथा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में 47 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं दी गईं। आरोग्य मेले के दौरान मरीजों की बुखार, रक्तचाप (बीपी), शूगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श भी दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. विमल कुमार ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चिकित्सकीय सेवाओं के सुचारु संचालन के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भी छोड़नी होगी कुर्सी: वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा यह उस घमंड का अंत है जब केंद्र सरकार के एक मंत्री ने कहा था कि एनडीए में इस्तीफा नहीं हुआ करता। इसीके साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह देश भर के लाखों युवाओं और छात्रों की जीत है जिनके आंदोलन को संपूर्ण इंडिया गठबंधन का समर्थन था। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि नीट परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था में तमाम गड़बड़ियों को लेकर छात्र और युवा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। सरकार यदि इस मांग को पहले ही मान ली होती तो शायद इतना बड़ा आंदोलन नहीं होता, छात्रों पर लाठीचार्ज की नौबत न आती। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने साफ कहा था कि सरकार अपने मंत्री से इस्तीफा ले लेती,बाद में फिर मंत्री बना देती,कौन रोकता लेकिन दंभी केंद्र सरकार के समझ में यह बात नहीं आ रही थी। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा अब जब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इस्तीफे पर बन आई तो अपनी अपनी कुर्सी बचाने के लिए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा लेकिन छात्रों और युवाओं का गुस्सा इतने पर ही ठंडा नहीं होने वाला नही है ,आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भी कुर्सी छोड़नी होगी।

### 3.50 लाख की चोरी के बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर, पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर लगाई गुहार

**नकहा (लखीमपुर खीरी)।** नकहा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गढ़ैसा निवासी एक युवक ने चोरी की घटना के बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में निष्पक्ष कार्रवाई और मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के अनुसार, ग्राम राजापुर मजरा गढ़ैसा निवासी रवि कुमार पुत्र रामसरन ने बताया कि 26 जुलाई 2026 की रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर उसके घर में घुस गए। आरोप है कि चोर घर में रखे ?3.50 लाख नकद, बर्तन और कपड़े चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक यह रकम वह अजैनी स्थित शराब की दुकान पर मैनेजर एवं बिक्री कर्मी के रूप में कार्य करने के दौरान एकत्र कर घर पर रखे हुए था। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना देने के बावजूद थाना शारदानगर पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (जनसुनवाई), उत्तर प्रदेश पर शिकायत दर्ज कर न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत गृह एवं गोपन विभाग के अंतर्गत दर्ज की गई है।

**ओयल बस स्टॉप के पास दर्दनाक हादसा**

# लाल बत्ती लगी स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, महिला की मौत

**▶ इस हादसे में छह लोग घायल भी हुए**

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ओयल कस्बे में दोपहर बस स्टॉप के पास तेज रफ्तार लाल बत्ती लगी स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी 32 आरएच 8409 ने ई-रिक्शा वाहन संख्या यूपी 31 बीटी 6763 को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में मेंढक मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आधे घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद ई-रिक्शा कई मीटर दूर जाकर पलट गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे।ई रिक्शे में सवार रफीक पुत्र जियाउल्ला, निवासी ग्राम बनवारीपुर, थाना कोतवाली सदर - ई-रिक्शा चालक,नीलम देवी पत्नी जगदीश प्रसाद, अनामिका वर्मा पुत्री सुधीर कुमार सिंह,अंतिमा पत्नी सुधीर कुमार,आरती देवी पत्नी अवनीश वर्मा घायल हुए जबकि संगीता पत्नी बिलेराम निवासी ग्राम बनवारीपुर महेवागंज, लखीमपुर खीरी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि संगीता परिवार के साथ मेंढक मंदिर में दर्शन करने आई थी और दर्शन के बाद ई-रिक्शा से घर वापस जा रही थी। तभी बस स्टॉप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सीधी टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही सीओ, एसएचओ ,चौकी इंचार्ज डिम्पल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। सभी घायलों को जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा।जहां डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगाने की कोशिश की और तेज रफ्तार वाहन स्कॉर्पियो चालक पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तेज रफ्तार कार रोडवेज बस में पीछे से घुसी, डॉक्टर गंभीर घायल



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर केवलपुरवा गांव के निकट रविवार सुबह करीब 10 बजे श्री जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास एक सड़क हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लखीमपुर की ओर से धौरहरा जा रही अनुबंधित रोडवेज बस संख्या क्र31 क्क्ष 0989 में पीछे से तेज रफ्तार कार संख्या क्र31 ष्ट॥ 1548 जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मुताबिक कार चला रहे डॉ. मोहित वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार का एयरबैग समय पर खुल जाने से उनकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची नकहा चौकी पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया गया कि डॉ. मोहित वर्मा लखीमपुर से थाना खमरिया एसएल डेंटल क्लिनिक, बसड़िया जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अधजली हालत में नाले में मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में रविवार को एक अधेड़ का अधजली हालत में शव नाले में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत हौकना मटेरा के मजरा रानीपुरवा निवासी लक्खू निषाद (45) पुत्र रामप्रसाद का शव रविवार दोपहर बुढ़िया नाले में अधजली अवस्था में पड़ा मिला। शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक रुद्र प्रकाश पांडेय व प्रभारी निरीक्षक दिनेश शर्मा ने ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के पांच बच्चे हैं और उसकी पत्नी की करीब 15 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। वह सरल स्वभाव का व्यक्ति था तथा गांव में किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। धौरहरा पुलिस ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

## लव मैरिज के तीन महीने बाद युवक ने उत्तराखंड में फांसी लगाकर दी जान

**▶ पत्नी के मायके से वापस न आने और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप के बीच उठाया आत्मघाती कदम**

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सिंगाही थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव निवासी एक युवक ने पत्नी के मायके से वापस न आने से आहत होकर उत्तराखंड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान धर्मेंद्र (20) पुत्र श्रीराम निवासी रमुआपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार धर्मेंद्र ने करीब तीन माह पूर्व 21 अप्रैल को मोतीपुर गांव निवासी माधुरी से प्रेम विवाह किया था। बताया गया कि दोनों के बीच करीब दो वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन युवती के परिजन इस विवाह के पक्ष में नहीं थे। इसके बावजूद दोनों ने मंदिर में विवाह करने के बाद कोर्ट मैरिज कर साथ रहना शुरू कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि 17 जुलाई को युवती के पिता अपनी बेटी को एक दिन के लिए मायके ले गए थे। अगले दिन जब धर्मेंद्र पत्नी को विदा कराने मोतीपुर पहुंचा तो युवती के पिता और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट की तथा पत्नी को वापस भेजने से इनकार कर दिया। काफी समझाने के बावजूद जब पत्नी उसके साथ नहीं लौटी तो वह मायूस होकर घर लौट आया। बताया गया कि अगले ही दिन धर्मेंद्र उत्तराखंड मजदूरी करने चला गया। 22 जुलाई को उसके साथी काम पर चले गए, जबकि वह कमरे में ही रुका रहा। शाम को साथी लौटे तो धर्मेंद्र का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के पिता श्रीराम ने आरोप लगाया कि बहू के मायके वालों ने उनके बेटे के साथ मारपीट की और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। वहीं बड़े भाई मुनेश का कहना है कि धर्मेंद्र लगातार पत्नी से घर लौटने की गुहार लगा रहा था, लेकिन उसके साथ हुई बातचीत के बाद वह पूरी तरह टूट गया और अंततः आत्महत्या कर ली। फिलहाल घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कार्यवाहक थाना प्रभारी सिंगाही आशुतोष ने बताया घटना उत्तराखंड में हुई है जहां युवक ने आत्महत्या की है इसलिए विधिक कार्रवाई वहीं से होगी उसके बाद जो सहयोग होगा हम लोग कार्य करेंगे।

## विकास भवन मिर्जापुर में शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस कार्ड का वितरण

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास भवन मिर्जापुर के सभागार में आज मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के शिक्षकों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति-** कार्यक्रम में नगर विधायक माननीय श्री रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक श्री रमाशंकर पटेल, मझवा विधायक श्रीमती सुचिस्मिता मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजू कनौजिया तथा माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राम नारायण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**कैशलेस कार्ड वितरण-** मंच पर मौजूद माननीय अतिथियों द्वारा जी.डी.बिनानी पीजी कॉलेज मिर्जापुर, के.बी. पीजी कॉलेज एवं कमला आर्य कन्या पीजी कॉलेज के सम्मानित शिक्षकों को कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। कार्ड वितरण के पश्चात सभागार में आगरा में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी अतिथियों व शिक्षकों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को पूरी तन्मयता के साथ सुना। कार्यक्रम का सफल संयोजन नोडल अधिकारी प्रो. सूबेदार यादव एवं उप नोडल अधिकारी प्रो. अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर के.बी. पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार द्विवेदी, कमला आर्य कन्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रितु उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत, महिला बाल-बाल बची

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली सुकतरवा गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। वहीं भैंस को चराने गई महिला बाल-बाल बच गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुड़पेली निवासी रंजना देवी पत्नी विनय मौर्या शनिवार को घर से कुछ दूर भैंस को चराने गई थी। इसी दौरान अचानक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी। बिजली सीधे भैंस पर गिर गई जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।बिजली गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि रंजना देवी को कोई चोट नहीं आई और वह सुरक्षित हैं। घटना की सूचना परिजनों में कोहराम मच गया।ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर सामान व नगदी चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** गड़वड़ा गांव में स्थित एक मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोर नगदी व कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पीड़ित ने हलिया थाने में दी है। गड़वड़ा निवासी महबूब आलम पुत्र मो. असरफ आलम ने बताया कि वह गड़वड़ा में विजेंद्र पाण्डेय पॉइंट के कमरें में आलम मोबाइल की दुकान चलाते हैं। 25 जुलाई की रात 9 बजे दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। 26 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे जब दुकान खोली तो अंदर सामान बिखरा मिला। चोर दुकान से स्पीकर, चार्जर, मोबाइल अटैचमेंट, कवर और 3 लेटाप सहित नगदी चोरी कर ले गए। महबूब आलम ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर घायल, 15 फिट गड्ढे में गिरे

**हलिया (मिर्जापुर)।** भड़ेवरा मेजा प्रयागराज निवासी राजेंद्र वनवासी 32 पुत्र शिवधारी अपने ससुराल छरिगड़ा कोरांव आया था। वह अपने चचेरे साले मुन्नीलाल 60 पुत्र प्रभु वनवासी निवासी छरिगड़ा के साथ मुन्नीलाल की बेटी के ससुराल विजयपुर सर्रोई गया था। वहां से दोनों बाइक से घर छरिगड़ा वापस लौट रहे थे।जैसे ही वे महुअट बरौधा पहुंचे, पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। हादसे के बाद मौके पर अफ्रा-तफ्री मच गई। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर 108 के ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया।

## विधायक प्रदीप शुक्ला की पहल पर अमर शहीद विजय नाथ शुक्ला स्मारक हुआ रोशन, ग्रामीणों ने जताया आभार

**खबर का असर**

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहजनवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप शुक्ला की पहल से सुगौना निवासी अमर शहीद विजय नाथ शुक्ला के स्मारक पर स्ट्रीट लाइट स्थापित कर दी गई है। इससे अब स्मारक रात्रि के समय भी प्रकाशमान रहने लगा है, जिससे न केवल शहीद स्मारक की गरिमा में वृद्धि हुई है, बल्कि आसपास से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों को भी सुविधा मिलने लगी है। गौरतलब है कि 23 मई को समृद्धि न्यूज़ में शहीद स्मारक पर प्रकाश व्यवस्था नहीं होने संबंधी समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। इसके साथ ही समाजसेवी राज त्रिपाठी ने भी लगातार इस जनहित के मुद्दे को उठाते हुए संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक प्रदीप शुक्ला ने तत्काल पहल की, जिसके परिणामस्वरूप स्मारक पर स्ट्रीट लाइट लगवा दी गई।

स्ट्रीट लाइट लगने के बाद पूरा स्मारक परिसर जगमगा उठा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब शाम और रात के समय भी स्मारक की पहचान स्पष्ट रूप से दिखाई देती है तथा यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों ने विधायक प्रदीप शुक्ला के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं शहीद स्मारकों के संरक्षण और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए इसी तरह संवेदनशील पहल जारी रहेगी।

## मौसम में एकाएक बदलाव आने से किसानों के होश उड़े

**महराजगंज।** सावन मास का आगमन और अषाढ़ महिना बीतने जा रहे को लेकर एकाएक मौसम में बदलाव आने से किसानों के होश उड़ गए हैं।दिन में तेज़ धूप रात में आसमान साफ होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बरसात दूर निकल गया है जिससे धरती और किसान दोनों हांफ रहे हैं। जबकि अभी वरसात की जरूरत नहीं है फिर भी लगातार दो दिन से प्रचंड धूप होने से राहगीर, रिक्शा चालक,दैनिक मजदूर, स्कूल जाने वाले बच्चे पूरी तरह से प्रभावित है। लोगों का कहना है कि दिन में तेज़ धूप होने और रात में शीत गिरने से उल्टी-दस्त, बुखार, खजुलीसहित अन्य बिमारियां तेजी से पांव पसार रही है। जिससे अस्पतालों की ओपीडी बढ गई है उमस भरी गर्मी से सड़कें विरान हो गई है, घरों से बाहर निकलना, मुश्किल हो गया है इसी दौर में बिजली कटौती चरम पर है बिजली से संचालित होने वाले संयंत्र ठप पड़ गये है जिससे गांव देहात अंधेरे में डूब गया है फिर भी विद्युत कटौती में कमी नहीं हो रही बिजली विभाग जब चाह रहा है विद्युत विच्छेदन कर दे रहा हैं गर्मी से आहत हो रहें लोगों की समस्याओं को कोई जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है जिससे चारों ओर त्राहि-त्राहि मची हुई है। वहीं मौसम के तेवर को देखकर किसान अपनी फसल को निहार निहार चिंतित हैं।घाघ की कहावत है कि (धान पान, पानी के केरा है) लेकिन तेज़ धूप देखकर जनपद का अन्नदाता आसमान निहार रहा है।

# थानों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं होगा: डीआईजी एस. चन्नप्पा

**▶ घुघली व भिटौली थानों का किया औचक निरीक्षण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, अपराधियों पर सख्ती और जनता की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के दिए निर्देश**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एस. चन्नप्पा ने शनिवार को महराजगंज जनपद के घुघली और भिटौली थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून-व्यवस्था के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को हर हाल में धरातल पर उतारना होगा और जनता को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी है।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी की मौजूदगी में डीआईजी ने थाना संचालन से लेकर अपराध नियंत्रण, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई व्यवस्था तक सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, भोजनालय, सीसीटीएनएस कक्ष तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं और थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीआईजी ने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने, वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी, न्यायालय से जारी वारंटों की प्रभावी तामील तथा हिस्ट्रीशीटरों और सक्रिय अपराधियों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं कमजोर वर्ग से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीआईजी एस. चन्नप्पा ने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर प्रभावी और स्थायी होना चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को नियमित पैदल गश्त और रात्रि भ्रमण बढ़ाने, बैंक, बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच अभियान चलाने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और बीट पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने भी अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति मित्रवत, संवेदनशील और सम्मानजनक होना चाहिए, जिससे जनता का पुलिस पर भरोसा और अधिक सुदृढ़ हो। निरीक्षण एवं थाना समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, संबंधित थाना प्रभारी, राजस्व विभाग के अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।